दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, गुरुवार, 22 जनवरी 2026 कृष्ण पक्ष-चतुर्थी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 330 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

वो जमाना गुजर गया जब सोना और चांदी सस्ते हुआ करते थे। उस दौर में यह गाना लोकप्रिय हुआ था कि सोना ले जा रे चांदी ले जा रे ये दिल कैसे दे दूं जोगी...। अब सोना और चांदी के दाम नित नई उड़ान भर रहे हैं। सोना डेढ़ लाख रूपये प्रति तोला बिक रहा है। वहीं चांदी ने भी ऊंची छलांग लगाई है। चांदी के दाम तीन लाख बीस हजार प्रति किलो हो गया है। बहुत जल्द सोना दो लाख और चांदी चार लाख के पार जा सकता है। लगता है महंगाई डायन सबको खाकर ही दम लेगी।

बंद होगा डीएलएड पाठ्यक्रम: बीते दो सत्रों से नए बीएड कॉलेजों को भी मान्यता नहीं

नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजुकेशन अगले सत्र के लिए शुरू करेगा आवेदन, छत्तीसगढ़ में बीएड की 14600 और डीएलएड की 6700 सीटें

रायपुर/नवप्रदेश। कुछ वर्षों के अंतराल में डीएलएड पाठ्यक्रम लगभग बंद हो जाएंगे। दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत डिप्लोमा पाठ्यक्रम का प्रावधान नहीं है। यही कारण है कि अब इसे 2030 तक क्रमबद्ध रुप से बंद किए जाने की तैयारी है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में छात्रों को बीच में पढ़ाई छोड़ने की छूट दी गई है। छात्र जितने वर्ष की पढ़ाई पूरी करेंगे, उसके आधार पर उन्हें सर्टिफिकेट, डिप्लोमा अथवा डिग्री प्रदान की जाएगी। जो छात्र बीएड की पढ़ाई एक वर्ष करेंगे, उन्हें डीएलएड की उपाधि मिल जाएगी। इस कारण पृथक रूप से डीएलएड पाठ्यक्रम संचालित नहीं होगा। गौरतलब है कि प्रदेश में बीएड की 14600 और डीएलएड की 6700 सीटें हैं। नई व्यवस्था से बीएड सीटें ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बीते सत्र में 23 आवेदन

बीएड पाठ्यक्रम के स्थान पर बीएबीएड, बीएससी बीएड और बीकॉम बीएड का प्रावधान किया जा रहा है। यही कारण है कि प्लेन बीएड को भी अब मान्यता प्रदान नहीं की जा रही है। बीएड पाठ्यक्रमों के लिए मान्यता नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजुकेशन द्वारा दी जाती है। बीते दो सत्रों में प्रदेश के किसी भी महाविद्यालय को बीएड पाठ्यक्रम संचालन की अनुमति नहीं मिली है। पिछले शैक्षणिक सत्र में प्रदेश के 23 महाविद्यालयों ने बीएड पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए आवेदन किया था।

क्रमशः होंगे बंद

निजी बीएड कॉलेज संघ के संयोजक राजीव गुप्ता ने बताया कि, डीएलएड पाठ्यक्रम एक साथ बंद नहीं किया जाएगा। इसे क्रमशः बंद किया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इसकी व्यवस्था नहीं होने के कारण ऐसा किया जा रहा है।

तीन आईएएस की जिम्मेदारी में बदलाव, आकाश बस्तर कलेक्टर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए 3 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। 2017 बैच के आईएएस अधिकारी आकाश छिकारा को बस्तर जिले का नया कलेक्टर बनाया गया है। 2009 बैच की आईएएस अधिकारी किरण कौशल को समग्र शिक्षा के आयुक्त के पद पर पदस्थ किया गया है। इसके साथ ही उन्हें प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। 2009 बैच के आईएएस अधिकारी अवनीश कुमार शरण को रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का अतिरिक्त दायित्व दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है।

बंगलादेश से राजनयिकों के परिवारों को वापस बुला रहा भारत

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत को बंगलादेश में अपने राजनयिकों तथा उनके परिवारों पर संभावित आतंकवादी खतरे की विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली है, जिसके मद्देनजर वहां से राजनयिकों के परिजनों को वापस लाने का निर्णय लिया है, हालांकि इस बारे में औपचारिक घोषणा अभी नहीं की गयी है। उच्च पदस्थ सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह कदम एक एहतियाती उपाय है और यह इस बात का संकेत भी है कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बंगलादेश की सरकार के कारण द्विपक्षीय संबंध खराब हो रहे हैं।

निचले स्तर पर पहुंचा रुपया, डॉलर के मुकाबले 91.56 तक लुढ़का

मुंबई। भारतीय रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.56 के स्तर तक टूट गया, जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। इससे पहले रुपया 91.50 तक फिसल चुका था, लेकिन अब इस स्तर को भी पार कर गया है। विदेशी मुद्रा बाजार में यह गिरावट वैश्विक अनिश्चितता और निवेशकों के जोखिम से दूरी बनाने के रुख के बीच देखी गई। मुद्रा बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी महीने में ही रुपया अब तक करीब 1.5 प्रतिशत कमजोर हो चुका है। वहीं, पूरे वर्ष 2025 में रुपये में लगभग 5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

सुनीता विलियम्स 27 साल बाद रिटायर

नई दिल्ली। भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स ने मंगलवार को कहा, इस समय दुनिया में अंतरिक्ष को लेकर एक तरह की होड़ (स्पेस रेस) चल रही है। कई देश चांद और अंतरिक्ष में आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। लक्ष्य सिर्फपहले पहुंचना नहीं है, बल्कि यह है कि इंसान सुरक्षित, टिकाऊ और लंबे समय तक रहने लायक तरीके से चांद पर जाए। सुनीता ने यह बात दिल्ली के अमेरिकन सेंटर में 'आंखें सितारों पर, पैर जमीं पर' सेमिनार में कहीं।

छत्तीसगढ़ आबकारी नीति को मिली मंजूरी, नवा रायपुर का होगा विकास

साय कैबिनेट की बैठक में चार बड़े फैसले, एसवीकेएम को देंगे 40 एकड़ जमीन, एसटीपीआई के साथ एमओयू का निर्णय

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक हुई। नए साल में हुई पहली साय कैबिनेट की बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। छत्तीसगढ़ आबकारी नीति 2026-27 को मंजूरी के साथ कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर कैबिनेट ने मुहर लगाई है।

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी नीति वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्ताव का अनुमोदन तथा इससे संबंधित समस्त अनुषांगिक कार्यवाहियों के लिए विभाग को अधिकृत किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा नवा रायपुर अटल नगर में उच्च कोटि का शैक्षणिक संस्थान स्थापित किये जाने के लिए विले पारले कलावनी मंडल (एसवीकेएम) को उनके नरसी मोंजी प्रबंधन अध्ययन संस्थान की स्थापना के लिए सेक्टर-18 में चिन्हांकित लगभग 40 एकड़ भू-खण्ड का आबंटन लीज के रूप में एकमुश्त 90 वर्षों के लिए करने की स्वीकृति प्रदान की है। एसवीकेएम एक ख्याति प्राप्त संस्था है, जो वर्ष 1934 से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत तथा वर्तमान में 30 शैक्षणिक संस्थान संचालित है, जोकि एक लाख से अधिक छात्रों को प्रति वर्ष प्री-प्राइमरी से लेकर डॉक्टोरल कार्यक्रमों में शिक्षा प्रदान करता है। वर्ष 2025 में एनआईआरएफ यूनिवर्सिटी रैंकिंग में इस संस्था को 52वां रैंक प्राप्त हुआ है। नवा रायपुर में इस राष्ट्रीय स्तर के संस्थान की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ में एनसीआर की तर्ज पर एससीआर की तैयारी

छत्तीसगढ़ में विकास को नई ऊंचाई देने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की तर्ज पर स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) विकसित करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। राज्य सरकार ने रायपुर, नवा रायपुर और दुर्ग-भिलाई को मिलाकर बनने वाले इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के संचालक मंडल का गठन कर दिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस बोर्ड के अध्यक्ष होंगे।

प्राधिकरण का ढांचा और नियुक्तियां

प्राधिकरण के सुचारू संचालन के लिए सरकार ने 210 पदों की मंजूरी दे दी है। नवा रायपुर में एससीआर का मुख्यालय बनाने के लिए भवन की तलाश शुरू हो गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी की नियुक्ति की फाइल अंतिम चरण में है, जिसकी घोषणा एक-दो दिनों में संभव है।

पहली बैठक के मुख्य एजेंडे

क्षेत्र अधिसूचना: एससीआर के सटीक दायरे को तय करने के लिए सर्वे और कंसल्टेंसी चयन।

मेट्रो रेल परियोजना: नवा रायपुर-रायपुर-दुर्ग-भिलाई मेट्रो रेल के DPR के लिए सलाहकार संस्था का चयन।

इकोनॉमिक मास्टर प्लान: साल 2031 तक संभावित 50 लाख की आबादी को ध्यान में रखते हुए आर्थिक विकास का रोडमैप तैयार करना।

धान खरीदी में 8.14 करोड़ का फर्जीवाड़ा, 5 गिरफ्तार

■ फर्जी वाहन, ओवरलोडिंग और रिसायक्लिंग में एक्शन, चार को तलाश रही पुलिस

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कवर्धा में साढ़े सात करोड़ रुपये के धान को चूहों के खाने के बाद अब मुंगेली जिले में धान खरीदी एवं परिवहन भारी गड़बड़ी हुई है। जिला प्रशासन ने मामले में सख्त कार्रवाई की है। आईसीसीसी मार्कफेड रायपुर से प्राप्त अलर्ट के आधार पर की गई जांच में धान के अवैध ओवरलोडिंग, फर्जी वाहनों से परिवहन तथा रिसायक्लिंग के गंभीर मामले उजागर हुए हैं। जांच में यह सामने आया कि धान उठाव करने वाले वाहनों द्वारा वास्तविक क्षमता से 200 प्रतिशत से लेकर 1116 प्रतिशत तक अधिक ओवरलोडिंग कर अवैध परिवहन किया गया।

कलेक्टर कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देश पर खाद्य विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने विस्तृत जांच में राइस मिलरों, समिति प्रबंधकों एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों द्वारा संगठित रूप से फर्जीवाड़ा कर शासन को 8 करोड़ 14 लाख रुपये से अधिक की आर्थिक क्षति पहुंचाने का खुलासा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

धान खरीदी और परिवहन में अनियमितता

जांच में यह तथ्य सामने आया कि आरोपियों द्वारा जानबूझकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए, पीडीएस चावल का वितरण नहीं किया गया, फर्जी वाहन नंबरों के माध्यम से धान का परिवहन दर्शाया गया तथा वास्तविक मात्रा से अधिक धान उठाव दिखाकर शासन को नुकसान पहुंचाया गया। प्रारंभिक जांच में लगभग 11 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी एवं परिवहन में अनियमितता के प्रमाण मिले हैं।

प्रशासन वापस ले नोटिस नहीं तो केस करूंगा: शंकराचार्य

■ शंकराचार्य बोले- शासन अहंकारी, रामभद्राचार्य बोले- अविमुक्तेश्वरानंद ने अन्याय किया

प्रयागराज। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने प्रयागराज प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर उनको दिया गया नोटिस वापस नहीं लिया तो वह मानहानि का केस करेंगे। प्रशासन के नोटिस के जवाब में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने 8 पेजों का जवाब ई-मेल के जरिए भेजा है। इसमें नोटिस को मनमाना, दुर्भावनापूर्ण और असंवैधानिक बताया। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया है, जिससे मुझे शंकराचार्य पद पर बने रहने से रोका गया हो। मामला कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए किसी भी तीसरे पक्ष को टिप्पणी करने या रोक लगाने का अधिकार नहीं है। दरअसल, मंगलवार को मेला प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के 14 अक्टूबर 2022 के एक आदेश का हवाला देते हुए नोटिस जारी कर पूछा था कि उन्होंने खुद को शंकराचार्य कैसे घोषित कर लिया।

द्वारका पीठ के शंकराचार्य बोले- यह गो हत्या ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'रोक के बावजूद चल रहा खनन, हालात ऐसे बनेंगे जिन्हें सुधार नहीं पाएंगे'

■ अरावली में अवैध खनन होना गंभीर बात: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली/ जयपुर। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को अरावली पहाड़ियों पर सुनवाई के दौरान चीफजस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि रोक बावजूद भी अवैध खनन चल रहा है। इससे ऐसे हालात बनेंगे, जिन्हें सुधार नहीं सकेंगे। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि खनन रोकने के लिए विशेषज्ञों की एक एक्सपर्ट कमेटी गठित करेगा। कोर्ट ने राजस्थान सरकार से गारंटी ली कि अरावली क्षेत्र में किसी भी तरह का खनन नहीं होने दिया जाएगा।

कोर्ट ने पहले छोटी पहाड़ियों पर खनन का आदेश दिया, फिर वापस लिया था: सुप्रीम कोर्ट ने 20 नवंबर को जारी आदेश में 100 मीटर से छोटी पहाड़ियों पर खनन के आदेश दिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

राजनीति — *भाजपा में छत्तीसगढ़ का लगातार बढ़ रहा कद, यहां के नेताओं को भी मिलेगी बड़ी जिम्मेदारी*

संगठन-सियासत में दिखेंगे बदलाव, छत्तीसगढ़ के मुद्दे दिल्ली तक पहुंचेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। बीजेपी अध्यक्ष की कुर्सी का छत्तीसगढ़ कनेक्शन एक बार फिर साफ दिखाई दिया है। पहले जेपी नड्डा और अब छत्तीसगढ़ प्रभारी रहे नितिन नवीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना इस बात का संकेत है कि पार्टी की केंद्रीय राजनीति में छत्तीसगढ़ की भूमिका लगातार बढ़ी है। नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद छत्तीसगढ़ में संगठन और सियासत दोनों स्तर पर बड़े बदलाव की उम्मीद की जा रही है। यह फैसला केवल दिल्ली की राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर छत्तीसगढ़ की सियासत और संगठनात्मक मजबूती पर भी दिख सकता है।

भाजपा के इतिहास में यह दूसरा मौका है, जब छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी संभाल चुके नेता को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। जेपी नड्डा ने भी पहले छत्तीसगढ़ प्रभारी के रूप में कमान संभाली थी। इसके बाद उन्हें बीजेपी का राष्ट्रीय ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ के प्रभारी रहते नितिन नबीन ने लिए कई अहम फैसले

नितिन नवीन ने छत्तीसगढ़ प्रभारी रहते हुए संगठन के कई अहम फैसलों में भूमिका निभाई। 2023 में उन्हें पहली बार छत्तीसगढ़ भाजपा का को-इंचार्ज बनाया गया था, जब ओम माथुर इंचार्ज थे। नितिन नबीन की हालिया कामयाबी छत्तीसगढ़ विधानसभा और फिर लोकसभा चुनाव में भाजपा को जीत दिलाना रही है। विधानसभा चुनाव की तैयारियों से लेकर लोकसभा चुनाव तक,

टिकट वितरण, जिलों में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना और स्थानीय नेताओं के साथ समन्वय बनाना उनकी प्रमुख जिम्मेदारियों में शामिल रहा। नवीन ने छत्तीसगढ़ में काम करते हुए ग्राउंड पॉलिटिक्स को नजदीक से समझा। छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में जहां आदिवासी, ग्रामीण और शहरी वोट बैंक की अपनी अलग-अलग संवेदनशीलता हैं, वहां संगठन को एकजुट रखना आसान नहीं होता। नितिन नवीन ने प्रभारी रहते हुए इन्हीं जमीनी मुद्दों को समझने की कोशिश की और रिपोर्ट सीधे केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंचाई।

ग्रीनलैंड चाहिए, लेकिन ताकत इस्तेमाल नहीं करेंगे: ट्रम्प

■ ट्रंप ने कहा- यूरोप हमें एक बर्फ का टुकड़ा नहीं दे रहा, डेनमार्क एहसान फरामोश, सोमालिया के लोग मंदबुद्धि

जेनेवा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जे के प्लान को दुनिया के सामने सही ठहराया है। उन्होंने बुधवार को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) में कहा कि ग्रीनलैंड की सुरक्षा अमेरिका के अलावा कोई और देश नहीं कर सकता। हालांकि पहली बार ट्रम्प ने यह कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करने के लिए अमेरिका ताकत का इस्तेमाल नहीं करेगा। इस पर कब्जे का विरोध करने के लिए उन्होंने डेनमार्क को अहसान फरामोश कहा। उन्होंने शिकायती लहजे में कहा कि वे बस एक बर्फ का टुकड़ा चाहते हैं जिसे यूरोप देने को तैयार नहीं है। अमेरिका इसे हमेशा याद रखेगा। ट्रम्प ने कहा कि यूरोप गलत दिशा में जा रहा है। ट्रम्प ने फ्रांस, कनाडा जैसे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यूज गैलरी

सड़क पर रखा सामान, 10 हजार जुर्माना

जगदलपुर/नवप्रदेश। जगदलपुर नगर निगम ने अव्यवस्थित निर्माण पर सख्त रुख अपनाया है। सार्वजनिक सड़क पर निर्माण सामग्री फैलाना क्लीनिक प्रबंधन को भारी पड़ा। निगम ने बंसल क्लीनिक पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। रेती और गिट्टी सड़क पर डालने से यातायात बाधित हो रहा था। नालियों में मलबा भरने से जल निकासी भी ठप हो गई थी। निरीक्षण में नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हुई। स्वच्छता और यातायात दोनों पर असर सामने आया। निगम टीम ने मौके पर कार्रवाई की। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि आगे और सख्ती होगी। सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नागरिकों से नियमों का पालन करने की अपील की गई। शहर को व्यवस्थित रखने की जिम्मेदारी सबकी है।

आदिवासी विश्राम भवन बना राजनीतिक उलझन

जगदलपुर/नवप्रदेश। आदिवासी समाज की वर्षों पुरानी जरूरत आज भी अधूरी है। जगदलपुर में आदिवासी विश्राम भवन का निर्माण वर्षों से लटका हुआ है। दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों को ठहरने की सुविधा नहीं मिल रही। साल 2021 में स्वीकृत 4 करोड़ की राशि के बाद भी भवन अधूरा है। भूमि पूजन के बाद निर्माण रोक दिया गया था। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद काम आगे नहीं बढ़ा। समाज का आरोप है कि राजनीतिक हस्तक्षेप बाधा बन रहा है। त्योहारों के समय सबसे ज्यादा परेशानी होती है। सिरहा-पुजारी और समाज के लोग खुले में रुकने को मजबूर हैं। प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप की मांग तेज हुई है। आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है। मुद्दा अब सम्मान और सुविधा से जुड़ गया है।

नक्सलमुक्त बस्तर का भरोसा

जगदलपुर/नवप्रदेश। नववर्ष मिलन समारोह में बस्तर के भविष्य की तस्वीर रखी गई। शीर्ष प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी कार्यक्रम में शामिल हुए। आईजी ने कहा बस्तर तेजी से नक्सलमुक्त हो रहा है। अब विकास को नई दिशा देने की तैयारी है। कलेक्टर ने मीडिया को विकास का साझेदार बताया। उन्होंने जनहित मुद्दों पर सहयोग की सराहना की। एसपी ने पुलिस-मीडिया समन्वय को मजबूत बताया। कार्यक्रम में सौहार्दपूर्ण माहौल देखने को मिला। अधिकारियों और पत्रकारों ने संवाद साझा किया। बस्तर में सकारात्मक बदलावों की चर्चा हुई। आगामी कार्ययोजना का संकेत दिया गया।

मेले में जुआ, पुलिस की सख्त कार्रवाई

जगदलपुर/नवप्रदेश। कोड़ेनार थाना क्षेत्र के अलवा गांव में पुलिस ने कार्रवाई की। दियारी मेले में जुआ खेले जाने की सूचना पर दबिश दी गई। दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया। हजारों रुपए नगद और जुआ सामग्री जब्त हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में जुए की शिकायतें बढ़ रही थीं। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर अभियान चला। मेले में जुआ खिलाने पर सख्त संदेश दिया गया। आरोपियों के खिलाफवैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस ने ग्रामीणों से सहयोग की अपील की। अवैध गतिविधियों पर नजर रखने की बात कही। शांति व्यवस्था से समझौता नहीं होगा। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

स्कूल बसों पर सख्ती

जगदलपुर/नवप्रदेश। छात्रों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग सख्त हुआ है। जिले के 21 स्कूल बसों पर कार्रवाई की तैयारी है। नियमों की अनदेखी पर पंजीयन रद्द करने की चेतावनी दी गई। बार-बार नोटिस के बावजूद बसें जांच शिविर में नहीं पहुंचीं। आरटीओ ने स्कूल प्रबंधनों को अंतिम नोटिस जारी किया। मानकों की अनदेखी गंभीर जोखिम बन सकती है। छात्रों की जान से समझौता नहीं किया जाएगा। नियम पालन अनिवार्य बताया गया है। आगे और बसें भी जांच के दायरे में आएंगी। परिवहन विभाग लगातार निगरानी करेगा। स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी तय होगी। सुरक्षा सर्वोपरि है।

उपभोक्ता को मिला न्याय

जगदलपुर/नवप्रदेश। जिला उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनी को राहत देने का आदेश दिया। एक मामले में 6 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति तय की गई। मानसिक पीड़ा के लिए अतिरिक्त 10 हजार देने होंगे। आयोग ने सेवा में कमी को स्वीकार किया। पीड़ित पक्ष को वर्षों से भुगतान नहीं मिल रहा था। संयुक्त खंडपीठ ने सुनवाई के बाद फैसला सुनाया। आदेश से उपभोक्ताओं में भरोसा बढ़ा है। बीमा कंपनियों को जवाबदेह ठहराया गया। निर्धारित समय में भुगतान के निर्देश दिए गए। उपभोक्ता अधिकारों की मजबूती का संदेश गया। न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिली। मामला मिसाल बना।

घरेलू विवाद बना जानलेवा, डॉक्टरों ने बचाई जिंदगी

सुकमा/नवप्रदेश। सुकमा जिले से सामने आई घटना ने रिश्तों की भयावह तस्वीर पेश की है। घरेलू विवाद में एक युवक ने अपने ही पिता पर तीर से हमला कर दिया। हमले में पिता की जांघ और कलाई में तीर धंस गया। कलाई की नस पर लगातार दबाव से हाथ खराब होने का खतरा था। घायल को गंभीर हालत में जगदलपुर मेडिकल कॉलेज लाया गया। रात दो बजे डॉक्टरों की टीम ने आपात सर्जरी की। आर्थोपेडिक्स विभाग ने दोनों तीर सुरक्षित बाहर निकाले। समय रहते इलाज नहीं होता तो स्थायी नर्व डैमेज हो सकता था। डॉक्टरों ने संयम और विशेषज्ञता से बड़ा खतरा टाल दिया। अस्पताल प्रशासन ने तत्परता की मिसाल पेश की फिलहाल मरीज की हालत स्थिर है। यह घटना पारिवारिक हिंसा की गंभीर चेतावनी भी है।

राशन दुकान में स्टॉक की कमी, एजेंसी निलंबित

रायगढ़/नवप्रदेश। जगतपुर वार्ड क्रमांक 04 स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान की जांच में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। जिला प्रशासन ने पीडीएस नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए संबंधित दुकान को निलंबित कर दिया है। खाद्य अधिकारी रायगढ़ ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 के तहत जगतपुर वार्ड क्रमांक 04 स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान आईडी 411001089 की जांच के दौरान संचालक द्वारा हितग्राहियों को वितरित किए गए खाद्यान्न में अत्यधिक मात्रा में स्टॉक की कमी पाई गई। साथ ही वितरण में नियमों का उल्लंघन किए जाने के प्रमाण मिलने पर संबंधित संचालन एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। खाद्य अधिकारी रायगढ़ ने बताया कि लगभग एक माह से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बावजूद अध्यक्ष सचिव एवं विक्रेता संचालन एजेंसी समलेश्वरी महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित नया गंज इतवारी बाजार रायगढ़ द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया।

वन विभाग ने कर्मियों की लगाई ड्यूटी, गांवों में मुनादी भी कराई गई, जंगल की ओर न जाएं कोई भी ग्रामीण

बाघ की धमक : बकावंड क्षेत्र में मिले पगचिन्ह, ग्रामीणों में दहशत

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में एक बार फिर बाघ की मौजूदगी ने न केवल ग्रामीणों की, बल्कि वन विभाग की चिंता बढ़ा दी है। बकावंड ब्लॉक के बाजावंड गांव में बाघ के पैरों के ताजा निशान मिलने से इलाके में दहशत का माहौल है।

बताया जा रहा है कि बाघ ने गांव के पास एक कुत्ते का शिकार भी किया है, जिससे ग्रामीणों में डर और सतर्कता दोनों बढ़ गई हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गांव के कोटवार द्वारा मुनादी कराई जा रही है, जिसमें ग्रामीणों से जंगल की ओर न जाने की अपील की जा रही है। आशंका है कि बाघ आसपास ही सक्रिय है और कभी भी मानव बस्ती के करीब आ

सकता है। वन विभाग ने बाघ की मौजूदगी की पुष्टि की है।

कैमरे में नहीं दिखा बाघ

बस्तर जिले के वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार बाघ के पगचिन्ह मिले पर विभाग द्वारा लगाए गए कैमरे में बाघ नहीं दिखा। इसके बाद भी आसपास के गांवों में मुनादी की गई कि लोग जंगल नहीं जाएं।

बाघ का मूवमेंट दर्ज

वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि बाघ का मूवमेंट इसी इलाके में दर्ज किया गया है। यह वही बाघ है, जिसका फुट प्रिंट पहली बार 3 जनवरी को तोकापाल ब्लॉक के खंडियापाल इलाके में मिला था। उस समय भी बाघ द्वारा कई जानवरों के शिकार की जानकारी सामने आई थी।

चावल संकट बना जिला प्रशासन की अग्निपरीक्षा

बस्तर/नवप्रदेश। कुआकोंडा वेयरहाउस में मात्र 30 क्विंटल चावल बचा है, जो एक दुकान के लिए भी नाकाफी है। कुआकोंडा से सुकमा के कुछ इलाकों में भी सप्लाई जाती है, जिससे दबाव और बढ़ गया है। जिले को हर महीने 90 हजार से एक लाख क्विंटल चावल की जरूरत पड़ती है। खाने योग्य चावल केवल 12 हजार क्विंटल ही शेष है। कई पीडीएस दुकानों में जनवरी का राशन अब तक नहीं पहुंचा। मिलरों द्वारा उठाए गए धान का चावल गोदामों में जमा नहीं हुआ है। यदि सप्ताहभर में स्टॉक नहीं आया, तो फरवरी का राशन भी देरी से मिलेगा। स्थिति बिगड़ने पर गोदामों में ताले तक लगाने पड़े हैं। खाद्य विभाग का दावा है कि आवंटन जल्द आएगा।

बच्चों के भविष्य से खिलवाड़, सूरजपुर डीईओ की जांच में खुली पोल

सरकारी स्कूल में किराए पर रखा टीचर बैठक में भी पहुंच गया, हेडमास्टर सस्पेंड

सूरजपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के मोहरसोप प्राइमरी स्कूल में युवक को किराए पर टीचर रखने वाले हेडमास्टर को डीईओ ने सस्पेंड कर दिया है। हेडमास्टर ने 12वीं पास एक युवक को किराए पर रखकर अपने स्थान पर स्कूली बच्चों को पढ़ाने भेजा था। इस मामले में बीईओ ने जांच रिपोर्ट डीईओ सूरजपुर को भेजी थी।

हेडमास्टर की लापरवाही मिलने पर डीईओ ने यह कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक, ओड़गी ब्लॉक के मोहरसोप प्राइमरी स्कूल में हेडमास्टर डीएस सिंह ने बच्चों को पढ़ाने के लिए किराए का शिक्षक रख लिया था। मोहरसोप का यह स्कूल एकल शिक्षक वाला है। यहां केवल एक ही हेडमास्टर पोस्टेड है। स्कूल में पहली से पांचवीं कक्षा तक कुल 52 बच्चे पढ़ते हैं। 15 जनवरी को जब मीडियाकर्मी स्कूल पहुंचे तो हेडमास्टर की जगह युवक बच्चों को पढ़ाते मिला।

डीईओ ने कराई जांच, किया सस्पेंड

इस मामले में सूरजपुर डीईओ अजय मिश्रा ने मामले की जांच कराई। ओड़गी बीईओ प्रदीप सिंह ने जांच रिपोर्ट डीईओ को भेजा। जांच में हेडमास्टर ने बिना अनुमति बाहरी युवक को किराए पर रखने, बिना अधिकारियों को जानकारी दिए ट्रेनिंग में जाने की पुष्टि हुई। हेडमास्टर की लापरवाही मिलने पर डीईओ ने हेडमास्टर डीएस सिंह को सस्पेंड कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय बीईओ कार्यालय प्रेमनगर निर्धारित किया गया है।

बिना जानकारी दिए ट्रेनिंग में गए थे हेडमास्टर

ओड़गी बीईओ प्रदीप सिंह ने बताया कि, नोटिस के जवाब में हेडमास्टर यह नहीं बता सके कि उन्होंने किसी अन्य युवक को क्यों किराए पर रखा था। डीएस सिंह के निलंबन के बाद प्रायमरी स्कूल शिक्षक विहीन हो गया है। वहां दूसरे स्कूल के शिक्षक को अटैच किया गया है, जहां दो शिक्षक पोस्टेड थे।

सूरजपुर के 87 स्कूल एकल शिक्षक

सूरजपुर जिले में कुल 87 स्कूल ऐसे हैं। जहां एक शिक्षक की पोस्टिंग है। ये सभी प्रायमरी स्कूल हैं। इनमें से सबसे ज्यादा ओड़गी ब्लॉक में ही हैं। शिक्षकों की कमी के कारण युक्तियुक्तकरण के बाद भी शिक्षक इन स्कूलों को नहीं मिल सके हैं।

11 दिनों से पढ़ा रहा था किराए का टीचर

हेडमास्टर डीएस सिंह ने स्थानीय युवक पूर्ण देव यादव को पढ़ाने के लिए किराए पर रखा था। वह 11 दिनों से बच्चों को पढ़ा रहा था। उसने मीडियाकर्मियों को बताया कि हेडमास्टर के न आने पर वे स्कूल में बच्चों को पढ़ाएंगे। पूर्ण देव यादव ने कहा कि उसकी कोई सरकारी नियुक्ति नहीं हुई है। हेडमास्टर ने कहा है कि उसे अपनी जेब से कुछ पैसे देंगे। स्थानीय लोगों ने बताया कि हेडमास्टर चार-पांच दिनों से स्कूल से गायब हैं। पूर्ण देव यादव से मीडियाकर्मियों ने जब सूरजपुर के कलेक्टर, स्थानीय विधायक और शिक्षामंत्री का नाम पूछा तो वह नहीं बता सका।

छत्तीसगढ़ पुलिस ने कहा- फिर आएंगे

ऑनलाइन सट्टा कारोबार में गुरुग्राम से सट्टा किंग के पांच गुर्गे गिरफ्तार

खैरागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की खैरागढ़ पुलिस ने हरियाणा के गुरुग्राम तक फैले ऑनलाइन सट्टा कारोबार करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में पांच आरोपियों को अरेस्ट किया है, जो साइबर सिटी गुरुग्राम से ऑनलाइन सट्टा लगवा रहे थे। पुलिस का कहना है कि इन आरोपियों को रिमांड पर लिया गया है। उम्मीद है कि पूछताछ के बाद इस गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों के नामों का भी खुलासा हो पाएगा। छत्तीसगढ़ की खैरागढ़ पुलिस ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला शिव बुक ऑनलाइन ऐप से जुड़ा है। आरोपियों ने इसका नाम बदलकर 100 प्लेयर और फेयर प्ले गेम कर दिया है। मामले की जांच के बाद इस गिरोह का पर्दाफाश करने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। खैरागढ़ एडिशनल एसपी नितेश गौतम ने बताया कि जांच के दौरान पांच आरोपियों को हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 22000 रुपये नकद, विभिन्न बैंक खाते, मोबाइल, लैपटॉप, सिम कार्ड व अन्य सामान बरामद किया गया है।

यही नहीं आरोपियों के पास से 8 करोड़ रुपये का बैंक ट्रांजेक्शन का रिकॉर्ड भी पाया गया है, जो कि अपराध की गंभीरता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन जुए में इस्तेमाल किए जा रहे कुल 7 बैंक खातों को सील कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। आरोपियों को रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ के बाद उन्हें दोबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा।

दुर्ग और नागपुर से हुई थी गिरफ्तारी: एडिशनल एसपी ने बताया कि इस मामले में सबसे पहले दुर्ग और नागपुर से भी कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी हुई थी। उनसे मिले इनपुट के बाद हरियाणा के गुरुग्राम से भी पांच आरोपियों को अरेस्ट कर लिया गया। उन्होंने बताया कि नागपुर से अरेस्ट एक आरोपी को जमानत मिल चुकी है, लेकिन पुलिस कोशिश कर रही है कि उसकी जमानत रद्द कराई जाए ताकि उसे जांच में शामिल किया जा सके।

किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा: एडिशनल एसपी ने कहा कि ऑनलाइन सट्टा खिलाने वालों के खिलाफ लगातार एक्शन लिया जा रहा है। सट्टा खेलना कानून विरोधी है। कानून का उल्लंघन करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने लोगों से भी आग्रह किया कि अगर कहीं भी सट्टा या ऑनलाइन जुआ से संबंधित कोई भी जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना संबंधित पुलिस थाने को दें ताकि इस अवैध कारोबार पर पूरी तरह से नकेल कसी जा सके।

कावरगट्टा के पूर्व सरपंच की सरेआम गोली मारकर हत्या, इलाके में दहशत

■ **बीजापुर में नक्सलियों की कायराना करतूत**

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले से एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। पामेड़ थाना क्षेत्र के कावरगट्टा गांव में नक्सलियों ने पूर्व सरपंच की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी। दिनदहाड़े हुई इस सनसनीखेज घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार, कावरगट्टा गांव निवासी और पूर्व सरपंच भीमा मडकम अपने खेत

में लोगों के बीच मौजूद था, तभी नक्सली वहां पहुंचे और उसे निशाना बनाकर गोली मार दी। घटना के बाद नक्सली मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि, भीमा मडकम हाल ही में दंतेवाड़ा जिले के बचेली से अपने गांव लौटा था।

पहले भी हुआ था हमला

गौरतलब है कि, इससे पहले भी भीमा मडकम पर नक्सल हमला हो चुका था, लेकिन वह बच गया था। इस बार नक्सलियों ने उसे मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद गांव में भय और तनाव का माहौल है, लोग सहमे हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा बल मौके पर पहुंची है। फिलहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

बलौदाबाजार हनी ट्रैप- ब्लैकमेलिंग मामले में नया खुलासा, राजनीति हलकों में जमकर चर्चा

जांच में सामने आया भाजपा नेता का नाम, लगाई अग्रिम जमानत याचिका

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में वर्ष 2024 में सामने आए हनी ट्रैप और ब्लैकमेलिंग (भयादोहन) मामले में एक बार फिर बड़ा मोड़ आया है। जांच के दौरान शहर के एक बड़े भाजपा नेता का नाम सामने आने से राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है।

इस मामले में अब तक कुल 5 FIR दर्ज की जा चुकी हैं, जिनमें सभी प्रकरणों के चालान न्यायालय में पेश किए जा चुके हैं। पुलिस

जांच में पुलिस अधिकारी, पत्रकार, वकील, सफेदपोश नेता और कुछ युवतियों के खिलाफभी कार्रवाई हो चुकी है। सभी आरोपी फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। सूत्रों के अनुसार, जांच भाजपा नेता का नाम सामने आते ही वे पिछले तीन-चार दिनों से सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने अग्रिम जमानत के लिए बलौदाबाजार जिला सत्र न्यायालय में आवेदन दिया है, जिस पर आज सुनवाई होनी है। शाम तक यह स्पष्ट हो जाएगा कि उन्हें राहत मिलती है या नहीं। गौरतलब है कि इस मामले में पीड़ितों को हनी ट्रैप में फंसाकर लाखों रुपये की ब्लैकमेलिंग की गई थी, जिसकी शिकायतों के आधार पर पुलिस ने कई स्तरों पर जांच शुरू की थी।

1.20 लाख में सौदा करने वाले मास्टरमाइंड की तलाश जारी, सूरजपुर पुलिस ने ट्राला बरामद कर तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

40 टन कोयला चोरी कांड का खुलासा, पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोचा

सूरजपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में जगन्नाथपुर ओपन कास्ट खदान से 40 टन कोयला चोरी मामले में पुलिस को अहम सफलता मिली है। खड़गवां चौकी क्षेत्र में दर्ज शिकायत के बाद पुलिस ने चठिरमा से लावारिस हालत में कोयला लोड ट्राला बरामद किया और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे किए हैं।

खदान प्रबंधन ने दर्ज कराई थी शिकायत

15 जनवरी को खदान से 40 टन कोयला चोरी होने की शिकायत माइनिंग मैनेजर ने खड़गवां पुलिस से की थी।

शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

चठिरमा में मिला लावारिश ट्राला

जांच के दौरान पुलिस को चठिरमा स्थित एक पेट्रोल पंप के पास कोयले से भरा ट्राला संदिग्ध परिस्थिति में खड़ा मिला। वाहन को कब्जे में लेकर पुलिस ने आरोपियों की खोज तेज की।

सीसीटीवी और पूछताछ से पुलिस को मिले सुराग

सीसीटीवी फुटेज और ग्रामीणों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने खड़गवांकला निवासी नीरज यादव, मनीष यादव और पुखराज यादव को हिरासत में लिया। पूछताछ में तीनों ने चोरी में शामिल होने की बात स्वीकार की।

बिलासपुर के व्यक्ति ने कराया था कोयला चोरी

आरोपियों ने खुलासा किया कि बिलासपुर के एक व्यक्ति ने उन्हें कोयला चोरी करने के लिए पैसे दिए थे, जिसकी राशि मोबाइल बैंकिंग से ट्रांसफर की गई थी।

-एक ट्राला चोरी करने के लिए 60 हजार रुपये

-दो ट्राला चोरी के लिए 1.20 लाख रुपये

आरोपी न्यायिक हिरासत में, मास्टरमाइंड की तलाश जारी

पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं पुलिस अब इस पूरे षड्यंत्र के मास्टरमाइंड और अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

न्यूज गैलरी

5वीं-8वीं बोर्ड परीक्षा: 16 मार्च से परीक्षाएं, केंद्रीयकृत रहेगा सिस्टम

रायपुर/नवप्रदेश। लोक शिक्षण संचालनालय ने व्यापक दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिलों में पांचवी और आठवीं बोर्ड परीक्षा की समय सारिणी जारी करते हुए पांचवीं की परीक्षा 16 मार्च से होंगी। आठवीं बोर्ड परीक्षा की तारीख 17 मार्च से 6 अप्रैल तय की गई है। परीक्षा केंद्रीयकृत होंगी। इन परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर कमेटियां रहेंगी, जिनके प्रमुख जिला शिक्षा अधिकारी होंगे। यह बताया गया है कि कक्षा 5वीं के लिए कुल 50 अंक निर्धारित किए गए हैं, जिसमें 40 अंक लिखित परीक्षा और 10 अंक प्रायोजना कार्य के होंगे। वहीं, कक्षा 8वीं में कुल 100 अंक होंगे, जिसमें 80 अंक लिखित परीक्षा और 20 अंक प्रायोजना कार्य के लिए निर्धारित हैं। जिला स्तरीय संचालन समिति के अनुमोदन से प्रश्न पत्र निर्माण के लिए एक विशेष समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें विषय विशेषज्ञों को शामिल किया जाएगा। समिति 'संलग्नक-बी' में जारी ब्लूप्रिंट के अनुसार कक्षा 5वीं और 8वीं के लिए विषयवार हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम के प्रश्न पत्रों के तीन सेट तैयार करेगी। इसके बाद, इन्हें सीलबंद लिफाफे में जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा जाएगा।

आलमारी से 1.84 लाख रुपये के जेवर और नकदी पार

रायपुर/नवप्रदेश। सरस्वती नगर थाना क्षेत्र के टीचर्स कॉलोनी में सूने मकान में चोरी का मामला सामने आया है। चोरों ने मकान का ताला तोड़कर करीब 1.84 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। चोरी की सूचना पर सरस्वती नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तकनीकी जांच के साथ आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, अनुव्रत विहार टीचर्स कॉलोनी में रहने वाले अकाउंटेंट विकास तिवारी 17 जनवरी को दोपहर करीब 3:30 बजे अपने पुराने घर गुढ़ियारी गए थे। 19 जनवरी की शाम करीब 4 बजे जब वे अपने अनुव्रत विहार स्थित मकान लौटे, तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। घर के भीतर कमरे में रखी आलमारी का सामान बिखरा पड़ा था और लॉकर टूटा हुआ था। चोरों ने आलमारी के लॉकर को तोड़कर जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

51 जोड़ों का विवाह कराएगा अग्रवाल संगठन, सदस्यों ने उठाई जिम्मेदारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की बैठक देवेंद्र नगर में हुई। बैठक में प्री-वेडिंग शूट और पगडी रस्म में बढ़ते दिखावे पर रोक लगाने के लिए लोगों को जागरूक करने का निर्णय लिया गया। साथ ही संगठन द्वारा 3 मई को होने वाले 51 जोड़ों के सामूहिक विवाह की रूपरेखा तय की गई। जिला अध्यक्ष हरिकेश पालीवाल ने बताया कि पदाधिकारियों को जिम्मेदारी बांटी गई। जोड़ों को संस्था की ओर से दैनिक जीवन की चीजें उपहार स्वरूप दी जाएंगी। इसके लिए सदस्यों ने स्वेच्छा से सामग्री व आर्थिक सहयोग की घोषणाएं भी कीं। बैठक में प्रांतीय महामंत्री संजय अग्रवाल, जिला सचिव गोविंद अग्रवाल, अजय खेतान, संजीव अग्रवाल, सुरेश केजरीवाल, मुनीश शाह, अरुण अग्रवाल और शिव अग्रवाल मौजूद रहे।

1000 सीटों के 4 हॉस्टल तैयार, यहां परीक्षा की तैयारी करेंगे छात्र: बोरा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के सड्डू इलाके में 1000 सीटों के चार नए हॉस्टल बन गए हैं। इनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र रह कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करेंगे। प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कहा कि रायपुर को ज्ञानोदय हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्रमुख सचिव ने बताया कि हॉस्टल में रहने वाले छात्रों को सिविल सर्विसेस, एनडीए, क्लैट, नेट, स्लेट, पीटी, पीएमटी, आईआईटी और मेडिकल सहित सभी प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। पूरा परिसर लगभग 18 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया गया है। इस पर 35.30 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।

हार्ट फेल्योर क्लिनिक एवं हार्ट ट्रांसप्लांट विभाग का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में कमल विहार स्थित वेंकटेश सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर ने अपने द्वितीय स्थापना दिवस के अवसर पर एमजीएम हेल्थ केयर, चेन्नई के सहयोग से हार्ट फेल्योर क्लिनिक एवं हार्ट ट्रांसप्लांट विभाग का शुभारंभ किया। यह पहल राज्य में उन्नत हृदय चिकित्सा सेवाओं की दिशा में एक बड़ा कदम है। अब गंभीर हार्ट फेल्योर से पीड़ित मरीजों को इलाज के लिए मेट्रो शहरों की यात्रा करने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे उनके समय, खर्च और मानसिक तनाव में उल्लेखनीय कमी आएगी। इस शुरुआत के साथ ही रायपुर में हार्ट ट्रांसप्लांट सेवाएं उपलब्ध हो गई हैं, जो क्षेत्रीय तृतीयक (टर्शियरी) कार्डियक केयर में एक मील का पत्थर साबित होगी। वेंकटेश हॉस्पिटल पहले से ही छत्तीसगढ़ में अत्याधुनिक हार्ट एवं लंग केयर सेवाएं प्रदान कर रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भव्य आयोजन के लिए राडा को दी शुभकामानाएं, आरटीओ टैक्स में मिल रही 50 प्रतिशत की छूट

'राडा ऑटो एक्सपो का भव्य शुभारंभ, 2000 से ज्यादा वाहनों की हुई डिलीवरी

■ **रोड टैक्स में 50% की छूट और कंपनियों के ऑफर से ग्राहकों में भारी उत्साह**

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के श्री राम बिजनेस पार्क में बुधवार को रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 'राडा ऑटो एक्सपो-2026' का भव्य शुभारंभ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने किया। उन्होंने राडा ऑटो एक्सपो के भव्य आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दी। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, परिवाहन मंत्री श्री केदार कश्यप की मौजूदगी रही। साथ ही राज्य के ट्रांसपोर्ट सेक्रेटरी श्री एस. प्रकाश समेत अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।

इस मौके पर राडा के अध्यक्ष श्री रविंद्र भसीन, उपाध्यक्ष श्री कैलाश खेमानी, सचिव श्री विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री मुकेश सिंघानिया, कैट के नेशनल वाइस चेयरमैन और राडा के वरिष्ठ पदाधिकारी श्री अमर पारवानी, फाडा के रिसर्च एंड एकेडमी के नेशनल चेयरमैन श्री मनीष राज सिंघानिया, फाडा के पूर्व स्टेट चेयरमैन श्री अनिल अग्रवाल, श्री जयेश पिथालिया, श्री शशांक शाह, फाडा के स्टेट चेयरमैन श्री विवेक गर्ग समेत डीलर्स और राडा के पदाधिकारियों की मौजूदगी रही। इस मौके पर अपने संबोधन में वित्त मंत्री श्री चौधरी, उपमुख्मंत्री श्री साव, परिवहन मंत्री श्री कश्यप ने राडा को भव्य आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा हर दौर में छत्तीसगढ़ के ऑटोमोबाइल सेक्टर रिकॉर्ड अच्छा रहा है। एक ही दिन में 2 हजार से ज्यादा वाहनों की डिलीवरी पर मंत्रियों ने खुशी ज़ाहिर की।

मुख्यमंत्री ने किया स्टालों का निरीक्षण

मुख्यमंत्री श्री साय ने राडा ऑटो एक्सपो के शुभारंभ अवसर पर एक्सपो में लगे विभिन्न कंपनियों के वाहनों के स्टालों का निरीक्षण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने 2 वाहनों महिन्द्रा कंपनी की कार 7 एक्सओ और यामाहा की बाइक एक्सएसआर 155 की लॉन्चिंग की।

राडा के पदाधिकारियों ने जताया आभार

आयोजन में स्वागत भाषण राडा के अध्यक्ष के अध्यक्ष श्री रविन्द्र ने दिया। उन्होंने कहा कि राडा ऑटो एक्सपो 2026 के लिए राज्य सरकार ने रोड टैक्स में 50 फीसदी की छूट दी है। इसका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। इससे बिक्री बढ़ेगी और राजस्व का भी लाभ होगा। इस मौके पर एफएडीए के नेशनल चेयरमैन रिसर्च एंड एकेडमी श्री मनीष राज सिंघानिया ने संबोधन में कहा कि राडा एक्सपो में रोड टैक्स में छूट से इस बार बिक्री का नया रिकॉर्ड बनने की संभावना है। अपने संबोधन में कैट के नेशनल वाइस चेयरमैन श्री अमर पारवानी ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय समेत मंत्रियों स्वागत करते हुए राज्य सरकार का राडा एक्सपो 2026 के लिए 50 प्रतिशत रोड टैक्स में छूट दिए जाने पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि ऑटो एक्सपो-2026 के अंतर्गत सभी नागरिकों को अपने गृह जिले में ही वाहन पंजीयन कराने की सुविधा दी जा रही है। इससे वाहन बिक्री 50 हजार पहुंचने की संभावना है।

2000 वाहनों की डिलीवरी हुई : राडा के पदाधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के परिवहन विभाग द्वारा 'राडा ऑटो एक्सपो-2026' में ऑटो एक्सपो ग्राउंड से खरीदी गई हर गाड़ी पर आर.टी.ओ. टैक्स में 50% की छूट दी जा रही है। इससे ग्राहकों में जबर्दस्त उत्साह है और विधिवत उद्घाटन के दिन 2000 वाहनों की डिलीवरी हुई।

एक कार और एक बाइक की लॉन्चिंग : राडा ऑटो एक्सपो 2026 में बुधवार को एक कार और एक बाइक की लान्चिंग हुई। महिन्द्रा कंपनी की कार 7 एक्सओ और यामाहा कंपनी की बाइक एक्सएसआर 155 की लॉन्चिंग हुई। महिंद्रा 7 एक्सओ - यह महिंद्रा की एक नई अपडेटेड एसयूवी है। इस एसयूवी में ट्रिपल-स्क्रीन डैशबोर्ड, इलेक्ट्रिक बॉस मोड के साथ पावर्ड फ्रंट सीट्स, कस्टमाइजेबल एम्बिएंट लाइटिंग, नया स्टीयरिंग वील, 19-इंच ड्युअल-टोन अलॉय वील्स, 360-डिग्री कैमरा, आगे और दूसरी रो में वेंटिलेटेड सीट्स और लेवल-2 एडास जैसे प्रीमियम फीचर्स मिलते हैं। यामाहा एक्सएसआर155 - यह लिक्विड-कूल्ड इंजन वाली रेट्रो रोडस्टर बाइक है जो 4 वेरिएंट्सः मेटैलिक ब्लू, ग्रेइश ग्रीन मैटेलिक, विविड रेड और मेटैलिक ग्रे में उपलब्ध है। इसमें 155सीसी, लिक्विड-कूल्ड, सिंगल-सिलेंडर इंजन दिया गया है। यह इंजन ई20 फ्यूल सपोर्ट करता है। यह 10,000आरपीएम पर 18.4पीएस की पावर और 7500आरपीएम पर 14.2एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। बाइक में इनवर्टेड फॉर्क और मोनोशॉक सस्पेंशन सेटअप दिया गया है।

रायपुर में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू, अब सीधे कमिश्नर की निगरानी में 19 लाख की आबादी

■ **पुलिस को मिले धारा-144 और शस्त्र लाइसेंस जैसे मजिस्ट्रेटी अधिकार**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। शासन ने रायपुर नगर क्षेत्र में 'पुलिस कमिश्नरी प्रणाली' लागू करने की आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। यह नई व्यवस्था 23 जनवरी 2026 से पूरी तरह प्रभावशील हो जाएगी। लगभग 19 लाख की आबादी वाले इस शहरी क्षेत्र की सुरक्षा, ट्रैफिक और अपराध नियंत्रण की कमान अब सीधे पुलिस आयुक्त के हाथों में होगी।

क्यों पड़ी जरूरत?

गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, रायपुर की तेजी से बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण की चुनौतियां, यातायात का बढ़ता दबाव और अपराधों की बदलती प्रकृति को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। सरकार का मानना है कि इस सिस्टम से त्वरित निर्णय लेने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।

21 थानों का बना 'कमिश्नरेट' क्षेत्रः रायपुर नगर पुलिस जिले के तहत आने वाले 21 प्रमुख थानों को कमिश्नरेट की सीमा में शामिल किया गया है। इनमें शामिल हैं इसमें प्रमुख क्षेत्र सिविल लाइन, कोतवाली, तेलीबांधा, देवेंद्र नगर, गंज, मोवा, गोल बाजार, पुरानी बस्ती, डी.डी. नगर, आमासिवनी और अन्य क्षेत्र में आजाद चौक, सरस्वती नगर, कबीर नगर, राजेंद्र नगर, टिकरापारा, उरला (नगर निगम सीमा), खमतराई, गुढ़ियारी, पंडरी और खम्हारडीह। इसके अलावा ग्रामीण इलाको में अलग जैसे रायपुर ग्रामीण पुलिस जिला इस नई व्यवस्था से बाहर रहेगा। बलौदाबाजार, महासमुंद, गरियाबंद जैसे सीमावर्ती और ग्रामीण थाना क्षेत्र पुरानी व्यवस्था के तहत ही संचालित होंगे।

अब पुलिस के पास होंगे ये 'पावर'

कमिश्नरी सिस्टम लागू होने के बाद पुलिस आयुक्त को दंड प्रक्रिया संहिता के तहत कई मजिस्ट्रेटी अधिकार मिल गए हैं, जो पहले जिला कलेक्टर के पास होते थेः

1. धारा 144ः शहर में निषेधाज्ञा लागू करने का अधिकार।
2. लाइसेंसः हथियारों के लाइसेंस जारी करना, निलंबित करना या निरस्त करना।
3. अनुमतिः धरना-प्रदर्शन, जुलूस और सार्वजनिक सभाओं के लिए अब पुलिस से ही अंतिम मंजूरी मिलेगी।
4. कानूनः शस्त्र अधिनियम, मोटर वाहन अधिनियम और कोलाहल नियंत्रण जैसे कानूनों के तहत सीधी कार्रवाई।

अधिकारियों का नया ढांचा: 37 वरिष्ठ पद सृजित

प्रशासनिक कामकाज को सुचारू बनाने के लिए कुल 37 वरिष्ठ पदों का सृजन किया गया है:

पुलिस आयुक्त: 01
अतिरिक्त पुलिस आयुक्त: 01
पुलिस उपायुक्त: 05
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त: 09
सहायक पुलिस आयुक्त: 21

इन अधिकारियों को अलग-अलग जोन, क्राइम ब्रांच, ट्रैफिक, साइबर सेल, इंटेलिजेंस और महिला अपराध जैसी विशेष इकाइयों की जिम्मेदारी दी जाएगी।

---

239 मेधावी बच्चे कल सीएम हाउस में होंगे सम्मानित

■ **19 बच्चों को गोल्ड और 4 को सिल्वर मेडल, सभी को मिलेंगे 1.50 लाख रुपए**

रायपुर/नवप्रदेश। वर्ष 2024 एवं 2025 की कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का इंतजार अब समाप्त होने जा रहा है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में टॉप-10 एवं संकायवार प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कुल 239 मेधावी विद्यार्थियों को 23 जनवरी को सम्मानित किया जाएगा।

नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में दोपहर 12 बजे से आयोजित इस समारोह में दोनों वर्षों और दोनों कक्षाओं के चयनित विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं 1.50 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड एवं सिल्वर मेडल से नवाजा जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका होंगे, जबकि अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव उपस्थित रहेंगे।

वर्ष 2024 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के कुल 110 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा, वहीं वर्ष 2025 में 129 विद्यार्थियों को यह सम्मान मिलेगा। दोनों वर्षों को मिलाकर 19 विद्यार्थियों को गोल्ड और 4 विद्यार्थियों को सिल्वर मेडल प्रदान किए जाएंगे।

इन विद्यार्थियों को मिलेगा गोल्ड और सिल्वर मेडल

वर्ष 2024
कक्षा 10वीं
गोल्ड : सिमरन शब्बा
सिल्वर : होनिशा
कक्षा 12वीं
गोल्ड :
महक अग्रवाल (वाणिज्य)
हर्षवती (मानविकी)
समीर कुमार (विज्ञान)
वैदिका निषाद (कृषि)
वंदना केरकेट्टा (ललित कला)
वैजंती कोरेटी (गृह विज्ञान)
सिल्वर : कोपल अम्बष्ट

रायपुर-विशाखापट्टनम सहित कई ट्रेनें रद्द

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर और पड़ोसी रेल मंडलों से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना है। ईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत आरंग-महानदी स्टेशन और टीटलागढ़-लखोली सेक्शन में यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य किया जाना है। इस बुनियादी ढांचा विकास कार्य के कारण रायपुर से गुजरने वाली कुछ प्रमुख पैसेंजर गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

रद्द रहने वाली गाड़ियों की सूची

गाड़ी संख्या 58527 रायपुर-विशाखापट्टनम पैसेंजरः यह ट्रेन 31 जनवरी 2026 से 4 फरवरी 2026 तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से रद्द रहेगी।

गाड़ी संख्या 58528 विशाखापट्टनम-रायपुर पैसेंजरः यह ट्रेन 31 जनवरी 2026 से 4 फरवरी 2026 तक रद्द रहेगी।

गाड़ी संख्या 58207 रायपुर-जूनागढ़ रोड पैसेंजरः दिनांक 31 जनवरी 2026 से 4 फरवरी 2026 तक इस गाड़ी का परिचालन नहीं होगा।

गाड़ी संख्या 58208 जूनागढ़ रोड-रायपुर पैसेंजरः यह ट्रेन 1 फरवरी 2026 से 5 फरवरी 2026 तक रद्द रहेगी।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पद्मनाभ स्वामी मंदिर में किए दर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा की केमिकल एवं फर्टिलाइज़र समिति के अध्ययन प्रवास (स्टडी टूर) पर निकले रायपुर सांसद और वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने बुधवार को दक्षिण भारत के प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का दौरा किया। केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम पहुँचकर उन्होंने विश्व प्रसिद्ध पद्मनाभ स्वामी मंदिर में भगवान श्रीहरि विष्णु के दर्शन किए और देश व प्रदेश की खुशहाली का आशीर्वाद लिया। धार्मिक प्रवास के पश्चात श्री अग्रवाल समिति के अन्य सदस्यों के साथ कन्याकुमारी स्थित विवेकानंद रॉक मेमोरियल पहुँचे। अरब सागर, बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर के त्रिवेणी संगम पर स्थित इस स्मारक की महिमा बताते हुए उन्होंने कहा कि यह स्थान स्वामी विवेकानंद के राष्ट्रचिंतन और आध्यात्मिक चेतना का जीवंत प्रतीक है। सांसद ने स्वामी जी को नमन करते हुए कहा, 'शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन से पूर्व स्वामी विवेकानंद जी ने इसी शिला पर तीन दिनों तक गहन साधना की थी। उस आत्मबोध ने ही उन्हें भारत की गौरवशाली पहचान को विश्व पटल पर रखने की शक्ति प्रदान की।' उन्होंने इस यात्रा को आध्यात्मिक ऊर्जा से भरने वाला अनुभव बताया। इस दौरान संसदीय समिति के अन्य सदस्य भी उनके साथ उपस्थित रहे।

वार्ड-42, 67 और 68 में मॉडल आंगनबाड़ी, सामुदायिक भवन, सीसी रोड सहित कई काम होंगे

रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में 35 लाख के 6 विकास कार्यो का भूमिपूजन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 5 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 42 (महंत लक्ष्मीनारायण दास), वार्ड क्रमांक 67 (भक्त माता कर्मा) एवं वार्ड क्रमांक 68 (डॉ. खूबचंद बघेल) में विधायक निधि से स्वीकृत लगभग 35 लाख रुपये की लागत के 6 विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

इन विकास कार्यों में सर्वसुविधायुक्त मॉडल आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र भवन, सामुदायिक भवन, सीसी रोड, नाली एवं पुलिया निर्माण शामिल हैं। विधायक ने श्रीफल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर विधिवत भूमिपूजन करते हुए वार्डवासियों को विकास की सौगात दी।

इस अवसर पर विधायक सुनील सोनी ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्य तय समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किए जाएं, ताकि वार्डवासी आमजनों को लंबे समय तक इनका समुचित लाभ मिल सके। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान नगर निगम लोककर्म विभाग अध्यक्ष एवं एमआईसी सदस्य दीपक जायसवाल, जोन 5 अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल, वार्ड 68 की पार्षद दुर्गा यादराम साहू, वार्ड 67 की पार्षद ममता सोनू तिवारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, महिलाएं, युवा एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

विधायक ने जोन 5 जोन कमिश्नर खीरसागर नायक एवं कार्यपालन अभियंता लाल महेन्द्र प्रताप सिंह को निर्देश दिए कि स्वीकृत कार्यों को संबंधित स्थलों पर तत्काल प्रारंभ कर सतत मॉनिटरिंग करते हुए प्राथमिकता से गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए।

70 वार्डों में तेज हुआ विकास कार्यः सुनील सोनी

विधायक सुनील सोनी ने कहा कि प्रदेश में विष्णुदेव साय सरकार और रायपुर नगर निगम में महापौर मीनल चौबे के नेतृत्व में परिषद के गठन के बाद शहर के सभी 70 वार्डों में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के सहयोग से लगातार विकास कार्य स्वीकृत किए जा रहे हैं।

विधायक ने स्पष्ट किया कि इन कार्यों के निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या हीला-हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी कार्य जनहित और जनसुविधा को ध्यान में रखकर पूर्ण हों।

सुविचार

जिसके साथ बात करने से दुख आधा और खुशियां दोगुनी हो जाए वो ही अपना है बाकी सब बेगाने है।

प्रयागराज में मौनी अमावस्या स्नान पर विवाद

प्रयागराज में आयोजित माघ मेले में मौनी अमावस्या के दिन त्रिवेणी संघम में पून्य स्नान को लेकर आखिरकार अप्रिय स्थिति निर्मित हो ही गई और एक नया विवाद खड़ा हो गया। पिछले साल प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के दौरान सबकुछ शांतिपूर्वक चल रहा था और करोड़ो लोग पून्य स्नान का लाभ ले रहे थे किन्तु भगदड़ की एक घटना के बाद मेला प्रबंधन पर वहां की व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गये थे। इस बार मौनी अमावस्या के दिन तथाकथित शंकराचार्य अविमुक्तेशवरानंद अपनी पालकी पर सवार होकर पूरे लाव लश्कर के साथ त्रिवेणी संगम में पून्य स्नान करने पहुंचे तो वहां उनके समर्थकों और पुलिस कर्मियों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। गौरतलब है कि प्रशासन ने त्रिवेणी संगम में आठ नंबर के गेट को आपातकालीन मार्ग के नाम पर बंद कर रखा था किन्तु शंकराचार्य अविमुक्तेशवरानंद के समर्थकों ने उस गेट को तोड़ दिया और प्रतिबंधित मार्ग पर ही वे आगे बढ़ गये। जबकि स्नान स्थल सिर्फ पचास फीट दूर था तब पुलिस अधिकारियों आर मेला प्रबंधन के जिम्मेदार लोगों ने अविमुक्तेशवरानंद ने अनुरोध किया कि वे सुरक्षागत कारणों के मद्देनजर यहां से पैदल चलकर पून्य स्नान करें किन्तु उनके समर्थक इससे बिफर गये और खुद अविमुक्तेशवरानंद ने भी पैदल जाने से इंकार कर दिया। नतीजतन वहां वहां विवाद गहरा गया और धक्का मुक्की की स्थिति बन गई। इसके बाद पुलिस ने अविमुक्तेशवरानंद के समर्थकों को बल पूर्वक रोका और उन्हें पकड़कर वहां से ले गई। अविमुक्तेशवरानंद को भी वहां से ले जाकर उनके आश्रम के सामने छोड़ दिया। पुलिस प्रशासन के इस व्यवहार से नाराज होकर अविमुक्तेशवरानंद ने वहां धरना देना शुरू कर दिया। उनकी मांग है कि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद उनसे आकर मांफी मांगे तभी वे पून्य स्नान करेंगे। इसके बाद मेला प्रशासन ने भी उन्हें एक नोटिस थमा दिया जिसमें उन्हें शंकराचार्य होने का प्रमाण मांगा गया है। गौरतलब है कि अविमुक्तेशवरानंद जिस ज्योतिमठ का खुद को शंकराचार्य बताते हैं वहां वासुदेवनंद सरस्वती भी शंकराचार्य पद के दावेदार हैं और यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। बहरहाल अब इस घटना को लेकर सियासत गरमा गई है। उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव अविमुक्तेशवरानंद के समर्थन में आ गये हैं जबकि 2015 में जब अखिलेश यादव उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री थे तब उनकी सरकार ने अविमुक्तेशवरानंद और उनके समर्थकों पर लाठी चार्ज कराया था। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने भी इस घटना को लेकर तिखी प्रतिक्रिया दी है और इसे संतो का घोर अपमान बताया है। कुल मिलाकर अब इस घइना को लेकर राजनीति शुरू हो गई है।

घरेलू सरजमीं पर इंडिया की हार की हैट्रिक

न्यूजीलैंड ने भारत में तीन मैचो की वंडे श्रृंखला 2-1 से जीतकर भारत में अपनी घरेलू सरजमीं पर टीम इंडिया को पटखनी देकर उसकी हार की हैट्रिक लगवा दी है। अब तक टीम इंडिया अपने घरेलू मैदान पर अजेय मानी जाती है लेकिन पिछले दो साल के भीतर उसे तीन श्रृंखलाएं हारनी पड़ी है। खासतौर पर शुभमन गिल को कप्तानी सौंपे जाने के बाद से टीम इंडिया का प्रदर्शन वैसा नहीं रहा है जैसा पूर्व में था। खुद शुभमन गिल भी कप्तानी के बोझ के कारण सलामी बल्लेबाज की भूमिका का सही ढंग से निवर्हन नहीं कर पा रहे हैं। टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर पर भी उंगलियां उठने लगी हैं क्योंकि इसी माह अभी टी-20 वर्ल्ड कप होने जा रहा है ऐसे में टीम इंडिया के प्रदर्शन को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है हालांकि टी-20 में शुभमन गिल नहीं खेल रहे हैं लेकिन इसके लिए भी जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया है। उनमें से कुछ को लेकर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। खासतौर पर कोच गौतम गंभीर के फैसले को लेकर विवाद की स्थिति बनती रही है। कई पूर्व क्रिकेटरों ने इसे लेकर तीखी प्रतिक्रिया भी दी है। बहरहाल उम्मीद की जानी चाहिए कि घरेलू सरजमीं पर हार की हैट्रिक को भुलाकर टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप में बेहतर प्रदर्शन करेगी और इस बार भी टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर एक नया इतिहास रचेगी।

सद्‌गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ जब राम को प्रसन्न कर पाओगे, जब राम की मर्यादा में चलोगे, जब धर्म की मर्यादा में चलोगे, जब मर्यादा मानोगे तभी हनुमान जी को प्रसन्न कर पाओगे। इसके अतिरिक्त उन्हें प्रसन्न करने का और कोई उपाय नहीं है।

◆ 'तमस' और 'तामसिक' वर्शत्त जिसके भीतर है उसका पहला पहचान है वो आदमी आलसी होगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1673 - न्यूयॉर्क एवं बोस्टन के बीच डाक सेवा की शुरुआत हुई। 1760 - वांदीवाश के युद्ध में अंग्रेजों ने फ्रांसिसियों को हराया। 1837 - दक्षिणी सीरिया में भूकंप से हजारों लोग मरे। 1905 - रूस के सेंट पीट्सबर्ग में मजदूरों पर गोलियां चलाई गयी जिसमें 500 से ज्यादा लोग मरे। 1924 - रैमसे मैकडोनाल्ड ब्रिटेन में लेबर पार्टी के पहले प्रधानमंत्री बने। 1963 - देहरादून में दृष्टिहीनों के लिए राष्ट्रीय पुस्तकालय की स्थापना हुई। 1981 - रोनाल्ड रीगन का सं.रा. अमेरिका के 40वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण। 1993 - इंडियन एयरलांइस का विमान औरंगाबाद मे दुर्घटनाग्रस्त, 61 यात्रियों की मौत। 1970 - बोइंग 747 का न्यूयॉर्क एवं लंदन के बीच पहली व्यावसायिक उड़ान शुरु हुई। 1996 - कैलीफ़ोर्निया विश्वविद्यालय की वेधशाला के वैज्ञानिकों ने पृथ्वी से लगभग 3,50,000 प्रकाश वर्ष की दूरी पर दो नये ग्रहों की खोज की। 1998 - अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन पर मोनिका लेविंस्की ने अवैध शारीरिक संबंध स्थापित करने का आरोप लगाया। 2006 - श्रीलंका के राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे ने विद्रोही संगठन लिट्टे से बातचीत की पेशकश की।

कविता भाटिया

जैसे-जैसे एआई का इस्तेमाल बढ़ रहा है, उसका नैतिक और निष्पक्ष उपयोग सुनिश्चित करना भी ज़रूरी हो गया है। भारत का दृष्टिकोण सभी के लिए एआई पर आधारित है, जिसमें पारदर्शिता, जवाबदेही और समान अवसर पर ज़ोर दिया गया है। डिजिटल श्रमसेतु जैसी पहलें असंगठित क्षेत्र में तकनीक को पहुंचाने का काम कर रही हैं। भारत की पहली डिजिटल क्रांति ने लोगों को जोड़ा, अब अगली एआई क्रांति का लक्ष्य उन्हें नए अवसर देना होना चाहिए। ऐसा भविष्य, जहाँ गांव की महिला उद्यमी, दूर-दराज़ का युवा और शहर का स्टार्टअप संस्थापक- सभी एआई के लाभ में बराबर के भागीदार हों। भारत में एआई की सफलता इस बात से नहीं मापी जाएगी कि उसके एल्गोरिदम कितने जटिल हैं, बल्कि इस बात से मापी जाएगी कि वह कितने लोगों को आगे बढ़ने का मौका देता है। महिलाएं, युवा और कामगार अब केवल लाभ लेने वाले नहीं हैं, बल्कि एक न्यायपूर्ण और समावेशी एआई अर्थव्यवस्था के निर्माता बन रहे हैं। यही भारत की असली ताकत है।

एआई से आत्मनिर्भरता तक

भारत इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की तैयारियों में जुटा है। इस समिट में दुनिया भर के एआई के धुरंधर शामिल होंगे और इस वैश्विक मंच पर भारत के युवाओं को भी अपना पुरुषार्थ दिखाने का अवसर मिलेगा। अब एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल मशीनों, एल्गोरिदम या ऑटोमेशन तक सीमित नहीं है। असली चर्चा इस बात की है कि एआई को सभी के लिए उपयोगी और सुलभ कैसे बनाया जाए। खासतौर पर महिलाओं, युवाओं और उन कामगारों के लिए, जो अब तक औपचारिक अर्थव्यवस्था से दूर रहे हैं।

एआई की सबसे बड़ी ताकत यह नहीं है कि वह इंसानों की जगह ले ले, बल्कि यह है कि वह इंसानों की क्षमता बढ़ाए। अगर सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए, तो एआई महिलाओं को आत्मनिर्भर बना सकता है, युवाओं को नए कौशल दे सकता है और असंगठित क्षेत्र में काम करने वालों को सुरक्षा और अवसर दोनों दे सकता है। इसी सोच के साथ मार्च 2024 में सरकार ने इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दी। इस मिशन का उद्देश्य है–भारत में एआई का विकास करना और एआई को भारत की जरूरतों के अनुसार काम में लाना। इसके तहत कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाने, नए इनोवेशन सेंटर खोलने, भरोसेमंद डेटा प्लेटफॉर्म बनाने, एआई आधारित एप्लिकेशन विकसित करने, युवाओं को भविष्य के कौशल सिखाने और स्टार्टअप्स को वित्तीय मदद देने जैसे कई कदम उठाए गए। उनके सकारात्मक और सुखद परिणाम अब शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक, लैब से लेकर खेतों तक और संगीत व कला जैसे हर क्षेत्र में दिखाई देने लगे हैं। इस मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है इंडिया एआई इनोवेशन सेंटर, जहाँ खास तौर पर समावेशी विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। यहाँ ऐसे एआई मॉडल तैयार किए जा रहे हैं, जो भारत की भाषाई और सामाजिक विविधता को समझ सकें। ये मॉडल किसानों, महिला उद्यमियों, गिग वर्कर्स और छोटे व्यापारियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाए जा रहे हैं। क्षेत्रीय भाषाओं में काम करने वाले एआई सहायक, छोटे-छोटे सलाह देने वाले डिजिटल टूल और अलग-अलग क्षेत्रों के लिए ज्ञान आधारित सिस्टम इसी दिशा में काम कर रहे हैं।

एआई समिट से निकलेगी राह

दुनिया के कई देशों में एआई को केवल उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के औज़ार के रूप में देखा जा रहा है।

लेकिन भारत में एआई का असली असर रोज़गार, सुरक्षा, प्रशिक्षण और अवसर के रूप में सामने आ रहा है। फरवरी 2026 में होने वाले इंडियाक्षएआई इम्पैक्ट समिट में इसी सोच पर चर्चा होगी कि एआई का इस्तेमाल ÷जनता, विकास और धरती÷ के हित में कैसे किया जाए।

आज भारत की गिग और प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था में महिलाएं एआई की मदद से नई पहचान बना रही हैं। कई महिला उद्यमी एआई आधारित ऑनलाइन बाज़ारों से जुड़कर अपना कारोबार बढ़ा रही हैं। वहीं, टैक्सी चलाने वाली या डिलीवरी का काम करने वाली महिलाएं एआई आधारित सुरक्षा सुविधाओं की वजह से ज़्यादा सुरक्षित और आत्मविश्वास से भरी महसूस कर रही हैं।

उदाहरण के लिए, ब्यूटी और हेल्थ से जुड़े प्लेटफॉर्म एआई का इस्तेमाल कर ग्राहकों को सही सेवा प्रदाता से जोड़ते हैं। इसमें स्थान, कौशल और पुराने अनुभव जैसी जानकारियों का ध्यान रखा जाता है। इससे महिलाओं को लचीले काम के घंटे, तय आमदनी और बेहतर सुरक्षा मिलती है। इसी तरह, टैक्सी और डिलीवरी सेवाओं में रियल-टाइम लोकेशन शेयरिंग और वॉयस-एक्टिवेटेड इमरजेंसी फीचर जैसी सुविधाओं ने महिला ड्राइवर्स का भरोसा बढ़ाया है।

ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में भी एआई डिजिटल समावेशन को आगे बढ़ा रहा है। क्षेत्रीय भाषाओं में काम करने वाले एआई सहायक और आवाज से चलने वाली डिजिटल भुगतान सेवाएं उन महिलाओं के लिए मददगार साबित हो रही हैं, जो पढ़ना-लिखना कम जानती हैं। अब वे बिना झिझक अपने पैसों का लेन-देन और प्रबंधन कर पा रही हैं।

'युवा एआई फॉर ऑल'

युवाओं के लिए एआई केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि नए भविष्य का दरवाज़ा है। सरकार और निजी क्षेत्र मिलकर देशभर में एआई से जुड़े कौशल सिखा रहे हैं, चाहे वह बुनियादी डिजिटल जानकारी हो या उन्नत मशीन लर्निंग। इसी कड़ी में शुरू किया गया 'युवा एआई फॉर ऑल' अभियान लाखों छात्रों को एआई की बुनियादी समझ दे रहा है। स्कूलों, कॉलेजों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के ज़रिये यह कोशिश की जा रही है कि एआई का ज्ञान किसी एक वर्ग तक सीमित न रहे।

आज एआई की भूमिका केवल रोज़गार तक सीमित नहीं रही, बल्कि वह जन-कल्याण से भी जुड़ गई है। कई स्टार्ट-अप्स रिहायशी इलाकों और दफ्तरों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए एआई आधारित निगरानी और विश्लेषण सिस्टम का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं, आपातकालीन सेवाओं में एआई आधारित शिकायत निवारण सिस्टम से प्रतिक्रिया का समय कम हुआ है और सेवाएं ज़्यादा प्रभावी बनी हैं। खेती के क्षेत्र में भी एआई बड़ा बदलाव ला रहा है। मौसम, कीट और फसल से जुड़े जोखिमों का अनुमान लगाकर एआई किसानों, खासकर महिला किसानों को बेहतर फैसले लेने में मदद कर रहा है। फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी के ज़रिये एआई आधारित क्रेडिट स्कोरिंग से उन महिला-नेतृत्व वाले कारोबारों को भी कर्ज़ मिल पा रहा है, जो पहले बैंकिंग व्यवस्था से बाहर थे।

नीति आयोग की रिपोर्ट भी बताती है कि एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास और वित्तीय सेवाओं तक पहुंच बढ़ाकर करोड़ों असंगठित कामगारों को सशक्त बना सकता है। ये वही लोग हैं, जो भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

छगन लोन्हारे

विख्यात कवियों की उपस्थिति में कवि सम्मेलन आयोजित होगी, जहाँ उनकी सशक्त रचनाएँ श्रोताओं को साहित्यिक रसास्वादन कराएँगी। साथ ही पत्रकारों, विचारकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ खुले संवाद सत्र आयोजित किए जाएँगे, जिनमें समकालीन सामाजिक-सांस्कृतिक विषयों पर सार्थक चर्चा होगी। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की साहित्यिक चेतना, विचार परंपरा और सांस्कृतिक आत्मा को राष्ट्रीय संवाद से जोड़ने की एक सशक्त पहल के रूप में उभर रहा है। रायपुर साहित्य उत्सव 2026 न केवल लेखकों और पाठकों के बीच सेतु बनेगा, बल्कि नई पीढ़ी को साहित्य, संस्कृति और विचार के प्रति संवेदनशील बनाने का भी माध्यम बनेगा। साहित्यिक विमर्श, रचनात्मक अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक विविधता से समृद्ध यह तीन दिवसीय उत्सव नवा रायपुर को देश के प्रमुख साहित्यिक केंद्रों की श्रेणी में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और यादगार अध्याय सिद्ध होगा।

साहित्य उत्सव से छत्तीसगढ़ को मिलेगी नई पहचान

रायपुर, 20 जनवरी 2026/बसंत पंचमी 23 जनवरी से नवा रायपुर के पुरखौती मुक्तांगन परिसर में तीन दिवसीय रायपुर साहित्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश भर के 100 से अधिक प्रतिष्ठित साहित्यकार शामिल होने जा रहे हैं। इस तीन दिवसीय उत्सव से छत्तीसगढ़ को एक नई पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का कहना है कि छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर पूरा प्रदेश रजत महोत्सव मना रहा है। रायपुर साहित्य उत्सव उसी श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। यह उत्सव न केवल छत्तीसगढ़ को बल्कि पूरे देश के सुप्रसिद्ध साहित्यकारों को एक साझा मंच प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ को साहित्यिक जगत में एक नई पहचान प्रदान करेगा तथा जनसमुदाय को साहित्य, लेखन और पठन-पाठन की ओर प्रेरित करेगा। साहित्य महोत्सव के दौरान साहित्य विमर्श खुले संवाद, समकालीन विषयों पर विचार-विमर्श होगा। साहित्य महोत्सव को लेकर आम-लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

आज जब सोशल मीडिया के कोलाहल में ज्ञान की धारा अक्सर सूचनाओं के शोर में दब जाती है। ऐसे समय में साहित्य उत्सव एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। जहां विचार-विमर्श के बीच संवाद की संस्कृति जीवित रहती है। सृजन वही जन्म लेता है, जहां मन खुला हो और कथा वही आकार लेती हैं जहां मनुष्य अपने सत्य से संवाद करने का साहस रखता है। साहित्य महोत्सव के लोगो (डिजाइन) में अंकित ''आदि से अनादि'' तक वाक्य साहित्य के उस अटूट यात्रा को दर्शाता है, जिसमें आदिकालीन रचनाओं से लेकर निरंतर विकसित हो रहे आधुनिक साहित्य तक सभी रूप समाहित हैं। साहित्य कालातीत है, वह समय, समाज भाषा और पीढ़ियों को जोड़कर चलने वाली निरंतर धारा है। तीन दिनों तक पुरखौती मुक्तांगन में साहित्यिक संवाद, पुस्तक विमोचन,

विचार-मंथन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और कला-प्रदर्शनियों का जीवंत केंद्र बनेगा। यह आयोजन छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय साहित्यिक मानचित्र पर एक सशक्त पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

रायपुर साहित्य उत्सव पूरे छत्तीसगढ़ के लिए सांस्कृतिक गर्व का विषय है क्योंकि इसमें राज्य की हजारों साल पुरानी साहित्यिक जड़े, जनजातीय परंपराएं, सामाजिक समरसता और आधुनिक रचनात्मक दृष्टि सभी का सुंदर सार्थक और कलात्मक संगम दिखाई देगा। छत्तीसगढ़ की साहित्यिक यात्रा आदि से अनादि तक अविचल, जीवंत और समृद्ध रही है, और आगे भी इसी धारा में निरंतर विकास की नई कहानियां लिखती रहेंगी। साहित्य उत्सव में कुल 11 सत्र शामिल होंगे, इनमें 5 समानांतर सत्र, 4 सामूहिक सत्र और 3 संवाद सत्र आयोजित किये जाएंगे जिनमें साहित्यकारों एवं प्रतिभागियों के बीच सीधा संवाद और विचार-विमर्श होगा। रायपुर साहित्य उत्सव साहित्य, विचार और संस्कृति के संगम का उत्सव है, इसमें युवाओं, शिक्षकों, लेखकों और आम पाठकों की सहभागिता रहेगी। नई पीढ़ी को साहित्य विचार और संस्कृति से जोड़ना इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य है।

उत्सव के दौरान पुस्तक मेला का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लगभग 40 स्टॉल लगाएं जाएंगे जिसमें देशभर के प्रतिष्ठित प्रकाशकों की पुस्तकें प्रदर्शित की जाएगी एवं विक्रय के लिए उपलब्ध रहेगी। रायपुर साहित्य उत्सव में विशेष रूप से चाणक्य नाटक का मंचन किया जाएगा जो भारतीय बौद्धिक परंपरा और नाट्य कला का प्रभावशाली उदाहरण होगा।

इसके साथ ही लोकनृत्य, लोकगीत और छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शको को राज्य की जीवंत लोक संस्कृति से रू-ब-रू कराया जाएगा। विख्यात कवियों की उपस्थिति में कवि सम्मेलन आयोजित होगी, जहाँ उनकी सशक्त रचनाएँ श्रोताओं को साहित्यिक रसास्वादन कराएँगी। साथ ही पत्रकारों, विचारकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ खुले संवाद सत्र आयोजित किए जाएँगे, जिनमें समकालीन सामाजिक-सांस्कृतिक विषयों पर सार्थक चर्चा होगी।

यह आयोजन छत्तीसगढ़ की साहित्यिक चेतना, विचार परंपरा और सांस्कृतिक आत्मा को राष्ट्रीय संवाद से जोड़ने की एक सशक्त पहल के रूप में उभर रहा है। रायपुर साहित्य उत्सव 2026 न केवल लेखकों और पाठकों के बीच सेतु बनेगा, बल्कि नई पीढ़ी को साहित्य, संस्कृति और विचार के प्रति संवेदनशील बनाने का भी माध्यम बनेगा। साहित्यिक विमर्श, रचनात्मक अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक विविधता से समृद्ध यह तीन दिवसीय उत्सव नवा रायपुर को देश के प्रमुख साहित्यिक केंद्रों की श्रेणी में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और यादगार अध्याय सिद्ध होगा।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कितनी शून्यता...

कितनी शून्यता है कभी नापी क्या ? हृष्ट-पुष्ट लोग क्यों पालकियों में सवार हैं ? क्या इसलिए कि वे अपनी बातों से लोगों को बहकाकर जानवर बना सकते हैं ? ज्ञान कैसा अजब है यह हीनता क्यों भरता है आदमी को आदमी से कीड़ा क्यों बना देता है ?मौन किस के लिए है ? संपन्नता क्या है ? गृहस्थ होकर देखो साधुओ सब सीख जाओगे जीवन ही गुरु है मित्र !

- केदार नाथ शब्द मसीहा

प्रकृति की शांत...

प्रकृति की शांत नीरवता दूर कहीं से कोलाहल होना जैसे मन के किसी कोने में अनजाने से स्वर का कौंधना दूर होकर भी अंतर्मन में हर पल सिर्फ तुम्हारा ही होना जिंदगी की एकाकीयों में ठहरा सा हो यूँ बसंत का आना वेदना का टूटा फूटा सा स्वर अबोध दबी सी आकांक्षा ज्यों दबे पाँव तुम्हारा आना नहीं है आसान जिंदगी ढोना।

- वर्षा वार्ष्णेय

यह न्यायिक अपराधिक राजनीतिक...

यह न्यायिक अपराधिक राजनीतिक गठजोड़ ही तो है गुरु ने गद्दी पर कब्जा किया और स्टे ले लिया आजीवन गद्दी पर विराजमान रहा और बाद में चेले ने कब्जा किया और स्टे ले लिया। उच्च गठजोड़ श्रेणी का ज्वलंत उदाहरण पाक-साफ राजनीति व न्यायपालिका का गठबंधन खुले तौर पर नजर आता है । अपराधी कौन? निर्णय आपका । **- नवीन शंकर शर्मा**

हैं सरलता हैं सहजता तो निकट...

हैं सरलता हैं सहजता तो निकट मन धाम हैं। कुटिलता से तो पूरित केवल अभिमान हैं, हैं चपलता तीव्र चपला न तनिक जो विराम हैं। मर्यादित आचरण थामे चलता वही अभिराम हैं। **- आकांक्षा द्विवेदी**

कभी मिले थे यहीं पे दोनों तब...

कभी मिले थे यहीं पे दोनों तब से यहीं पे खड़े हुए हैं प्रेम अटल है हम दोनों का जिद पर अपनी अड़े हुए हैं. लाख मुसीबत आने पर भी इकदूजे से जुड़े हुए हैं भरसक कोशिश की लोगों ने पर्वत बनकर खड़े हुए हैं। **- जे डी कुदाल**

टूटा जो ख्वाब का वो सिलसिला...

टूटा जो ख्वाब का वो सिलसिला, वो नींद तेरी मेरी थी बह चले जो अश्क इन आँखों से , वो पीर तेरी मेरी थी जाड़े की वो गुनगुनी धुप जो आँखों से पिघल गये साथ चले जो हम इस तरह ,फिर रास्ते ही क्यों खो गये। **- नीरज वर्मा**

करूं क्या बरी इल्ज़ाम से खुद को...

करूं क्या बरी इल्ज़ाम से खुद को जिस कहानी में मुझे गढ़ा जा रहा है सच को पहना कर लबादा झूठ का किरदार के मत्थे खूब मढ़ा जा रहा है नफ़रत का पात्र ही आधार इसका चाव से खूब उसको पढ़ा जा रहा है तारीफें पाना किसे नहीं पसंद यहां तभी सुन-सुनकर सर चढ़ा जा रहा है।

- सपना चन्द्रा

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आप शांति से एकांत में बिताना पसंद करेंगे मध्यान तक आपकी कामना पूर्ण भी होगी लेकिन इसके बाद कार्य बोझ बढ़ने से चैन से बैठ भी नही पाएंगे। कार्य व्यवसाय में आज आशाजनक प्रगति नही होगी।

वृष: आज का दिन आपके मन के अनुरूप रहेगा। आज आप दिनचार्य को शानदार रूप से बिताना चाहेंगे। कार्य क्षेत्र से मनोरंजन के लिये समय निकालने की योजना मन मे लगी रहेगी।

मिथुन: आज का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। आज दिन के आरंभिक भाग को छोड़ अन्य समय किसी ना किसी कारण से दौड़ धूप लगी ही रहेगी।

कर्क: आज के दिन आपको आशा के विपरीत फल मिलेंगे। अपनी अथवा परिजन की सेहत को लेकर अस्पताल के चक्कर लग सकते है। मानसिक रूप से चिड़चिड़ापन रहेगा भावुकता भी अधिक रहेगी।

सिंह: आज के दिन परिस्थितियां आपके पक्ष में ही रहेंगी ठाठ-बाट वाला जीवन व्यतीत करेंगे। काम-धंधे में आश्चर्यजनक वृद्धि होगी प्रतिस्पर्धी भी हावी रहेंगे फिर भी विजय आपकी ही होगी।

कन्या: आज का दिन आपके लिये मिला जुला रहेगा। सेहत आज शिथिल रहने के कारण कार्यो के प्रति ज्यादा गंभीर नही रहेंगे। लेकिन किसी पुराने जानकार से लाभदायक सौदे हाथ लगेंगे।

तुला: आज दिन आपके पक्ष में तो नही फिर भी कल की अपेक्षा शांति से व्यतीत होगा। आज आप अपनी बुद्धिक्षमता प्रखर होने पर भी लाभ नही दिला सकेंगी।

वृश्चिक: आज परिस्थितियां एकदम उलट बन रही है कल तक जो आपकी हाँ में हाँ मिला रहे थे वही लोग आज आपका साथ देने से पीछे हटेंगे।

धनु: आज का दिन आपके लिये समृद्धिकारक रहेगा पारिवारिक एवं सार्वजनिक क्षेत्र पर आज विरोध करने वाले भी कम रहेंगे काम-काज के सिलसिले से यात्रा करनी पड़ेगा इसका सकारात्मक परिणाम मिलेगा।

मकर: आज के दिन आप को अपने सभी कार्यो से संतोष रहेगा लेकिन अन्य लोगो की कार्य प्रणाली से असंतुष्ट रहेंगे। व्यवसायीजन एवं नौकरी वाले लोग आसानी से सफलता मिलने पर अतिआत्मविश्वास की भावना से ग्रस्त रहेंगे।

कुंभ: आज के दिन आप किसी भी कार्य को लेकर ज्यादा गंभीर नही रहेंगे घर एवं बाहर मसखरी के मूड में रहेंगे परिजनों की गंभीर बातों को भी नजरअंदाज करने पर फटकार सुन्नी पड़ेगी। सेहत आज उत्तम बनी रहेगी।

मीन: आज का दिन आपको हानिकारक रहेगा। आज स्वयं लिए निर्णय गलत ही रहेंगे इस लिये आज कोई भी बड़ा कार्य अथवा निवेश करने से बचें। कार्य क्षेत्र पर अनिर्णय अथवा गलतफहमी के कारण बड़ा नुकसान हो सकता है।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) ब्राह्मणों को भूमि दान देने वाले पहले शासक कौन थे?

2) भारत में पहली बार नोटा मतदान विकल्प कब लागू किया गया था?

3) भारत और जापान ने किस क्षेत्र में संयुक्त अभ्यास किया?

4) कोक बोरोक दिवस किस भाषा की सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है?

5) विश्व की सबसे बड़ी शिवलिंग हाल ही में कहां स्थापित की गयी है?

उत्तरमाला- (1) सातवाहन (2) 2013 (3) समुद्री सुरक्षा (4) त्रिपुरा (5) बिहार

पहेली

बचपन के दोस्त से लिया 27 लाख उधार, अब लौटाने से इनकार

पत्नी से छेड़खानी का झूठा आरोप लगाने की धमकी भी दी

भिलाई/नवप्रदेश। जनपद कार्यालय पाटन में संविदा जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत अनिरुद्ध ताम्रकार ने बचपन के दोस्त से 27 लाख रुपए उधार में लेने के बाद रकम लौटाने से इंकार कर दिया। आर्थिक स्थिति खराब होने का हवाला देकर ताम्रकार ने लगातार बहानेबाजी की। रकम वापस मांगने पर अनिरुद्ध मदद करने वाले दोस्त को झूठे केस में फंसाने और जान से मारने की धमकी देने लगा।

थाने में दर्ज कराई गई एफआईआर के अनुसार अनिरुद्ध ने अपनी पत्नी भावना ताम्रकार के नाम पर दुकान खोलने के लिए दोस्त से रकम उधार ली थी। उसने अपने दोस्त को पिछले 7 माह से वेतन न मिलने का हवाला दिया। दोस्त ने आरोपी की आर्थिक स्थिति को देखते हुए मदद की। बाद में पैसे वापस मांगने पर आरोपी बहाने बनाने लगा।

पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज नहीं किया। कोर्ट का दरवाजा खटखटाने पर कोर्ट के आदेश पर पाटन पुलिस ने आरोपी दोस्त के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शिकायत में बताया गया कि आकाश शर्मा साल 2017 से प्रोटीन सप्लीमेंट्स के होलसेल व्यापार से जुड़ा है। अनिरुद्ध ताम्रकार उसके बचपन का दोस्त है। साल 2021 में आरोपी ने वेतन न मिलने की बात कहते हुए आर्थिक परेशानी बताई।

अपनी पत्नी के नाम पर रिसाली में प्रोटीन सप्लीमेंट्स की दुकान खोलने की बात कहते हुए सरकारी नौकरी में होने का हवाला देकर आरोपी ने दोस्त से सहयोग मांगा। आरोपी की पत्नी भावना ताम्रकार के खाते में 5 अक्टूबर 2021 को 5 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए और 1 लाख रुपए कैश दिए गए। सितंबर से 5 अक्टूबर 2021 के बीच और 7 से 11 अक्टूबर के बीच कुल 27 लाख रुपए का प्रोटीन सप्लीमेंट्स का सामान सप्लाई किया गया।

दुकान खुलने के बाद अनिरुद्ध और भावना ने पूरा भुगतान नहीं किया। आरोपी ने किश्तों में जून 2022 तक करीब 6 लाख रुपए लौटाए। जुलाई 2022 में आरोपी ने रकम की जरूरत बताते हुए 6 लाख रुपए कैश उधार ले लिए। इसके बाद उसने रकम वापस नहीं की। लगातार पैसे की मांग करने पर आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया। आरोपी ने पीड़ित को जान से मारने और पत्नी के साथ छेड़छाड़ के झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने 25 अक्टूबर 2025 को पाटन थाने में शिकायत की थी।

पुलिस ने केवल धारा 155 के तहत हस्तक्षेप योग्य नोटिस दर्ज किया और एफआईआर दर्ज नहीं की। इसके बाद 28 अक्टूबर 2025 को पुलिस अधीक्षक दुर्ग से लिखित शिकायत की गई। कोई कार्रवाई न होने पर परिवादी ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने आवेदन, दस्तावेजों और पुलिस की जांच प्रतिवेदन का अवलोकन करते हुए प्रथम दृष्टया गंभीर संज्ञेय अपराध पाया।

कोर्ट ने इस मामले में पुलिस को अपराध दर्ज करने का आदेश दिया। पाटन पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। दस्तावेजों, बैंक ट्रांजेक्शन और गवाहों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ऑनलाइन जॉब के लालच में महिला ने गंवाए 7.76 लाख

भिलाई/नवप्रदेश। भट्ठी थाना क्षेत्र में ऑनलाइन पार्ट-टाइम जॉब दिलाने के नाम पर एक महिला से 7 लाख 76 हजार 600 रुपए की ठगी का मामला उजागर हुआ है। सोशल मीडिया पर पहले जॉब का विज्ञापन दिया। इसके बाद यूपीआई के जरिए किश्तों में रकम ट्रांसफर कराई गई। पुलिस के अनुसार, सेक्टर-1 भिलाई निवासी तरन्नुम राशिद (36) पति मोहम्मद शाहिद ने थाने में बताया कि 8 जनवरी को उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर ऑनलाइन पार्ट-टाइम जॉब से संबंधित विज्ञापन दिखाई दिया। विज्ञापन में अधिक लाभ का लालच दिया गया था। लिंक ओपन करने पर अज्ञात वॉट्सऐप नंबर से पार्ट-टाइम ऑनलाइन जॉब करने की बात कही गई थी। आरोपियों ने तरन्नुम को टेलीग्राम अकाउंट बनाकर बातचीत करने कहा। इसके बाद दिए गए यूपीआई आईडी पर गूगल-पे के माध्यम से किश्तों में 9 और 10 जनवरी को कुल 1 लाख 80 हजार 600 रुपए जमा कराए गए।

आरोपियों ने महिला को भरोसा दिलाया कि रकम को शेयर मार्केट में निवेश कर दिया गया है और वह राशि दोगुनी हो चुकी है। रकम निकालने के लिए और ज्यादा निवेश करने की बात कही गई। आरोपियों के कहने पर पीड़िता ने 12 जनवरी को एसबीआई बैंक, सम्पूर्ण नगर शाखा के एक खाते में 2 लाख 46 हजार रुपए और 13 जनवरी 2026 को एसबीआई बैंक, करलपुरा शाखा के एक अन्य खाते में 3 लाख 50 हजार जमा किए। कुल 7 लाख 76 हजार 600 रुपए आरोपियों के बताए खातों में जमा हो गए।

दो दिन बंद रहेगी मांस-मटन की दुकानें

भिलाईनगर। छग शासन पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेशानुसार नगर निगम, भिलाई सीमा अंतर्गत संचालित पशुवध गृह और समस्त मांस, मटन विक्रय की दुकानें 26 जनवरी गणतंत्र दिवस और 30 जनवरी महात्मा गांधी पुण्यतिथि के अवसर पर बंद रखी जाएगी। दोनों दिन समस्त पशुवध गृह, जीव हत्या व समस्त मांस बिक्री केन्द्र को बंद रखने कहा गया है।

न्यूज गैलरी

निगम का प्रचार अभियान जारी

भिलाईनगर। प्रधानमंत्री आवास योजना द्वारा बीएलसी घटक का व्यापक स्तर पर जगह-जगह होर्डिंग, फ्लेक्स ,सार्वजनिक स्थलों व जोन कार्यालय में वॉल पेंटिंग, वार्डों में वाहनों के माध्यम से मुनादी और सोशल मीडिया के जरिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वार्डों में सर्वे टीम नियुक्त कर वास्तुविद के माध्यम से डोर टू डोर सर्वे कार्य कराया जा रहा है। प्रमुख चौराहों और मुख्य स्थलों पर होर्डिंग, फ्लैक्स ,बैनर पोस्टर लगाए गए है। ताकि, नगर निगम में सभी निवासरत पात्र गरीब परिवार को पक्का आवास देकर उनका सपना साकार हो सके।

एसआईआर: संभागायुक्त की अध्यक्षता में बैठक आज

दुर्ग। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जिले में संचालित किया जा रहा है। संभागायुक्त दुर्ग व रोल ऑब्जर्वर की अध्यक्षता में एसआईआर के संबंध में 22 जनवरी को शाम 4.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने सभी विधानसभा क्षेत्र दुर्ग ग्रामीण/शहर, वैशाली नगर, भिलाई नगर, पाटन, अहिवारा और नगर निगम आयुक्त दुर्ग, भिलाई, रिसाली, भिलाई चरोदा व मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

रिश्वत के आरोप में आरक्षक सस्पेंड

भिलाई नगर। नंदिनी थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक बद्री सिंह भुवाल को मृतक के रिश्तेदारों से 5 हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोप में एसएसपी विजय अग्रवाल ने सस्पेंड कर दिया है। थाना नंदिनी में मर्ग के बाद धारा 106 (1), 285 बीएनएस के प्रकरण के विवेचक प्रधान आरक्षक बद्री सिंह भुवाल ने मृतक के रिश्तेदार से 5 हजार रुपए की मांग की थी। भ्रष्ट आचरण प्रदर्शित करने के लिए प्रधान आरक्षक बद्री सिंह भुवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केन्द्र दुर्ग भेज दिया गया है। एसएसपी ने पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (धमधा) को प्रकरण की प्राथमिक जांच कर प्रतिवेदन 7 दिन के भीतर प्रेषित करने निर्देश दिये हैं।

अवैध दुकान: निगम ने किया बेदखल

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय के निर्देश पर खुले में अवैध रूप से दुकान लगाकर मांस-मटन बिक्री करने पर दुकान को बेदखल करने की कार्रवाई की गई है। जोन-3 सुभाष चौक में अवैध रूप से दुकान लगाकर खुले में मांस-मटन विक्रय किया जा रहा था। निगम आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली की उपस्थिति में मांस-मटन की बिक्री करने वाली दुकानों की बेदखली कार्यवाही की गई। बांस-बल्ली को जेसीबी से तोड़कर जप्त किया गया। दुकान संचालक को कहीं भी खुले में दुकान न लगाने की समझाईश दी गई है। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चुड़ामणी यादव सहित बेदखली टीम उपस्थित रहे।

राजधानी एक्सप्रेस पर पथराव इंजन के सामने का कांच तड़का

पत्थरबाजों को तलाश रही आरपीएफ की टीम, बड़ा हादसा हो सकता था

भिलाई/नवप्रदेश। खुर्सीपार गेट और पावर हाउस के बीच गत दिवस शाम 4 बजे राजधानी एक्सप्रेस पर अज्ञात लोगों ने पत्थर फेंके हैं। इस घटना में ट्रेन के इंजन के सामने लगा कांच क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें दरार आ गई। पथराव के दौरान लोको पायलट और सहायक लोको पायलट को कोई चोट नहीं आई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

बिलासपुर से नई दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस (12441) निर्धारित मार्ग से गुजर रही थी। खुर्सीपार गेट पार कर पावर हाउस की ओर बढ़ते ही अज्ञात लोगों ने ट्रेन के इंजन की तरफ पत्थर फेंक दिए। एक पत्थर सीधे इंजन के सामने लगे कांच पर लगा। कांच में दरार आ गई। अचानक इस घटना से कुछ देर के लिए लोको पायलट और सहायक लोको पायलट घबरा गए।

घटना की सूचना तत्काल लोको पायलट द्वारा आरपीएफ को दी गई। आरपीएफ के भिलाई-3 आरपीएफ प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि अज्ञात पत्थरबाजों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उनकी तलाश की जा रही है। शुरुआती जांच में पता चला है कि पथराव खुर्सीपार क्षेत्र की ओर से किया गया।

घटना के बाद आरपीएफ की टीम ने खुर्सीपार और आसपास के इलाकों में सघन पतासाजी शुरू कर दी है। इलाके की झुग्गी बस्तियों में भी तलाशी अभियान चलाया गया। कई संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है। घटनास्थल के आसपास निगरानी बढ़ा दी गई है। ताकि, भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। इससे पहले भी खुर्सीपार क्षेत्र में वंदे भारत ट्रेन पर पथराव की घटना हो चुकी है।

एटीएम में चोरी का प्रयास, चोर पकड़ाया

भिलाई नगर/नवप्रदेश। नेवई थाना क्षेत्र में चोरी के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि ग्राम धनोरा निवासी ठामेश्वर साहू उर्फ रवि ने अलग-अलग प्रकरणों में नगद, आभूषण, मोबाइल और वाहनों सहित करीब 12 लाख रुपए के सामान की चोरी की।

ताजा प्रकरण में 28 और 29 दिसंबर की रात मैत्री नगर निवासी उमाकांत यादव की दुकान का शटर तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। इसी तरह रिसाली निवासी दिनेश बेंजामिन के मकान से 25 अगस्त को चोरी के बाद से आरोपी ठामेश्वर साहू फरार चल रहा था।

सोमवार को मुखबिर की सूचना पर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने थाना पदमनाभपुर क्षेत्र से एक स्विफ्ट डिजायर कार, थाना भिलाई नगर क्षेत्र से एक मोटरसाइकिल और बालोद जिले में एटीएम चोरी का प्रयास जैसे वारदात को अंजाम देना कबूल किया।

ज्वेलर ने बीजेपी पार्षद की डंडे से कर दी पिटाई

जामुल/नवप्रदेश। पुरानी रंजिश को लेकर ज्वेलर ने नगर पालिका जामुल के पार्षद दीपक गुप्ता की डंडे से पिटाई की है। पार्षद दीपक गुप्ता ने इस मामले की शिकायत थाने में की है। इधर, ज्वेलर केशव सोनी ने भी पार्षद दीपक गुप्ता पर प्लास्टिक के डंडे से मारने का आरोप लगाया है।

दोनों की शिकायतों पर जामुल थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पार्षद ने शिकायत करते हुए कहा कि व्यापारी ने नेतागिरी खत्म करने और दोबारा चुनाव लड़ने लायक नहीं छोड़ने जैसी धमकी देते हुए मारपीट की। जब वे नगर पालिका परिषद कार्यालय जा रहे थे, उसी समय ठेठवार मोहल्ला में वर्मा के घर के पास अचानक केशव सोनी पहुंचा और रास्ता रोककर बिना कारण गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। लकड़ी के डंडे से सिर पर हमला किया, जिससे सिर, बाएं आंख और हाथ की उंगली में चोट आई। खून निकलने लगा।

ज्वेलर केशव सोनी ने पार्षद दीपक गुप्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया कि किरना (तिल्दा नेवरा) गांव से धान बेचकर लौट रहे थे। अपने कर्मचारी को शिवपुरी जामुल में छोड़ने के बाद घर जा रहे थे। उसी समय दीपक गुप्ता ने उन्हें रुकने कहा। पार्षद ने पुरानी बात को लेकर पहले गाली-गलौच की। जान से मारने की धमकी देते हुए प्लास्टिक के पाइप से हमला किया। पार्षद ने अपने भाई बबलू गुप्ता को भी बुला लिया और दोनों ने मिलकर मारपीट की। जामुल थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर मेडिकल रिपोर्ट, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और घटनास्थल के आसपास के साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है।

पीएम आवास योजना की लाटरी 30 को

भिलाई/नवप्रदेश। पीएम आवास योजना (शहरी) का क्रियान्वयन आवासन और शहर कार्य मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। झुग्गी-झोपड़ी वासियों को पक्का घर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। योजना से निर्मित घरो में पानी, बिजली, शौचालय, रसोई जैसी बुनियादी सुविधाएं शामिल है। आयुक्त राजीव पाण्डेय के निर्देश पर 30 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे निगम सभागार में आवास आबंटन की लाटरी निकाली जाएगी। योजना के तहत एएचपी किफायती आवास मोर मकान-मोर आस और मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक के विभिन्न परियोजना स्थलों पर बने आवासों का आबंटन होना है। स्वीकृति के बाद कुल अंशदान राशि का 10 प्रतिशत राशि और बेदखली व्यवस्थापन हेतु हितग्राही अंशदान 75 हजार निगम कोष में जमा कराया जा रहा है। लाटरी में वरिष्ठ नागरिक व दिव्यांगजनो को प्राथमिकता पर भूतल आवास आबंटित किया जाएगा।

कोक ओवन और कोल केमिकल विभाग में सुरक्षा जागरुकता सप्ताह

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के कोक ओवन और कोल केमिकल विभाग के कोल सेक्शन में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत एक सुरक्षा रैली का आयोजन 19 जनवरी को किया गया। रैली का उद्देश्य कार्यस्थल पर मानवीय दृष्टिकोण आधारित सुदृढ़ सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देना और कर्मचारियों व श्रमिकों में सुरक्षा के प्रति साझा उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करना था। सुरक्षा रैली का नेतृत्व मुख्य महाप्रबंधक (सीओ एंड सीसीडी) तुलाराम बेहेरा द्वारा किया गया। सुरक्षा रैली कोल मोडेक्स से प्रारंभ होकर कोल हैंडलिंग प्लांट (सीएचपी) क्षेत्र व बैटरी क्षेत्र से होते हुए कार्यालय परिसर में समाप्त हुई। रैली में विभिन्न सेक्शनों के कर्मचारियों और श्रमिकों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर तुलाराम बेहेरा ने कर्मचारियों से कार्य के दौरान सतर्क रहने, संभावित जोखिमों की समय पर पहचान व विश्लेषण करने और सुरक्षित कार्य पद्धतियों का कड़ाई से पालन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (प्रचालन सीओ एंड सीसीडी) झगर सिंह ने कर्मचारियों को दैनिक कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों के अनुपालन व सुरक्षित व्यवहार को निरंतर सुदृढ़ करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन महाप्रबंधक व विभागीय सुरक्षा अधिकारी (सीओ एंड सीसीडी) बीसी मंडल के मार्गदर्शन में किया गया। सेक्शनल हेड एसएस मेश्राम ने समन्वय किया।

बाबा गुरु घासीदास किसी एक समाज के नहीं, संपूर्ण मानवता के मार्गदर्शक : चंद्राकर

- **अंडा और उतई में आयोजित पंथी प्रतियोगिता में शामिल हुए विधायक ललित चंद्राकर**

भिलाई/नवप्रदेश। दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंडा में आयोजित अंडा परिक्षेत्र सतनामी समाज सम्मेलन और उतई हथखोज पारा में एक दिवसीय पंथी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने बाबा घासीदास और सतनाम पंथ के पवित्र प्रतीक जैतखाम की पूजा-अर्चना की। समाज जनों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए बाबा घासीदास के संदेशों का अनुसरण करते हुए सभी को मानवता की सेवा करने का आव्हान किया। विधायक चंद्राकर ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास केवल किसी एक समाज के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के मार्गदर्शक थे। उनका अमर संदेश मनखे-मनखे एक समान सामाजिक समानता, मानवीय गरिमा और भाईचारे की सुदृढ़ नींव रखता है। जिस दौर में समाज छुआछूत, भेदभाव और रूढ़ियों से जकड़ा था, बाबा गुरु घासीदास ने सत्य, अहिंसा और समानता का निर्भीक संदेश देकर समाज को नई दिशा दी। छत्तीसगढ़ की साय सरकार संत गुरु घासीदास बाबा के विचारों से प्रेरणा लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और न्याय पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अधिकांश गारंटियों को बीते दो वर्षों में धरातल पर उतारा गया है। इस अवसर पर जिपं सदस्य आशा विक्की मिश्रा, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, सरपंच दिग्विजय सिन्हा, उपसरपंच यशवंत बंजारे, पूर्व जनपद अध्यक्ष व समाज अध्यक्ष चंद्रशेखर बंजारे, टिकेश्वरी देशमुख, विक्की मिश्रा, जुगल प्रसाद जोशी, दिनेश जोशी, विक्की जोशी, रोशन जोशी, राजेन्द्र टंडन, डॉ चेकल यशवंत जोशी, विजय बघेल, युगल प्रसाद जोशी, चंदू देवांगन, गिरीश शर्मा, सांसद प्रतिनिधि ममता चंद्राकर, दानेश्वरी देशमुख, झंकार साहू, दीपमाला देशलहरे सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

श्री रामदेव बाबा के आठ दिवसीय माघ मेला में जम्मा जागरण की धूम

दुर्ग/नवप्रदेश। श्री रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर पुलगांव नाका में 20 जनवरी से श्री रामदेव बाबा के माघ मेला प्रारंभ हो गया। 8 दिवसीय माघ मेला 27 जनवरी तक चलेगा। जम्मा जागरण और भजन कीर्तन की धूम मचेगी। देश और प्रदेश के प्रसिद्ध जम्मा जागरण व भजन गायक अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। जम्मा जागरण में श्रद्धालुओं को परचों का पुण्य लाभ मिलेगा। माघ मेला चालीसगांव (महाराष्ट्र) के संत गुरुदेव सोहनलाल बापजी के पुण्य प्रताप से भक्तमाता शांतादेवी बापजी के सानिध्य में आयोजित किए गए हैं। माघ मेला के अंतिम दिन 28 जनवरी को सुबह 10:30 बजे महाआरती व हवन-पूजन किया जाएगा। इसके बाद महाप्रसादी (भंडारा) का वितरण किया जाएगा। श्री रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर पुलगांव नाका के प्रमुख रमेश कुमार जैन और पायल जैन ने बताया कि जम्मा जागरण और भजन कीर्तन प्रतिदिन रात्रि 9:30 बजे से शुरू होंगे। 21 जनवरी को भजन गायक गौरव मालू, बाड़मेर (राजस्थान), 22 को कोमल गोलछा फलौदी (राजस्थान), 23 को कविता पंवार भाटी, पाली (राजस्थान), 24 को राजू शर्मा, कोलकाता (पश्चिम बंगाल), 25 को हर्ष माली, बालोतरा (राजस्थान), 26 को भव्य बरडिया, धमतरी और 27 को भजन गायक गौरव बजाज दुर्ग द्वारा जम्मा जागरण की प्रस्तुति दी जाएगी देंगे।

प्रदर्शनी सह-व्यापार मेला | दीप प्रज्वलन कर महापौर ने किया प्रदर्शनी का शुभारंभ

पारंपरिक कारीगरी को नई पहचान दिलाने पीएम विश्वकर्मा योजना कारगर: अलका

दुर्ग/नवप्रदेश। भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए प्रदर्शनी-सह-व्यापार मेला का आयोजन 21 व 22 जनवरी को स्वामी विवेकानंद भवन दुर्ग में किया जा रहा है। महापौर अलका बाघमार ने आज प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस मौके पर एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर चन्द्राकर, निलेश अग्रवाल, शशि साहू उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में 100 से ज्यादा स्टॉल लगे हैं।

प्रदर्शनी में पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए लगे स्टॉलों में उत्पादों का प्रदर्शन व विक्रय किया जा रहा है। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। हर काम का अपना महत्व है। योजना में टूलकिट पोस्ट ऑफिस से भेजा जा रहा है। 5 प्रतिशत वार्षिक दर पर ऋण मिल रहा है।

इस योजना से विश्वकर्माओं को अपने बच्चों का ी भविष्य संवारने में मदद मिलेगी। विलुप्त हो रही हस्तकला को वापस लाने के लिए यह योजना बनाई गई है। प्रधानमंत्री मोदी की अभिलाषा है कि जब हर हाथ को, हर कारीगर को काम मिलेगा तो देश तरक्की के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ेगा।

लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष डॉ सीपी दुबे ने इंसान के बनाए सामानों की महत्ता के बारे में बताया। प्रधानमंत्री ने कारीगरों को आगे बढ़ाने के लिए यह योजना लांच की है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के मुख्य महाप्रबंधक बीआर निकुंज ने पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत दुर्ग जिले में प्राप्त आवेदनों, टूल किट वितरण, स्वीकृत ऋण के बारे में बताया।

वार्ड-60 में हटाए गए अतिक्रमण

शहर में अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार के नेतृत्व में अतिक्रमण अमले ने आज वार्ड 60 पुष्पक नगर से कतुल बोर्ड चौक सहित आसपास के क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान नालियों के आगे तक किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। अवैध रूप से रखी गई सामग्री को जब्त किया गया। स्वच्छता और शहर की सुंदरता को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए अवैध बैनर और पोस्टर हटाए गए। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि शहर की व्यवस्था बिगाड़ने वाली गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निगम आयुक्त के निर्देश पर नालियों के बाहर रॉड रखने पर संबंधित व्यक्तियों से जुर्माना वसूल किया गया। दुकानों में डिस्पोजेबल सामग्री पाए जाने और डस्टबिन न रखने पर दुकानदारों से जुर्माना वसूल किया गया।

बीएसपी-सीएसआर और एमएसएमई ने दिया महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण

- **महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने 42 दिनों तक प्रशिक्षण, व्यवसाय की जानकारी दी**

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी के सीएसआर विभाग और एमएसएमई रसमड़ा के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने 42 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण दिया गया। सीएसआर कार्यालय सेक्टर-5 में प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में 29 महिलाओं ने वस्त्रों की कटिंग, सिलाई, डिज़ाइनिंग और फिनिशिंग से संबंधित व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रतिभागियों को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान कर स्वरोजग़ार व लघु उद्यम की दिशा में सक्षम बनाने प्रशिक्षण सत्र का संचालन प्रशिक्षिका परमिंदर कौर ने किया। प्रतिभागियों को तकनीकी दक्षता के साथ-साथ व्यावसायिक जानकारी भी दी गई। समापन समारोह में अतिथियों ने प्रशिक्षार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए निरंतर अभ्यास करने और इसे आजीविका का सशक्त माध्यम बनाने प्रेरित किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (बीई) शिवराजन, महाप्रबंधक (सीएसआर) मनोज दुबे, उप प्रबंधक (सीएसआर) केके वर्मा, एमएसएमई सेंटर प्रभारी अभिनव दास सहित सीएसआर विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया गया।

24 घंटे में दो चोरी का खुलासा, पुलिस की गिरफ्त में शातिर बदमाश

■ **झलमला में हुई चोरी के मामले में बालोद पुलिस को बड़ी सफलता, 8.52 लाख की संपत्ति जब्त**

बालोद / नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में बालोद पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना बालोद क्षेत्र के ग्राम झलमला में घटित दो अलग-अलग चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस ने 24 घंटे के भीतर शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लक्ष्मण सिंह ठाकुर

पिता ङ्क गंगूराम ठाकुर, उम्र ङ्क 30 वर्ष निवासी ङ्क खैरतराई बीचपारा, थाना व जिला बालोद हाल पता ङ्क वार्ड नं. 11, डौंडी लोहारा, जिला बालोद के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात, 4,000 रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व हथौड़ी सहित कुल 8 लाख 52 हजार 450 रुपये की संपत्ति जब्त की गई है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पहला मामला थाना बालोद के अपराध क्रमांक 30/2025 धारा 331(3), 305 बीएनएस के तहत दर्ज किया गया। प्रार्थी राकेश कुमार ठाकुर, निवासी शांतिनगर घोटिया चौक झलमला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 19 जनवरी 2026 को अज्ञात चोर ने उनके सूने मकान का ताला तोड़कर अंदर रखे सोने-चांदी के जेवरात, जिनकी कीमत लगभग 7 लाख 91 हजार रुपये है, चोरी कर लिए।

दूसरा मामला अपराध क्रमांक 32/2026 धारा 331(3), 305 बीएनएस के अंतर्गत दर्ज किया गया। प्रार्थिया श्रीमती नम्रता देवी, निवासी शांतिनगर झलमला ने रिपोर्ट में बताया कि अज्ञात चोर द्वारा मकान की दीवार फांदकर चैनल गेट व दरवाजे का ताला तोड़ते हुए कमरे में रखे 4,000 रुपये नकद चोरी कर लिए गए।

लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज श्री रामगोपाल गर्ग के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक बालोद श्री योगेश पटेल के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर के निर्देशन तथा एसडीओपी बालोद बोनीफॉस एक्का के पर्यवेक्षण में निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा के नेतृत्व में थाना बालोद व साइबर सेल की संयुक्त विशेष टीम गठित की गई।

टीम द्वारा तकनीकी व मुखबिर सूचना के आधार पर संदेही लक्ष्मण सिंह ठाकुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने चोरी की वारदात स्वीकार की। आरोपी ने बताया कि वह मोटरसाइकिल क्रमांक छ्त्त-07-ख्रु-3989 से हथौड़ी लेकर झलमला पहुंचा और दो सूने मकानों में ताले तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी कर डौंडी लोहारा स्थित अपने किराये के मकान में छिपाकर रखा।

आरोपी की निशानदेही पर चोरी गया सोना-चांदी, नकदी 4,000 रुपये, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व लोहे की हथौड़ी बरामद कर विधिवत जब्त की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर 21 जनवरी 2026 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड में

अपराध क्रमांक 136/2010 धारा 457 भादवि,अपराध क्रमांक 530/2023 धारा 454, 380 भादवि दर्ज है।

इनकी रही अहम भूमिका

इस कार्रवाई में निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा, सउनि सूरज साहू, प्र.आर. 1732 योगेश सिन्हा, प्र.आर. 1603 दुर्योधन सिंह, आर. 514 मनीष राजपूत, आर. 18 धनेश्वर साहू तथा साइबर सेल बालोद के प्रभारी सउनि धरम भूआर्य सहित टीम के अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

न्यूज गैलरी

सांसद ने पोंडी और पंडरिया नगर क्षेत्र में सड़क निर्माण शीघ्र प्रारंभ करने लिखा पत्र

कवर्धा / नवप्रदेश। क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय ने राष्ट्रीय राजमार्ग 130 अंतर्गत पोंडी व पंडरिया नगर क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने को लेकर कड़ी नाराज़गी व्यक्त की है।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पोंडी से मुंगेली तक सड़क निर्माण अंतर्गत पोंडी व पंडरिया में बायपास सड़क का निर्माण हो रहा है। इसके चलते पोंडी व पंडरिया नगर अंदर क्षेत्र में सड़क निर्माण के लिए अलग से स्वीकृति मिली है। इसका टेंडर भी हो गया है। बावजूद इसके सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। सांसद संतोष पांडेय ने सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने, संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने, निर्माण कार्य अविलंब प्रारंभ कराने को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग रायपुर के अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखा है। उन्होंने शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने की स्थिति में आगे और आवश्यक कार्यवाही करने की बात कही है।

सिंगदई, मोहड टंकी की होगी सफाई

राजनांदगांव / नव प्रदेश। इस ग्रीष्म ऋतु में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने निगम सीमाक्षेत्र के पानी टंकियों की सफाई की जा रही है। टंकी सफाई की कडी में राजनांदगांव क्षेत्रांतर्गत सिंगदई मोहड टंकी (क्षमता 5.00 लाख लीटर) की सफाई कार्य किया जाना है, जिसके कारण सिंगदई मोहड टंकी नहीं भर पायेगी। इस वजह से उक्त टंकी से कल दिनांक 22 जनवरी 2026 दिन गुरूवार को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 23 जनवरी शुक्रवार से पानी की सुचारू आपूर्ति की जायेगी। पानी टंकी सफाई के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि ग्रीष्मकाल में नगर वासियो को साफ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने महापौर श्री मधुसूदन यादव के निर्देश पर निगम सीमाक्षेत्र के पानी टंकियो की सफाई कराई जा रही है। इसी कडी में कल दिनांक 22 जनवरी गुरूवार को सिंगदई मोहड टंकी (क्षमता 5.00 लाख लीटर) की सफाई की जानी है। सफाई करने के कारण उक्त टंकी नही भर पाईगी, जिससे शाम के समय की सप्लाई बाधित होगी। आयुक्त ने बताया कि सिंगदई मोहड टंकी (क्षमता 5.00 लाख लीटर) सप्लाई क्षेत्र मोहड़, सिंगदई, हल्दी, मोहारा बस्ती एवं बजरंग नगर क्षेत्र में कल 22 जनवरी गुरूवार की शाम को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी, 23 जनवरी शुक्रवार को सुबह समय में पेयजल सप्लाई यथावत होगी। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिये खेद व्यक्त करते हुये सहयोग करने की अपील की है।

घरेलू विवाद में पत्नी की हत्या, पहले बेदम पीटा फिर सल्फास खिला दिया

– कबीरधाम पुलिस की कार्यवाही, आरोपी जेल दाखिल

कबीरधाम / नवप्रदेश। कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले में अपराधों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में घरेलू विवाद के चलते पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल के दिशा-निर्देशन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सहसपुर लोहारा निरीक्षक मनीष मिश्रा द्वारा यह कार्यवाही की गई।

दिनांक 20.01.2026 को प्रार्थी लेखराम साहू पिता थानु राम साहू उम्र 50 वर्ष, साकिन चिमागोदी, थाना कवर्धा, जिला कबीरधाम द्वारा थाना सहसपुर लोहारा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनकी बड़ी पुत्री लोकेश्वरी उर्फ

लता साहू की शादी वर्ष 2017 में ग्राम महराटोला निवासी जोधन साहू पिता दयालु राम साहू के साथ सामाजिक रीति-रिवाज से हुई थी। दिनांक 19.01.2026 की दरम्यानी रात घरेलू बातों को लेकर हुए विवाद के दौरान आरोपी पति द्वारा स्टील के करछुल से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाई गई तथा बाद में कीटनाशक सल्फास खिलाकर उसकी हत्या कर दी गई।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सहसपुर लोहारा में अपराध क्रमांक 04/2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कबीरधाम द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी सहसपुर लोहारा निरीक्षक मनीष मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

विवेचना के दौरान मृतिका के पति जोधन साहू को पूछताछ हेतु थाना लाया गया। साक्ष्यों के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने घरेलू विवाद के चलते करछुल से हमला कर तथा सल्फास खिलाकर पत्नी की हत्या करना स्वीकार किया।

आरोपी जोधन साहू पिता दयालु राम साहू उम्र 50 वर्ष, साकिन महराटोला, थाना सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम को दिनांक 20.01.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

इस त्वरित विवेचना, आरोपी की गिरफ्तारी एवं वैधानिक कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक बलदाव भट्ट, प्रधान आरक्षक गिरीश तिवारी, आरक्षक राजू सोनवानी एवं थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

कबीरधाम पुलिस द्वारा महिला अपराधों एवं गंभीर प्रकरणों में त्वरित एवं कठोर कार्यवाही कर आम नागरिकों में कानून के प्रति विश्वास बनाए रखने हेतु निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26

धान खरीदी अभियान से किसानों में खुशी और उल्लास का माहौल

■ **अब तक जिले में 112133 पंजीकृत किसानों से 1322 करोड़ 72 लाख 14 हजार रूपए मूल्य का 5571654.80 क्विंटल धान की खरीदी**

■ **अब तक धान उपार्जन केन्द्रों से 1740587.80 क्विंटल धान का उठाव**

राजनांदगांव / नव प्रदेश। जिले में धान खरीदी अभियान से किसानों में खुशी की लहर है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे है। जिससे उनके समय की बचत हो रही है और उन्हें सुविधा मिल रही है। उल्लेखनीय है कि अब तक जिले में 112133 पंजीकृत किसानों से 1322 करोड़ 72 लाख 14 हजार रूपए मूल्य का 5571654.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। धान का उठाव भी लगातार जारी है। अब तक धान उपार्जन केन्द्रों से 1740587.80 क्विंटल धान का उठाव किया गया है।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन में CEIR पोर्टल दर्ज मामलों में बड़ी सफलता

गुम मोबाइल को दोबारा पाकर खिले चेहरे, लोगों ने कहा-धन्यवाद पुलिस

राजनांदगांव / नव प्रदेश। माननीय पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र नायक तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के निर्देशन में निरीक्षक एमन साहू, थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में गुम मोबाईल पतासाजी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

उक्त अभियान के अंतर्गत थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा विभिन्न कंपनियों के 12 नग गुम मोबाईल फोन (कीमत लगभग 1,50,000/- रुपये) को खोजकर बरामद किया गया।

दिनांक 21.01.2026 को थाना बसंतपुर परिसर में सभी बरामद मोबाईल संबंधित प्रार्थीगणों को सुपुर्द किए गए। इस अवसर पर थाना स्टाफ उपस्थित रहा। प्रार्थीगणों द्वारा जिला पुलिस एवं थाना बसंतपुर पुलिस की कार्यवाही की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू (थाना प्रभारी बसंतपुर), सीसीटीएनएस आरक्षक भवानी थनापति एवं आरक्षक भुनेश्वर जायसी की सराहनीय भूमिका रही।

आत्महत्या के लिए प्रताड़ित करने वाला आरोपी गिरफ्तार, महिला साथी फरार

राजनांदगांव /नव प्रदेश। पुलिस चौकी चिखली ने आत्महत्या के लिए प्रताड़ित करने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी अमीन कुरैशी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने महिला साथी के साथ मिलकर मृतक को लगातार जान से मारने की धमकी देता था और पैसों के लिए परेशान करता था।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 27.12.2025 को मृतक अमित भौमिक द्वारा अपने मकान के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना पर चौकी चिखली में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान परिजनों के कथन, संकलित साक्ष्य एवं पीएम रिपोर्ट के आधार पर अपराध धारा 108, 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भापुसे) के पर्यवेक्षण में चौकी चिखली एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। फरार आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी।

इसी क्रम में दिनांक 19.01.2026 को आरोपी अमीन कुरैशी के लखोली स्थित स्कूल ग्राउंड में छिपे होने की सूचना पर पुलिस ने तत्काल दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने महिला साथी किंजल ठावरे के साथ मिलकर अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी को 20.01.2026 को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है, जबकि आरोपिया किंजल ठावरे की तलाश जारी है।

गिरफ्तार आरोपी का विवरणः

अमीन कुरैशी पिता अकरम कुरैशी, उम्र 30 वर्ष, निवासी लखोली वार्ड नंबर 32, थाना कोतवाली, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)इस सराहनीय कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चन्द्र मरई, सउनि विनोद कुमार वर्मा, प्र.आर. अरुण कुमार नेताम, सुनील बैरागी, चन्द्रकपूर आयाम, गोपाल पैकरा, सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार सहित पूरी टीम एवं चौकी चिखली स्टाफकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

प्रथम पेज का शेष

बंद होगा डीएलएड ...

यथावत रहेंगी, लेकिन डीएलएड की सीटें क्रमशः कम होती जाएंगी।

शिक्षक बनने इन पाठ्यक्रमों का अध्ययन आवश्यक है। यही कारण है कि बीएड और डीएलएड की सीटें लगभग सभी वर्ष भर जाती हैं। न्यायालय के आदेश पश्चात वर्तमान सत्र में डीएलएड की मांग बढ़ी रही। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में पहली से पांचवी कक्षा तक अध्यापन के लिए डीएलएड डिग्री को अनिवार्य बताया था।

छत्तीसगढ़ आबकारी नीति...

स्थापना से राज्य में आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को और मजबूती मिलेगी।

मंत्रिपरिषद द्वारा नवा रायपुर अटल नगर में 04 नवीन उद्यमिता केन्द्रों की स्थापना के लिए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) के साथ एमओयू का निर्णय लिया है। इससे राज्य में आईटी/आईटीईएस उद्योग तथा तकनीकी स्टार्ट-अप इको सिस्टम को प्रोत्साहित करने में यह एमओयू महत्वपूर्ण होगा। एसटीपीआई के 68 केन्द्र संचालित है, जिनमें 60 भारत के टियर-2 और टियर-3 शहरों में स्थित है। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से एआई, मेडटेक (हर्बल मेडिसिन एवं वन उत्पाद आधारित), स्मार्ट सिटी तथा स्मार्ट एग्री उद्यमिता केन्द्रों के माध्यम से आगामी तीन से पांच सालों में डोमेन विशेष के 133 स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा देंगे।

धान खरीदी में ...

हुआ है। इस गंभीर प्रकरण में विभिन्न थानों में एफआईआर दर्ज कर 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि कुछ आरोपी फरार हैं।

बिना जीपीएस वाहनों से धान का परिवहन

नवागांव घुठेरा समिति द्वारा उपलेटा राइस मिल से मिलीभगत कर 74 जीपीएस युक्त और 40 से अधिक बिना जीपीएस वाहनों के माध्यम से धान का अवैध परिवहन किया गया। इसी प्रकार, सिंघनुपरी उपार्जन केन्द्र द्वारा एसएस फूड के साथ मिलकर 4,542 क्विंटल धान का बिना जीपीएस वाहन से परिवहन, छटन उपार्जन केन्द्र द्वारा दीपक राइस मिल एवं नवकार मिल के साथ मिलकर 3,589 क्विंटल धान का अवैध परिवहन तथा झगरहट्टा उपार्जन केन्द्र द्वारा वर्धमान राइस मिलर्स के साथ अनियमितता किए जाने पर कार्रवाई की गई है।

पुलिस ने इन्हें किया गिरफ्तार, चार फरार

इन मामलों में अब्दुल सत्तार पिता गुलाम कादर निवासी दाउपारा, विकास पाण्डेय पिता विनय पाण्डेय निवासी भटगांव-मुंगेली, महावीर जैन पिता ललित जैन, संतोष साहू पिता बलदाऊ, श्रीधर परिहार पिता हितकिशोर को गिरफ्तार किया गया है। वहीं अब्दुल समद, ललित जैन, नवेन्द मेनन एवं अनिल जांगड़े फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

अन्य थानों में भी दर्ज हुए प्रकरण

थाना फास्टपुर में अपराध क्रमांक 12/2026 एवं थाना लालपुर में अपराध क्रमांक 09/2026 के तहत भी धान उपार्जन केन्द्रों में फर्जी परिवहन, धोखाधड़ी एवं अनियमितताओं के मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में भी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

दोषियों पर होगी कठोर कार्रवाई

धान खरीदी एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार की अनियमितता, भ्रष्टाचार अथवा फर्जीवाड़ा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी तथा फरार आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

- कुंदन कुमार, कलेक्टर, मुंगेली

प्रशासन वापस ले नोटिस...

जैसा पापः द्वारका पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद महाराज ने अविमुक्तेश्वरानंद को मौनी अमावस्या पर स्नान करने से रोके जाने की निंदा की। उन्होंने कहा प्रशासन को माफी मांगनी चाहिए। ब्राह्मणों को पुलिस ने चोटी पकड़कर घसीटा। यह शासन का अहंकार है। सत्ता हर दिन नहीं रहेगी। गंगा स्नान से रोकने वालों को गो हत्या का पाप लगता है। बता दें कि सदानंद महाराज और अविमुक्तेश्वरानंद, स्वरूपानंद सरस्वती के शिष्य हैं। उनके निधन के बाद दोनों एक साथ शंकराचार्य बने थे।

रामभद्राचार्य बोले- अविमुक्तेश्वरानंद ने अन्याय किया

जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद के साथ अन्याय नहीं हुआ। अन्याय तो उन्होंने किया है। स्नान के लिए गंगा तक पालकी से जाने का नियम नहीं है। हम लोग भी पैदल ही जाते हैं। सरकार ने उन्हें खुद को शंकराचार्य साबित करने के लिए बिल्कुल सही नोटिस जारी किया है।

'रोक के बावजूद चल रहा ,...

थे। जिससे पूरे देश में 100 मीटर की परिभाषा को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। 29 नवंबर को अपने ही आदेश पर रोक लगा दी थी। मामले की जांच के लिए एक्सपर्ट कमेटी गठित करने के निर्देश देते हुए केंद्र और अरावली के चार राज्यों (राजस्थान, गुजरात, दिल्ली और हरियाणा) को भी नोटिस जारी कर इस मुद्दे पर जवाब मांगा था।

बेंचः पहले जारी अंतरिम आदेश जारी रहेगा।

सीजेआईः कुछ तरह की अवैध गतिविधियां अब भी जारी हैं। अवैध खनन से ऐसे हालात बन सकते हैं, जिन्हें सुधारा नहीं जा सकेगा।

सीजेआईः नई रिट याचिकाएं दाखिल न करें। हमें पता है कि ये याचिकाएं क्यों दायर की जा रही हैं।

वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल (हस्तक्षेप याचिकाकर्ता की ओर से): हम अरावली का इतिहास जानते हैं। इसकी परिभाषा के पीछे विज्ञान होना चाहिए।

संगठन-सियासत में दिखेंगे...

अध्यक्ष बनाया गया था। जेपी नड्डा के कार्यकाल के दौरान भी पार्टी ने छत्तीसगढ़ को संगठनात्मक प्रयोगशाला की तरह इस्तेमाल किया था। अब नितिन नवीन के चयन को भी उसी कड़ी में देखा जा रहा है। पार्टी के अंदर यह चर्चा है कि छत्तीसगढ़ जैसे राज्य, जहां बीजेपी को कांग्रेस से सीधी और लगातार लड़ाई लड़नी पड़ी है, वहां के अनुभव राष्ट्रीय स्तर पर काम आ सकते हैं।

संगठन पर पकड़ और मैसेजिंग

छत्तीसगढ़ में बीजेपी को पिछले कुछ सालों में संगठनात्मक स्तर पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। कांग्रेस की सरकार, स्थानीय मुद्दों का दबाव और अंदरूनी गुटबाजी जैसी समस्याएं सामने आईं। इस दौरान नितिन नवीन का फोकस संगठन को नीचे तक एक्टिव रखने पर रहा। मंडल स्तर से लेकर जिला इकाइयों तक नियमित फीडबैक सिस्टम को मजबूत किया गया। पार्टी सूत्रों के मुताबिक नवीन की कार्यशैली अपेक्षाकृत शांत लेकिन सख्त मानी जाती है। छत्तीसगढ़ में उन्होंने साफ संदेश दिया था कि संगठन और सरकार अलग-अलग नहीं चल सकते। यही वजह है कि कई जिलों में संगठनात्मक फेरबदल किए गए।

ग्रीनलैंड चाहिए, लेकिन...

देशों की भी आलोचना की। उन्होंने सोमालिया के लोगों के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया और कहा कि वे 'कम बुद्धि वाले' और 'समुद्री डाकू' हैं।

ट्रम्प के भाषण की 7 अहम बातें...

- अमेरिका के अलावा कोई भी देश ग्रीनलैंड की रक्षा नहीं कर सकता। दूसरे विश्व युद्ध में जब जर्मनी ने डेनमार्क पर कब्जा किया था, तब अमेरिका ने ही ग्रीनलैंड की सुरक्षा की थी। अमेरिका ने ग्रीनलैंड डेनमार्क को वापस कर दिया, यह अमेरिका की बड़ी गलती थी।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कराया ब्राह्मण भोज

महासमुंद/नवप्रदेश। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के निवास पर श्रद्धा, आस्था और सनातन परंपरा का अनुपम संगम देखने को मिला। इस अवसर पर पार्थिव शिवलिंग का विधिवत रुद्राभिषेक संपन्न हुआ, वहीं ब्राह्मण समाज के लिए सम्मानपूर्वक ब्राह्मण भोज का आयोजन भी किया गया। विधायक श्री सिन्हा ने आमंत्रित ब्राह्मणों का परिवार सहित आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उन्हें ससम्मान भोजन हेतु आमंत्रित किया। ब्राह्मणों ने भी विधायक के आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए धार्मिक वातावरण में आयोजित भोज में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री सिन्हा ने पूरे परिवार के साथ ब्राह्मणों से आशीर्वाद प्राप्त किया और धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विषयों पर उनका मार्गदर्शन लिया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि ब्राह्मणों का योगदान भारतीय समाज के निर्माण में ऐतिहासिक और बहुआयामी रहा है। धर्म, दर्शन, कला, विज्ञान, शिक्षा और राजनीति के क्षेत्र में उनके योगदान ने भारतीय संस्कृति को दिशा और स्थायित्व प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में ब्राह्मण को समाज का मार्गदर्शक, विचारक और संतुलनकर्ता माना गया है, जिनकी भूमिका सामाजिक चेतना को जाग्रत रखने में सदैव महत्वपूर्ण रही है।

नागरिकों से संवाद कर नपाध्यक्ष ने सुनी लोगों की समस्याएं

■ **समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन**

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पालिका दफ्तर में नयापारा क्षेत्र के नागरिकों से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। श्री साहू ने एक एक कर सभी से संवाद कर समस्याओं के समाधान के लिए आश्वस्त किया।

अध्यक्ष कक्ष में नागरिकों ने जलजमाव, साफ-सफाई, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, नाली निर्माण, कूड़ा प्रबंधन और पेयजल सहित वृद्धा पेंशन, आवास योजना, राशन कार्ड जैसी समस्याओं को उठाया। श्री साहू ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रत्येक समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का आश्वासन दिया।

अध्यक्ष ने कहा कि जनप्रतिनिधि का पहला कर्तव्य जनता की बात सुनना और उस पर शीघ्र कार्य करना है। उन्होंने मौके पर ही नगर पालिका के विभागीय अधिकारी और संबंधित विभाग प्रभारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्याओं की त्वरित जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। विशेष रूप से जिन क्षेत्रों में सफाई, पेयजल संबंधी समस्या हैं, वहां तकनीकी निरीक्षण कर स्थायी समाधान की कार्य योजना बनाने को कहा। श्री साहू ने स्पष्ट किया कि जनहित के हर मुद्दे पर पारदर्शिता और तत्परता उनकी प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि वे समय-समय पर आमजन से संवाद करते रहेंगे। इससे योजनाओं का लाभ हर नागरिक तक पहुंच सकेगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अध्यक्ष की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना की। लोगों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में नगर पालिका क्षेत्र निरंतर प्रगति करेगा। यह संवाद प्रशासनिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा। साथ ही यह जनप्रतिनिधि और नागरिकों के बीच विश्वास और संवाद की मजबूत नींव भी बन गया। इस दौरान प्रमुख रूप से सभापति जितेंद्र ध्रुव, पार्षद मुस्ताक खान, संजय चंद्राकर, पवन कुमार साहू, सुधा रात्रे, हिरन, रुक्मणि यादव, लीला, कुमारी, शेख शाबान, पुष्पा बेलदार, पवन विश्वकर्मा, कंचन राठी, रमा बाई, भुनेश्वरी साहू, ऊषा शर्मा, फरीदा, अजय विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

बास्केटबॉल चैंपियनशिप में चार खिलाड़ियों ने जीता कांस्य पदक

महासमुंद/नवप्रदेश। 69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बास्केटबॉल अंडर 17 वर्ष बालिका वर्ग (11 से 15 जनवरी तक) राजनांदगांव में संपन्न हुई। जिसमें जिले के मां गायत्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 04 खिलाड़ी दिव्या पिता विनोद रंगारी, स्वाति पिता श्यामू यादव, राइमा पिता रखाल दास एवं पलक पिता जगदीश पंचबद्धे ने हिस्सा लिया। सभी खिलाड़ी मिनी स्टेडियम महासमुंद में बास्केटबॉल खेल का अभ्यास करते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप राजनांदगांव के लिए जिले से चयनित हुए हैं। छत्तीसगढ़ की टीम ने राजनांदगांव में बेहतर प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीतकर जिले व प्रदेश को गौरवांवित किया हैं।

सूने घर से गहने, नकद समेत लाखों की चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा थाना अंतर्गत चोरों ने दिनदहाड़े सूने मकान को निशाना बनाकर सोने- चांदी के गहने, नकद सहित लाखों की चोरी को अंजाम दिया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस अज्ञात के खिलाफबीएनएस की 305 (ए), 331 (4) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है। जानकारी के अनुसार वार्ड -4 पोटरपारा बागबाहरा निवासी विकास चंद्राकर ने थाने में शिकायत की है कि वह चालक है। 19 जनवरी को ट्रक चलाने के लिए बाहर गया था ,मां संतोषी चंद्राकर अपने मायके आरंग गई थीं घर में कोई नहीं था। रात लगभग 09 बजे घर लौटा तो खिड़की के ऊपर झरोखा टूटा हुआ था। ताला खोलकर अंदर घुसा तो पूरा सामान बिखरा हुआ था और आलमारी का दरवाजा खुला था । आलमारी से 01 जोड़ी सोने का झुमका, 04 नग अंगूठी, 01 नग गले का हार, 04नग चांदी की सांटी एवं 01 नग चांदी का करधन (कीमती लगभग डेढ़ लाख रुपए) एवं नकदी 26 हजार रुपए कुल 1 .76 लाख रुपए गायब थे।

वाहन की ठोकर से युवक की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। अज्ञात वाहन की ठोकर से एक युवक की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में अज्ञात वाहन के चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को खैरा के मोहित यादव ने बताया कि 18 जनवरी की शाम 7 बजे उनका बड़ा भाई गोविंदा यादव (37) घर से निकला था, किंतु रात में वापस नहीं आया था। 19 जनवरी की सुबह उन्हे पता चला कि उनके बड़े भाई की सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट लगने से मृत्यु हो गई है था जिला अस्पताल में उनके शव को रखा गया है। सूचना मिलते के बाद वह जिला अस्पताल महासमुंद गया, चीरघर में बड़े भाई गोविंदा के शव को रखा गया था। बाद में पता चला कि गोविंदा का भार्गव पेट्रोल पंप के पास एनएच -353 महासमुंद में दुर्घटना हुआ था। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

शुष्क दिवस 26 को

महासमुंद/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि इस दिन महासमुंद जिले की समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट एवं प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानें, एफएल 3 सपना बार एंड रेस्टोरेंट तथा देशी मदिरा भंडारण भाण्डागार पूर्णत: बंद रहेंगे। आदेश के तहत 26 जनवरी को जिले में मदिरा का संपूर्ण क्रय-विक्रय, भंडारण एवं परिवहन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। निर्देशों का उल्लंघन करने पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे गणतंत्र दिवस की गरिमा बनाए रखते हुए नियमों का पालन करें और सहयोग प्रदान करें।

आजादी के बाद पहली बार टेंगनाबासा से राजपुर तक बनेगी पक्की सड़क

विधायक रोहित साहू ने की ऐतिहासिक घोषणा

छुरा /नवप्रदेश। क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए राजिम विधायक रोहित साहू ने एक और बड़ी सौगात की घोषणा की है। आजादी के सात दशकों के लंबे इंतजार के बाद अब टेंगनाबासा से राजपुर तक पक्की सड़क का निर्माण किया जाएगा। यह घोषणा विधायक ने ग्राम मोहराडीह में आयोजित भव्य रामचरित मानस यज्ञ के दौरान की, जिससे क्षेत्रवासियों में हर्ष की लहर दौड़ गई है।

विधायक रोहित साहू ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि टेंगनाबासा से राजपुर के बीच पक्की सड़क न होने के कारण ग्रामीणों को वर्षों से आवागमन में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। आजादी के इतने वर्षों बाद भी हमारे ग्रामीण भाई-बहन कच्ची राहों पर चलने को मजबूर थे। इसके पूर्व मोहराडीह में आयोजित रामचरित मानस यज्ञ के समापन अवसर पर पहुंचे विधायक ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि मानस की चौपाइयां हमें जीवन जीने की कला सिखाती हैं और समाज में समरसता का संदेश देती हैं। इस आयोजन में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जहां भक्तिमय वातावरण के बीच विधायक ने क्षेत्र की प्रगति के लिए आशीर्वाद मांगा। अपने संबोधन में विधायक ने अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर का भी भावुकता से जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के लंबे संघर्ष और तपस्या के बाद आज मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम अपने भव्य महल में विराजमान हुए हैं। यह हर भारतीय के लिए गर्व और अस्मिता का विषय है। उन्होंने इसे भारतीय संस्कृति के पुनर्जागरण का प्रतीक बताया। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी श्रीरामलला दर्शन योजना पर प्रकाश डालते हुए विधायक ने कहा कि सरकार हर श्रद्धालु के सपने को साकार कर रही है। प्रदेश के बुजुर्गों और श्रद्धालुओं को सरकारी खर्च पर अयोध्या धाम के दर्शन कराए जा रहे हैं। विधायक ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अयोध्या जाकर नवनिर्मित मंदिर में रामलला के दर्शन करें। कार्यक्रम को भाजपा मण्डल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, नगर पंचायत छुरा के अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद ने भी संबोधित किया।

ग्रामीणों ने जताया आभार

टेंगनाबासा से राजपुर तक पक्की सड़क की घोषणा, कार्यक्रम स्थल पर डोम शेड के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा तथा टेंगनाबासा में पीडीएस भवन की स्वीकृति के लिए स्थानीय ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए आभार प्रकट किया । सड़क बनने से टेंगनाबासा और राजपुर के बीच की दूरी कम समय में तय होगी और बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियां खत्म हो जाएंगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव, भाजपा जिला मंत्री जगदीश यादव, सरपंच राजकुमारी ध्रुव,, भाजपा मंडल महामंत्री अशोक ठाकुर,थानसिंह निषाद, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष लोकेश चंद्राकर, भवानी शंकर सेन, सुजल कोठारी, निखिल साहू, रमेश सिन्हा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, साधु संत और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा एक फरवरी को

■ **व्यापमं द्वारा परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी**

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन रविवार, 01 फरवरी 2026 को दो पालियों में किया जाएगा। प्रथम पाली में परीक्षा प्रातः 09:30 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें 10 निर्धारित परीक्षा केंद्रों में 2524 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी तरह द्वितीय पाली में परीक्षा दोपहर 03 बजे से शाम 05:45 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें निर्धारित 17 परीक्षा केंद्रों में 4428 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

व्यापम द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पहले परीक्षा केन्द्रों में पहुंचने की सलाह दी गई है। ताकि फ्रिस्किंग तथा फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण की जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। चूंकि परीक्षा दो पालियों में आयोजित है, प्रथम पाली में प्रातः 09:30 बजे से शुरू होगी, इसलिए प्रवेश द्वार सुबह 09 बजे एवं द्वितीय पाली में दोपहर 03:00 बजे से परीक्षा प्रारम्भ होगी, इसलिए प्रवेश द्वार दोपहर 02:30 बजे बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा। अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बाँह वाले कपड़े पहनकर आने के निर्देश दिए हैं। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी, तथा गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पूरी तरह वर्जित होंगे। सामान्य बिना पॉकेट स्वेटर की अनुमति है, जिसे सुरक्षा जांच के दौरान उतारकर दिखाना आवश्यक होगा। ऐसे अभ्यर्थियों को सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करने कहा गया है। अतिरिक्त सुरक्षा जांच के उपरांत ही उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति होगी। अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र में चप्पल पहनकर आएं।

साफ-सफाई कर स्वयंसेवकों ने दिया स्वच्छता का संदेश

महासमुंद/नवप्रदेश। पर्यावरण संरक्षण और जल स्रोतों के पुनरुद्धार के संकल्प के साथ स्वाध्याय केन्द्र समिति द्वारा संचालित 'अविरल सितली ,निर्मल सितली' अभियान के अंतर्गत सितली नाला के तट पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महासमुंद की प्रातः शाखा लगाई गई। स्वयंसेवकों ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। यहाँ स्वयंसेवकों ने सितली नाला क्षेत्र के प्लास्टिक, कचरे तथा जलकुंभियों को हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया। पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने इस महत्वाकांक्षी योजना की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि आगामी समय में सितली नाला पुल से लेकर मुक्तिधाम तक क्षेत्र को एक आदर्श परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि यहाँ दोनों ओर पैदल पार पथ, पचरी, फुट ओवरब्रिज, उद्यान और गौरव के प्रतीक स्वरूप भारत माता की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। डॉ. चोपड़ा ने इस बात पर विशेष बल दिया कि वर्तमान में गंदगी और झाड़ियों से पट चुके सितली नाले को उसके पुराने और प्राकृतिक स्वरूप में लौटाना किसी एक व्यक्ति या संस्था का नहीं, बल्कि सभी शहरवासियों का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने आह्वान किया कि इस अभियान को एक जन-आंदोलन का रूप देकर ही हम अपनी भावी पीढ़ियों को एक स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण सौंप पाएंगे। इस अवसर पर संघ के विभाग प्रचारक ठाकुरराम ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया। उन्होंने संघ के 'पंच परिवर्तन' के अंतर्गत पर्यावरण को एक प्रमुख स्तंभ बताते हुए कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा करना हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है।

उन्होंने जोर दिया कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाना केवल आज की जरूरत नहीं, बल्कि हमारा धर्म है। उन्होंने समाज के हर वर्ग से अपील की कि वे अपनी जीवनशैली में परिवर्तन लाएं और प्लास्टिक मुक्त समाज के निर्माण के साथ-साथ जल संरक्षण के प्रति सजग रहें। उपस्थित जनों ने संकल्प लिया कि वे निरंतर प्रयासों से सितली नाला को पुनः निर्मल और अविरल बनाकर ही दम लेंगे।

कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार, आरोपी जेल दाखिल

■ **अन्य असामाजिक तत्वों पर की गई प्रतिबंधक धाराओं में कार्यवाही**

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय सुश्री अंकिता शर्मा जिला राजनांदगांव अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक , पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केसरी नंदन नायक की दिशा निर्देश में अवैध शराब पर प्रभावी कार्यवाही करने दिशा निर्देश दिये गए है एवं आगामी दिनांक 23/01/26 को ग्राम अंडी में मंडई के मद्देनजर अवैध शराब पर रोक लगाने मुखबीर तैनात किया गया था, जो दिनांक 21/01/26 को ग्राम भ्रमण गस्त दौरान मुखबीर की सूचना मिली कि एक व्यक्ति रामविलास सेवता ग्राम सोरीटोला अंडी में अपने घर के पास हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब बिक्री कर रहा है, कि सूचना पर हमराह स्टाफएवं गवाहन के रेड कार्यवाही की गई एवं रामविलास सेवता के कब्जे से कच्ची देशी महुआ शराब 20 नग प्लास्टिक पोलिथिन कुल 05 बल्कलीटर व एक पीले कलर के जरिकेन में 05 बल्कलीटर कुल 10 बल्कलीटर किमती 2000 रूपये को आरोपी रामविलास सेवता पिता श्रवण सेवता उम्र 38 साल निवासी सोरीटोला अंडी, थाना बोरतलाव, से जप्त किया गया । आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आब0 एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया । इसके अतिरिक्त 03असामाजिक तत्वो पर प्रतिबंधात्मक धाराओ में कार्यवाही की गई उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास , प्र0आर0 1297 रोहित पडोती, आर0 268, 1651, 428 की सराहनीय योगदान रहा ।

देशी और अंग्रेजी शराब जब्त

महासमुंद। पिथौरा पुलिस ने ग्राम मुढ़ीपार के पास एक अधेड़ से देशी प्लेन व अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने वार्ड -13 पिथौरा निवासी अरूण घरडे (42)` से 30 नग गोवा अंग्रेजी शराब, 12 नग देशी प्लेन शराब कुल (कीमती 4560 रुपए) बरामद की है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

चित्रकला, निबंध भाषण और रंगोली बनाकर किया जागरूक

गरियाबंद/नवप्रदेश। शासकीय वीर सुरेंद्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गरियाबंद में 16वे राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत चित्रकला निबंध भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका जिसका थीम मेरा भारत मेरा वोट था । जिसमें निम्न प्रतिभागियों ने विभिन्न विधाओं में भाग लिया ।

चित्रकला में नमिता ध्रुव प्रथम ए भूमिका भारती साहू द्वितीय एवं कुसुम साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । निबंध प्रतियोगी में हर्षा चक्रधारी प्रथम ए योगिता निषाद द्वितीय एवं दीपिका साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

भाषण प्रतियोगिता में धनंजय ध्रुव प्रथम ए कमल राज द्वितीय एवं पंकज निर्मलकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

रंगोली प्रतियोगिता में तुलसी ध्रुव प्रथमए गीतांजलि बघेल द्वितीय एवं वर्षा निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ आर के तलवरे के निर्देशन में संपन्न हुआ जिसमें सभी सहायक सहायक प्राध्यापको ने सहभागिता दी। प्रोफेसर नोडल प्रेमानंद महिलांग द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

रामो विग्रहवान धर्म | **राज्यस्तरीय श्रीरामचरित मानसगान सम्मेलन में भक्ति, संस्कृति और परंपरा का अद्भुत संगम**

गरियाबंद में तीसरे दिन भी गूंजा रामकथा का अमृतधारा

गरियाबंद/नवप्रदेश। धर्मनगरी गरियाबंद इन दिनों पूरी तरह राममय वातावरण में डूबी हुई है। रामो विग्रहवान धर्म की जीवंत अनुभूति के साथ राज्यस्तरीय श्रीरामचरित मानसगान सम्मेलन के तीसरे दिन भी गांधी मैदान में भक्तिए श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा की अविरल धारा प्रवाहित होती रही। भगवान श्रीभुतेश्वरनाथ महादेवए माँ शीतला एवं मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीरामचंद्र जी की असीम कृपा से आयोजित यह भव्य एवं दिव्य सम्मेलन 19 जनवरी से 22 जनवरी 2026 तक चल रहा है।

आयोजक टीम के सदस्य प्रकाश सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहींए बल्कि सनातन संस्कृतिए पारिवारिक मूल्यों और रामकथा की जीवंत परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि अब तक 15 मानस मंडलियाँ अपनी संगीतमय प्रस्तुतियाँ दे चुकी हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठित और अनुभवी मंडलियाँ शामिल हैं।

सम्मेलन में करुणा मानस परिवार द्वारा प्रस्तुत रामचरित मानस गान ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। चौपाई आधारित प्रस्तुति की परंपरा के अनुसार आयोजकों द्वारा दी गई चौपाइयों पर मंडलियों ने भावए संगीत और अभिनय के माध्यम से रामकथा के प्रसंगों को जीवंत किया। प्रत्येक मंडली को लगभग एक घंटे का समय दिया गयाए जिसमें राम जन्मए वनगमनए भरत मिलापए शबरी संवादए सीता हरणए हनुमान चरित और रामराज्य जैसे प्रसंगों की भावपूर्ण झलक प्रस्तुत की गई।

परिवार संग उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

सम्मेलन स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहपरिवार उपस्थित रहे। महिलाएंए बुजुर्गए युवा और बच्चे सभी रामकथा के रस में डूबे नजर आए। आयोजन स्थल पर अनुशासनए मर्यादा और धार्मिक वातावरण का विशेष ध्यान रखा गया हैए जिससे श्रद्धालु निर्बाध रूप से मानसगान का आनंद ले सकें।

रामराज युवा संगठन की सराहनीय भूमिका

श्री रामराज युवा संगठन एवं समस्त नगरवासी गरियाबंद के तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन को सफल बनाने में युवाओं की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही।

जिले में 330 कट्टा अवैध धान जब्त

■ **21 एकड़ रकबा का कराया गया समर्पण**

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर संयुक्त टीम द्वारा सतत निगरानी करते हुए कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज दो प्रकरणों में 330 कट्टा अवैध धान जब्त एवं एक कृषक से 21 एकड़ रकबे का समर्पण कराया गया। जिसमें बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम खिराडेरा में अवैध धान के संग्रहण की सूचना प्राप्त होने पर मंडी अमले द्वारा मौके पर कार्रवाई करते हुए 250 कट्टा धान जब्त किया गया। संबंधित प्रकरण में मंडी अधिनियम के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की गई। वहीं तहसील बसना अंतर्गत ग्राम अंकोरी में अवैध धान परिवहन करते 80 कट्टा धान जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया।

इसी तरह पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम भुरकोनी में बृजलाल साव के निवास पर धान के संबंध में सत्यापन किया गया। जांच में पाया गया कि किसान का कुल पंजीकृत रकबा 39 एकड़ है, जिसमें से 21 एकड़ रकबे में धान फसल नहीं पाई गई। इस पर किसान द्वारा 21 एकड़ रकबा समर्पण करने हेतु सहमति दी गई। जिला प्रशासन ने निर्देशित किया है कि अवैध धान संग्रहण एवं परिवहन में अनियमितताओं पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

जिला स्तरीय कबड्डी स्पर्धा में पदमपुर विजेता, चर्रा की टीम बनी उप विजेता

दो दिवसीय जिला स्तरीय कबड्डी स्पर्धा का आयोजन, वरिष्ठ खिलाड़ियों के योगदान से ही कुरूद क्षेत्र में निखर रही खेल प्रतिभाएं: निरंजन

कुरूद / नवप्रदेश। कुरूद नगर एवं क्षेत्र में वर्षों तक मैदान से जुड़े और क्रिकेट खिलाड़ियों का सृजन करने वाले स्व. विनोद गोस्वामी एवं कुरूद में खेल से जुड़े दिवंगत खेल प्रेमियों की स्मृति में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में अपना हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए। पदमपुर (नगरी) की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया। चर्रा (कुरूद) की टीम बनी उपविजेता बनी। इस प्रतियोगिता में जिले भर की 32 टीमों के इस मुकाबले में अपने शानदार खेल प्रदर्शन के साथ तीसरा स्थान पर धौरा भाटा ने हासिल किया और शानदार खेल दिखाते हुए ने चौथा पुरस्कार परसट्टी ने जीता। इसके साथ ही इस अवसर विशेष प्रतिभा सम्मान भी किया गया। जिनमें इंटरनेशनल बाल बैडमिटन खिलाड़ीनरेन्द्र कुमार एशिया कप में कुरूद का नाम दर्ज करने वाले परखंदा के होनहार खिलाड़ी को। धनेश्वरी निर्मलकर राष्टीय कब्बडी एसजीपीआई में अपने खेल को प्रदर्शित करने और सिया शर्मा कथक नृत्यागना जोउज्जैन, शिमला, पुरी, विशाखापटनम , हरिद्वार में कुरूद की माटी की बेटी सिया को दी गई।

पुरस्कार वितरण समारोह के ये रहे अतिथि कबड्डी प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के अध्यक्ष एवं कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष निरंजन सिन्हा । अध्यक्षता पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रविकांत चंद्राकर ने की। अति. विशिष्ट अतिथि टॉरनेडो के सीनियर खिलाड़ी एवं पुलिस अधीक्षक नीरज चंद्राकर थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारणी चंद्राकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, पार्षद मंजू साहू, राखी चंद्राकर, आशीष शर्मा थे। मुख्य अतिथि श्री सिन्हा ने इस सफलतम आयोजन के लिए टॉरनेडो क्रिकेट क्लब और समस्त वरिष्ठ खिलाड़ियों के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि मैदान को खिलाड़ी और खिलाड़ी को मैदान चाहिए जिससे ही प्रतिभाएं पैदा होती है। उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए पुराना बाजार चौक की प्रतियोगिताओं और अपने पुराने साथी सुरेंद्र ठाकुर के गेमचंजर वाले प्रदर्शन का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कबड्डी ही ऐसा खेल है जो टीम भावना से खेला जाता है। श्री सिन्हा ने कुरूद के मैदान से निकली प्रतिभाओं को भी उल्लेखित करते हुए क्रिकेट, वॉलीबॉल से लेकर कबड्डी के कुरूद नगर व क्षेत्र को खिलाड़ियों की भूमि कहा। अति विशिष्ट अतिथि नीरज चंद्राकर ने उपस्थित आभासी दुनिया को छोड़ कर वास्तविकता में जीवन जीने की बात कहते हुए। मोबाइल और सोशल मीडिया, रील आदि से दुर रहकर मैदान से जुड़ने और अपने हुनर को दुनिया के सामने लाने को कहा। उन्होंने आगे कहा कि मैदान से ही मौका -मंच और मुकाम हासिल हो सकता है। इसलिए अपने अपने रुचि अनुसार खेल में खुद को साबित कीजिए।*अतिथियों ने टारनेडो क्रिकेट क्लब द्वारा किए गए भव्य कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन की सराहना करते हुए इसकी निरंतरता बनाए रखने की बात कही। साथ ही विजेता एवं उपविजेत्ता टीम को बधाई देते हुए कहा कि खेल में हार जीत होती रहती है। लेकिन महत्वपूर्ण बात है मैदान में खिलाड़ियों के बीच खिलाड़ी भावना का होना। जिसका पालन जिले भर से आए कबड्डी खिलाड़ियों ने किया। आयोजन को सफल बनाने टारनेडो क्रिकेट क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का योगदान रहा। 17 और 18 जनवरी को नगर के खेल मेला मैदान में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय भव्य कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लेकर खेल का प्रदर्शन किया। जिसमें वनांचल सिहावा क्षेत्र ग्राम पदमपुर और कुरूद ब्लॉक के ग्राम च के टीम के बीच रविवार को फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें पदमपुर के धाकड़ खिलाडियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए स्व विनोद गोस्वामी स्मृति ट्रॉफी पर कब्जा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसे 21 हजार रू एंव चैलेंजर कप आयोजक समिति द्वारा दिया गया। वहीं द्वितीय स्थान पर रहे चरां की टीम को टारनेडो क्लब द्वारा 11 हजार रू एवं स्मृति स्व कमलेश शर्मा की स्मृति में मनीष शर्मा द्वारा तथा तृतीय-6 हजार रू एवं स्मृति चिन्ह सौराबांधा को स्व पृथ्वी लाल देवांगन की स्मृति में हरिश देवांगंन द्वारा एवं चतुर्थ 4 हजार रू एवं स्मृति चिन्ह, परसठठी स्व. कौशिल्य देवांगन की स्मृति में हरीश द्वारा और सर्वश्रेष्ठ खिलाडी 21 सौ रू एवं स्मृति चिन्ह टिकेश निषाद चर्रा स्पोटर्स कुरूद संजय ध्रुव द्वारा, सर्वश्रेष्ठ टेंडर 11 सौ एवं स्मृति विन्ह त्रिलोक पदमपुर, सर्वश्रेष्ठ ष्4कैचर 11 सौ एवं स्मृति चिन्ह कोमल यादव चर्रा स्व ऋषि राम ग्वाल की स्मृति में सनवय ग्वाल द्वारा प्रतिभा सम्मान टॉरनेडो क्लब द्वारा स्मृति चिन्ह भेट किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने संयोजक सुरेश निषाद पचपेडी, सहसंयोजक रमेश कुमार साहू मंदरौद, सदस्य नूरसिंग यादव, घनश्याम धुव चरां, वरूण ध्रुव भोथा, शिवनंदन निषाद हसदा, रामकिशुन नेताम मोहंदी, संयोजक ओमप्रकाश साहू कातलबीड, सदस्य रिगतेश्वर साहू करेलीबडी, ओमप्रकाश पटेल मंदरोद, भावसिंग बंजारे पठार संयोजक रेफरी के रूप में सहयोग किए।

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता (Palash Khade S/o Shri Deepak Khade, Age 27 Years,) निवासी क्वाटर नं.-एडी पॉकेट, मरोदा सेक्टर, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का रहने वाला हूं जो कि अपन निम्नलिखित शपथपूर्वक अभिकथन करता हूं कि:- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे नाम से आधार कार्ड एवं कुछ शैक्षणिक अंकसूची, जारी हुआ है जिसमें मेरा नाम (Palash Khade) पिता का नाम (Shri Deepak Khade) माता का नाम (Smt. Ranjana Khade) दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। यह कि मेरे नाम से ड्रायविंग लायसेंस एवं 10वीं सीबीएससी की अंकसूची में, जारी हुआ है जिसमें मेरा नाम (Palash Khande) पिता का नाम (Shri Deepak Khande) माता का नाम (Smt. Ranjana Khande) दर्ज जो कि गलत है। यह कि मेरा सही एवं वास्तविक नाम (Palash Khade) पिता का नाम (Shri Deepak Khade) माता का नाम (Smt. Ranjana Khade) है जो कि सत्य एवं सही है। यह कि मेरा आगे सभी शासकीय/ अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्थान के दस्तावेज पर मेरा सही एवं वास्तविक नाम (Palash Khade) पिता का नाम (Shri Deepak Khade) माता का नाम (Smt. Ranjana Khade) दर्ज किय जाये। यह कि शासकीय गजट प्रकाशन पर मेरा सही एवं वास्तविक नाम (Palash Khade) पिता (Deepak Khade) माता का नाम (Smt. Ranjana Khade) दर्ज करवाना चाहता हूँ।

शपथकर्ता
(Palash Khade
S/o Shri Deepak Khade)
निवासी क्वाटर नं.-एडी पॉकेट, मरोदा सेक्टर, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं कविता प्रदीप पति प्रदीप ओ.आर., उम्र-39वर्ष, पता-हाउस नं.-629, मोगरा, बी. ब्लाक, तालपुरी, सिविंक सेंटर, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूँ। यह कि, कुमारी यशस्वी ओ.पी. मेरी नाबालिक पुत्री हैं। जिसका जन्म दिनांक 25/09/2009 हैं। जो पढ़ाई करती हैं तथा मेरी पुत्री के आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, एवं शैक्षणिक दस्तावेज में दर्ज नाम यशस्वी ओ.पी. (YASHASVI O.P.) दर्ज हो गया हैं। जिसे मैं सुधार उपरांत मैं अपनी पुत्री का नाम यशस्वी (YASHASVI) दर्ज करवाना चाहती हूँ तथा मेरी पुत्री का नाम भविष्य शैक्षणिक रिकार्ड में यशस्वी (YASHASVI) दर्ज करवाना चाहती हूँ तथा भविष्य में मेरी पुत्री का नाम यशस्वी (YASHASVI) अंकित/दर्ज तथा उक्त गजट प्रकाशन के माध्यम से अपनी पुत्री का नाम सुधार करवाना चाहती हूँ। जिसके संबंध में मैं माननीय न्यायालय श्रीमान् कार्यपालिक दण्डाधिकारी, के द्वारा जारी शपथ पत्र प्रस्तुत की हूँ तथा अपने शैक्षणिक दस्तावेजों की कॉपी, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न की हूँ। जिसके आधार पर मेरी पुत्र का नाम सुधार करने बाबत् कार्यवाही किया जाना उचित होगा।

शपथकर्ती
कविता प्रदीप पति प्रदीप ओ.आर. पता-हाउस नं.-629, मोगरा, बी. ब्लाक, तालपुरी, सिविंक सेंटर, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

डोंगरगांव जनपद पंचायत में भ्रष्टाचार की सुगबुगाहट

■ **नियमों को दरकिनार कर हो रहे निर्माण, सदस्यों ने एसडीएम कार्यालय घेरा**

डोंगरगांव / नवप्रदेश। जनपद पंचायत डोंगरगांव में सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाकर कराए जा रहे निर्माण कार्यों को लेकर विवाद गहरा गया है। बिना किसी प्रशासनिक स्वीकृति, टेंडर प्रक्रिया और मद के उल्लेख के लाखों रुपये खर्च किए जाने के विरोध में मंगलवार को जनपद सदस्यों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सदस्यों ने अधिकारियों पर तानाशाही और वित्तीय अनियमितता के गंभीर आरोप लगाए हैं।ज्ञापन के अनुसार, जनपद कार्यालय में वर्तमान में सी.ई.ओ. कक्ष (1.26 लाख), अध्यक्ष-उपाध्यक्ष कक्ष (1.42 और 1.55 लाख) और वी.सी. कक्ष सहित अन्य निर्माण कार्यों (4.53 लाख) में भारी अनियमितता बरती जा रही है। सदस्यों का कहना है कि इन कार्यों का न तो सामान्य सभा में प्रस्ताव लाया गया और न ही कोई तकनीकी स्वीकृति ली गई। 19 जनवरी को हुई सामान्य सभा में जब इस पर जवाब मांगा गया, तो सी.ई.ओ. ने संतोषजनक जानकारी देने के बजाय मामले को टाल दिया।

मामले में जनपद सदस्य रवि साहू,शोभना पटेल एवं किसान कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मदन साहू ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए बताया कि यह प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि ÷इससे पहले भी सी.ई.ओ. की अनुपस्थिति में नियमों के विरुद्ध जाकर करारोपण अधिकारी द्वारा बैठक कराए जाने को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन उस पर आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासन की इसी सुस्ती के कारण अधिकारियों के हौसले बुलंद हैं। यदि इस बार भी वही रवैया रहा और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो हम उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से रवि साहू, खुमान नेताम, रेशम साहू, शोभना पटेल, हरिला साहू, अनीता पंचारी और सरिता साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

> जनपद में हो रहे कार्यों के नियम विरुद्ध होने की शिकायत लेकर जनपद पंचायत के सदस्यों द्वारा शिकायत पत्र लेकर ज्ञापन सौंपने आए थे। एसडीएम सर की अनुपस्थिति में यह पत्र मेरे द्वारा लिया गया है। इसे सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर नियमानुसार जांच की जाएगी।
>
> **- कमल किशोर साहू, तहसीलदार, डोंगरगांव**

कांग्रेस नेता गणेश सिंह ध्रुव को एआईसीसी ने बनाया उड़ीसा प्रभारी

भाटापारा/ नवप्रदेश। ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक गणेश सिंह ध्रुव के प्रथम ओडिशा आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। भुवनेश्वर पहुंचते ही प्रदेश कांग्रेस और आदिवासी कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य और जोरदार स्वागत किया। यह दौरा संगठनात्मक दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202510104700031 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राहुल कुमार पिता- श्री श्याम लाल निवासी गांधी नगर नेहरू नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा स्थित भूमि मौजा जुनवानी प.ह.नं. 43 रा.नि.म. जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 1084/345, रकबा 0.0500 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक एवं अन्य सहखातेदारों के नाम से भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी आवेदक की माता बिरन बाई पति- श्यामलाल का स्वर्गवास दिनांक 02/04/2023 को हो जाने से मृतक का नाम विलोपित कर उनके स्थान पर उनके विधिक वारिसान 1. प्रतिमा पिता श्यामलाल (पुत्री) का नाम दर्ज किये जाने एवं शेष खातेदारों का नाम यथावत् रखे जाने हेतु आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.02.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.01.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430103900078

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी ममता पिता/पति अनिल कुमार पता शंकर नगर दुर्ग, सुषमा पिता/पति चंद्रकांत पता शंकर नगर दुर्ग, तारा वाघमारे पिता/पति दिगम्बर पता शंकर नगर दुर्ग, नितिन कुमार पिता/पति दिगम्बर पता शंकर नगर दुर्ग, के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1305/56 (0.0090), 1305/59 (0.0070) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता ममता पिता/पति अनिल कुमार पता शंकर नगर दुर्ग, सुषमा पिता/पति चंद्रकांत पता शंकर नगर दुर्ग, तारा वाघमारे पिता/पति दिगम्बर पता शंकर नगर दुर्ग, नितिन कुमार पिता/पति दिगम्बर पता शंकर नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.02.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.01.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग
-: सूचना-पत्र :-

क्रं.87.रा.नि.26/दिनांक 20.01.2026

प्रति,

आवेदक 1. गिरधर प्रसाद पिता स्व. बल्दूराम देशमुख निवासी कोहका भिलाई, 2. देवेन्द्र मध्यानी, 3. सुरेन्द्र कुशवाहा, 4. पुनीत साहू, 5. धनेश ठाकुर, 6. मेहत्तरु साहू।

विषय : सीमांकन/स्थल जांच के संबंध में सूचना बाबत्।

ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 1201/1, 1202/1, 1203 रकबा 0.0940, 0.07, 0.02 हे. का सीमांकन /स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/ अधीक्षक भू-अभिलेख/सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर/ अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 1139 दिनांक 04.08.2025 के परिपालन में दिनांक 03.02.2026 को सममय 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन/स्थल जांच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद में आपत्ति स्वीकार नही किया जावेगा।

मुहर
राजस्व निरीक्षक कोहका तह. व जिला दुर्ग

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग
-: सूचना-पत्र :-

क्रं.120.रा.नि.26/दिनांक 13.01.2026

प्रति,

आवेदक 1. श्रीमती सुधा मिश्रा पति अजय मिश्रा निवासी म.न. 230 स्ट्रीट नं. 25 चंद्रनगर वार्ज नं. 11 शांतिनगर, 3. उषा बाला, 4. पुष्पा देवांगन, 5. लेविन नया

विषय : सीमांकन/स्थल जांच के संबंध में सूचना बाबत्।

ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 1607/66 रकबा 1744 वर्गफीट हे. का सीमांकन /स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/ अधीक्षक भू-अभिलेख/सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर/ अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक दिनांक 07.11.2025 के परिपालन में दिनांक 02.02.2026 को सममय 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन/स्थल जांच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद में आपत्ति स्वीकार नही किया जावेगा।

मुहर
राजस्व निरीक्षक कोहका तह. व जिला दुर्ग

नाम-परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का वास्तविक एवं सही नाम आयुष नाग है जो कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक दस्तावेज अर्थात् अंकसूचियों में दर्ज है, परन्तु मेरे पुत्र के आधार कार्ड में मेरे पुत्र का नाम थबिरो नाग (Thabiro Nag) पिता श्री राजेश नाग दर्ज किया गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक दस्तावेज अर्थात् अंकसूचियों में दर्ज नाम आयुष नाग पिता श्री राजेश नाग को ही मेरे पुत्र के आधार कार्ड में दर्ज करवाना चाहता हूँ जिस हेतु मुझे गजट प्रकाशन की आवश्यकता है।

शपथकर्ता
राजेश नाग पिता पुन्नाराम नाग उम्र 44, निवासी म.न. 429/1 वार्ड नं. 60 कातुलबोर्ड, एस.ए.एफ लाईन भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता लोकेश कुमार साहू (LOKESH KUMAR SAHU) पिता हेम लाल साहू उम्र 48 वर्ष, निवासी मकान नं. 88 राम नगर, वार्ड नं. 12, सुपेला भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग छ.ग. का हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि मैं दर्शित पते पर निवास करता हूं। मेरा नाम लोकेश कुमार साहू (LOKESH KUMAR SAHU) मेरे आधार कार्ड कमांक-3895 4899 6143 से अभिप्रमाणित है। इसी प्रकार एवं मेरे पुत्र के आधार कार्ड क्रमांक-9124 7279 9800 में उसका नाम रियांश साहू (RIYANSH SAHU) अंकित है। यह कि, मेरा पुत्र रियांश साहू (RIYANSH SAHU) जिसकी जन्मतिथि 16/08/2018 है जो कि कक्षा पहली में (Shakuntala Vidyalaya, Ram Nagar, Bhilai) में अध्ययनरत है, जिसके दाखिल पंजी एवं शैक्षणिक अंकसूची में उसका नाम (RIYANSH SAHU) पिता (LOKESH KUMAR SAHU) अंकित है जिसमें जाति के कॉलम में (SAHU OBC) दर्ज हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है। मेरे पुत्र के दाखिल पंजी के जाति के कॉलम में (SAHU OBC) दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर जाति (TELI) दर्ज करवाना चाहता हूं। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम (RIYANSH SAHU) पिता (LOKESH KUMAR SAHU) अंकित है। यह कि, मेरी पुत्र का सही व वास्तविक नाम रियांश साहू (RIYANSH SAHU) पिता लोकेश कुमार साहू (LOKESH KUMAR SAHU) एवं जाति (TELI) दर्ज/ सुधार करने शासकीय गजट में प्रकाशित करवाने एवं इस आधार पर मेरे पुत्र के शैक्षणिक दाखिल खारिज एवं अन्य प्रमाण पत्रों, में अंकित करवाने बाबत् आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
लोकेश कुमार साहू पिता हेम लाल साहू निवासी मकान नं. 88 रामनगर, वार्ड 12, सुपेला भिलाई तह. व जिला-दुर्ग छ.ग.

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता लोकेश कुमार साहू (LOKESH KUMAR SAHU) पिता हेम लाल साहू उम्र 48 वर्ष, निवासी मकान नं. 88 राम नगर, वार्ड नं. 12, सुपेला भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग छ.ग. का हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि मैं दर्शित पते पर निवास करता हूं। मेरा नाम लोकेश कुमार साहू (LOKESH KUMAR SAHU) मेरे आधार कार्ड कमांक-3895 4899 6143 से अभिप्रमाणित है। इसी प्रकार एवं मेरे पुत्र के आधार कार्ड क्रमांक-3410 3381 6343 में उसका नाम रिषभ साहू (RISHABH SAHU) अंकित है। यह कि, मेरा पुत्र रिषभ साहू (RISHABH SAHU) जिसकी जन्मतिथि 16/08/2018 है जो कि कक्षा पहली में (Shakuntala Vidyalaya, Ram Nagar, Bhilai) में अध्ययनरत है, जिसके दाखिल पंजी एवं शैक्षणिक अंकसूची में उसका नाम (RISHABH SAHU) पिता (LOKESH KUMAR SAHU) अंकित है जिसमें जाति के कॉलम में (SAHU OBC) दर्ज हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है। मेरे पुत्र के दाखिल पंजी के जाति के कॉलम में (SAHU OBC) दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर जाति (TELI) दर्ज करवाना चाहता हूं। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम (RISHABH SAHU) पिता (LOKESH KUMAR SAHU) अंकित है। यह कि, मेरी पुत्र का सही व वास्तविक नाम रियांश साहू (RISHABH SAHU) पिता लोकेश कुमार साहू (LOKESH KUMAR SAHU) एवं जाति (TELI) दर्ज/ सुधार करने शासकीय गजट में प्रकाशित करवाने एवं इस आधार पर मेरे पुत्र के शैक्षणिक दाखिल खारिज एवं अन्य प्रमाण पत्रों, में अंकित करवाने बाबत् आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
लोकेश कुमार साहू पिता हेम लाल साहू निवासी मकान नं. 88 रामनगर, वार्ड 12, सुपेला भिलाई तह. व जिला-दुर्ग छ.ग.

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202601101000113/अ-6अ/सन्- 2025-26

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरुद प.ह.न. 00046 हे.

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-कोडा शारदा अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कोडा शारदा पिता/पति/ विभाग दुर्गा राव पता-आंध्र प्रदेश द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.म. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग की भूमि ख.न 249/68 रकबा 0.01 है. भूमि को आवेदक द्वारा ऋय कर नामान्तरण कराकर ऋष्ा पुस्तिका प्राप्त कर लिया गया है। उक्त भूमि वर्तमान पटवारी अभिलेख में आवेदक का नाम प्रदर्शित नही हो रहा है! जिसे त्रुटी सुधार किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनाक 30.01.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है! निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.01.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202601104000008 /अ-06/वर्ष 2025-26
मौजा मेडेसरा प.ह.न. 07

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वैभव मदान पिता स्व. हरीश मदान निवासी म. नं. बी- 353, सड़क नं. 1/ए, स्मृति नगर भिलाई, तहसील व, जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन किया है कि ग्राम मेडेसरा प.ह.नं. 07 रा.नि.म. अहिवारा तहसील अहिवारा जिला दुर्ग छ.ग. स्थित भूमि ख. नं 732/2, 732/3 का भाग एवं रकबा क्रमशः 0.162, 0.06 हे. भूधारक / भूमिस्वामी हरीश मदान पिता स्व. माधो नारायण मदान एवं वीना मदान पति हरीश मदान के नाम पर शामिलात भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि का भूधारक/भूमिस्वामी के द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 18.02. 2022 के आधार पर वसीयतप्राप्तकर्तागण वैभव मदान पिता हरीश मदान, तारिणि कक्कड़ पिता अमन कक्कड़, अवनि कक्कड़ पिता अमन कक्कड़, सिद्धांत मदान पिता वैभव मदान के पक्ष में निष्पादित किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के भूधारक/भूमिस्वामी/ सहखातेदार हरीश मदान पिता स्व. माधो नारायण की मृत्यु दिनांक 19.05.2024 को हो जाने से पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर वसीयतकर्ता/भूधारक का नाम विलोपित कर वसीयतप्राप्तकर्तागण के नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत वसीयतनामा, खसरा बी-1 एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति संलग्न कर इस न्यायालय में पेश किया गया है। जो इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतएवं इस आवेदन के संबंध में विधिक आपत्तियाँ / दावा रखने वाला व्यक्ति/संस्था, स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 28.01.2026 को स्थान तहसील कार्यालय अहिवारा में लिखित आवेदन कर निवेदित कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 09.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202601104000009 /अ-06/वर्ष 2025-26
मौजा खेरधा प.ह.न. 03

पुलिस मुख्यालय के सूत्रों ने इसी संबंध में एक अलग जानकारी में बताया कि ये सही है कि एक से अधिक जिलों में एक ही अभ्यर्थी का नाम आने की वजह से कुछ पद खाली रह जाएंगे। ये भी बताया गया है कि भर्ती प्रक्रिया के अगले चरण में अब तक करीब 1700 लोगों की ट्रेनिंग भी प्रारंभकर दी गई है। इसके बाद जब अनुप्रमाणन पत्र भरे जाएंगे तब ये साफ होगा कि किस जिले में कितने पद खाली रह गए हैं।

रायपुर में दुष्कर्म के आरोपी का घर-दुकान ढहाया गया

■ बुजुर्ग ने 5 दिन तक बच्ची से किया था दुष्कर्म, अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 9 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के जघन्य मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए 65 वर्षीय आरोपी अब्दुल सज्जाद अंसारी के अवैध घर और दुकान को ध्वस्त कर दिया। आरोपी ने बच्ची को चॉकलेट देने के बहाने लगातार पांच दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म किया था। घटना के उजागर होने के बाद जहां पुलिस ने तुरंत उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, वहीं नगर निगम और जिला प्रशासन ने अवैध निर्माण के खिलाफ बुलडोजर चलाकर कड़ा संदेश दिया है।

'यह समाज के लिए गंभीर अपराध': पुरंदर मिश्रा

क्षेत्रीय विधायक पुरंदर मिश्रा ने भी इस कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा कि नाबालिगों पर दुष्कर्म जैसे अपराध समाज के लिए सबसे घातक और गंभीर अपराध हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि, प्रशासन पूरी तरह कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई कर रहा है और इसमें किसी भी प्रकार का राजनीतिक दबाव या प्रतिशोध शामिल नहीं है। उनका कहना था कि ऐसे मामलों में कठोरतम कार्रवाई ही समाज को सही संदेश दे सकती है।

आरोपी स्थानीय मोहल्ले में चूड़ी और छोटी-मोटी वस्तुएँ बेचने का काम करता था। उसकी दुकान पर चॉकलेट, नड्डा और मुर्रा भी उपलब्ध रहते थे जिनका लालच देकर वह बच्ची को अपनी दुकान और घर की ओर खींचता था। बच्ची जब भी वहां जाती, आरोपी उसे लालच देकर अपने घर ले जाता और वहां उसके साथ लगातार पांच दिनों तक दुष्कर्म करता रहा। यह अमानवीय कृत्य 7 जनवरी से 11 जनवरी के बीच चलता रहा, जिसका बच्ची ने किसी से खुलकर जिक्र नहीं किया, लेकिन फिर बच्ची ने नहाते समय अपनी चाची को दर्द होने की बात बताई। सिविल लाइन पुलिस ने बच्ची के बयान और मेडिकल जांच के आधार पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो सहित गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

नोटिस के बाद चला बुलडोजर

घटना के सार्वजनिक होने के बाद रायपुर नगर निगम ने आरोपी के घर और दुकान की भौतिक जांच की। निरीक्षण में पता चला कि आरोपी द्वारा नगर निगम के नियमों का उल्लंघन करते हुए अवैध निर्माण किया गया था। इसके बाद निगम की टीम ने नियमानुसार सात दिन पूर्व नोटिस जारी कर दिया, जिसे आरोपी के घर पर चस्पा भी किया गया था। नोटिस की अवधि समाप्त होते ही आज नगर निगम और जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया और पूरी संरचना को जमींदोज कर दिया। यह कार्रवाई लगभग एक घंटे तक चली और आसपास के रहवासियों की भीड़ ने इसे देखा।

दो साल बाद शिक्षक पात्रता परीक्षा 3.23 लाख अभ्यर्थी होंगे शामिल

– रायपुर से अधिक अभ्यर्थी बिलासपुर में

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल दो साल बाद शिक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित करने जा रहा है। फरवरी माह में यह परीक्षा होगी। इसके लिए प्रदेशभर से 3 लाख 23 हजार 183 आवेदन प्राप्त हुए हैं। सर्वाधिक आवेदन बिलासपुर जिले से प्राप्त हुए हैं, जबकि दूसरे स्थान पर रायपुर है। प्रदेश में प्रथम पाली में 1,18,642 तथा द्वितीय पाली में 2,04,541 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इनमें कुछ अभ्यर्थी ऐसे भी हैं, जो दोनों पाली की परीक्षा में शामिल होंगे। पहली पाली की परीक्षा में रायपुर में 15,573 तथा दूसरी पाली की परीक्षा में 30,346 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

वहीं बिलासपुर में पहली पाली की परीक्षा में 18116 तथा दूसरी पाली की परीक्षा में 30309 अभ्यर्थी शामिल होंगे। शिक्षक पात्रता परीक्षा 20 जिलों में होगी। प्रथम पाली के लिए 366 तथा द्वितीय पाली के लिए 656 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यह नियम भविष्य की नियुक्तियों के साथ-साथ सेवारत शिक्षकों पर भी लागू किया गया है। हालांकि सेवानिवृत्ति के करीब वाले पुराने शिक्षकों को इसमें कुछ छूट दी गई है। यही कारण है कि टेट में अभ्यर्थियों की संख्या 3 लाख से पार कर गई है।

परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9.30 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन के लिए अभ्यर्थी शामिल होंगे।

पदोन्नति के लिए अनिवार्य है टेट

ऐसे शिक्षक जिन्होंने यह पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है, उनके लिए इसे क्वालीफाई करना अनिवार्य कर दिया गया है। बीते वर्ष सितंबर माह में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार, पदोन्नति प्रदान करने शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करना अनिवार्य है।

आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस पर व्याख्यान विप्र सम्मान और धार्मिक प्रश्नोत्तरी संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद द्वारा आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस का आयोजन वृन्दावन हाल, रायपुर में किया गया. जिसमें आचार्य चाणक्य जी के जीवन एवं सिद्धांतों पर व्याख्यान, विप्र सम्मान एवं दर्शकों के लिए धार्मिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम के सम्मानित विशिष्ट आतिथि श्री संदीप शर्मा जी, अध्यक्ष - छत्तीसगढ राज्य खाद्य आयोग, श्रीमती वर्णिका शर्मा जी, अध्यक्ष - राज्य बाल संरक्षण आयोग, शशांक शर्मा जी, अध्यक्ष, छत्तीसगढ संस्कृति परिषद, राजेश

अग्रवाल जी, वरिष्ठ समाजसेवी एवं सम्मानित विद्वान वक्ता उमाशंकर व्यास जी, वरिष्ठ निदेशक - नवभारत प्रेस,श्री प्रभात मिश्र जी, कार्य परिषद सदस्य, कुशाभाउ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय, ईशान शर्मा जी, राष्ट्रवादी कवि थे.कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन एवं सुमन मिश्रा - वीणा मिश्रा के गणेश वंदना से किया. अतिथियों का मंच से स्वागत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने वर्ल्ड ब्राह्मण फ़ेडरेशन द्वारा वर्ष भर की गतिविधियों एवं रचनात्मक कार्यो से अतिथियों एवं सभा को अवगत कराया. कार्यक्रम संयोजक अजय अवस्थी ने आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस की पृष्ठभूमि, ब्राह्मण समाज की भूमिका एवं विषय से अवगत कराया. कार्यक्रम में आमंत्रित विद्वान वक्ता उमाशंकर व्यास ने कहा कि चाणक्य का दर्शन और सिद्धांत सामाजिक समरसता पर आधारित है।

शराब का अवैध रूप से परिवहन आरोपी गिरफ्तार, एक्टिवा जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। सचिव सह आबकारी आयुक्त आर. शंगीता के मार्गदर्शन एवं कलेक्टर रायपुर गौरव सिंह के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। आबकारी वृत खमतराई अंतर्गत अवैध मदिरा के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए एक प्रकरण कायम किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 19 जनवरी 2026 को आबकारी विभाग द्वारा कायम प्रकरण क्रमांक 01 अंतर्गत छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई घटनास्थल - बीरगांव, थाना उरला, जिला रायपुर में की गई, जहां आरोपी भागी नवरंगे के कब्जे से 35 नग पाव देशी मदिरा मसाला बरामद की गई। जप्त मदिरा की कुल मात्रा 6.3 बल्क लीटर है, जिसकी अनुमानित कीमत 3,500 रुपये बताई गई है। आबकारी विभाग द्वारा मदिरा परिवहन में प्रयुक्त एक होंडा एक्टिवा वाहन भी जप्त किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख रुपये है। आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

प्रोजेक्ट धड़कन में हुई बच्चों के हृदय की नि:शुल्क जांच, 1028 की हुई स्क्रीनिंग

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार, जिला प्रशासन रायपुर द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए चलाई जा रही योजना प्रोजेक्ट धड़कन के अंतर्गत ज़िले भर में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य है बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की समय रहते पहचान कर उन्हें बेहतर और निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना।कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन तथा सत्य साई हॉस्पिटल के सहयोग से आज अर्बन टीम डी द्वारा अछोली

आंगनबाड़ी केंद्र 4 एवं 5 में 102 बच्चों की स्क्रीनिंग, धरसीवां टीम बी द्वारा गिधौरी में 131 बच्चों की स्क्रीनिंग, तिल्दा टीम बी द्वारा नेवर एवं साकरा में 233 बच्चों की स्क्रीनिंग, अर्बन टीम बी द्वारा शासकीय स्कूल चांगोराभाटा में 116 बच्चों की स्क्रीनिंग।

ऑटो एक्सपो 2026: वाहन खरीदी पर आरटीओ टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में परिवहन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन द्वारा 20 जनवरी 2026 से 05 फरवरी 2026 तक श्री राम बिजनेस पार्क, एमजीएम हॉस्पिटल के सामने, विधानसभा रोड, सड्डू रायपुर में ऑटो एक्सपो2026 का आयोजन किया जा रहा है।उक्त ऑटो एक्सपो में विक्रय होने वाले वाहनों पर परिवहन विभाग द्वारा एकमुश्त 50 प्रतिशत जीवनकाल कर (आरटीओ टैक्स) में छूट प्रदान की जा रही है, जिससे प्रदेश के आम नागरिकों को बड़ा आर्थिक लाभ मिलेगा।ऑटो एक्सपो-2026 का आयोजन 20 जनवरी 2026 से 05 फरवरी 2026 तक श्री राम बिजनेस पार्क, रायपुर में किया जा रहा है। इस अवधि में वाहन क्रय करने वाले ग्राहकों को आरटीओ टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

वाहन पंजीयन कराने की सुविधा उपलब्ध

यह प्रदेश का पहला ऑटो एक्सपो है, जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ के आम नागरिकों को लाभ मिलेगा। वाहन खरीदने के लिए आमजन को रायपुर आने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि वे अपने शहर अथवा गांव के निकटतम प्रतिभागी/पंजीकृत डीलरों के माध्यम से इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। ऑटो एक्सपो-2026 के अंतर्गत सभी नागरिकों को अपने गृह जिले में ही वाहन पंजीयन कराने की सुविधा उपलब्ध होगी। अर्थात, क्रय किए गए वाहन पर अपने गृह जिले के परिवहन कार्यालय का पंजीयन चिन्ह (आरटीओ कोड) प्राप्त किया जा सकेगा।दूरस्थ क्षेत्रों के डीलर्स भी इस ऑटो एक्सपो में भाग ले रहे हैं, जिससे छोटे व्यावसायिक विक्रेताओं को रोजगार के उपयुक्त अवसर प्राप्त होंगे और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

नए मॉडलों को देखने, परखने और चुनने का अवसर मिलेगा

रायपुर ऑटो एक्सपो में छत्तीसगढ़ की जनता को एक ही स्थान पर सभी प्रकार के वाहन मॉडल एवं नवीनतम तकनीक से युक्त नए मॉडलों को देखने, परखने और चुनने का अवसर मिलेगा। इससे आमजन नवीनतम ऑटोमोबाइल तकनीकों से भी अवगत हो सकेंगे।रायपुर ऑटो एक्सपो2026 में देश के विभिन्न फाइनेंसर एवं बैंक न्यूनतम दरों पर वाहन ऋण उपलब्ध करा रहे हैं, वहीं इंश्योरेंस कंपनियां न्यूनतम दरों पर वाहन बीमा की सुविधा प्रदान कर रही हैं। इससे वाहन क्रय करने वाले नागरिकों को अतिरिक्त आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

कई कंपनियों की गाड़ियां, छूट भी

ऑटो एक्सपो-2026 में आरटीओ टैक्स में 50 प्रतिशत छूट के साथ-साथ फाइनेंस कंपनियों, बैंकों, इंश्योरेंस कंपनियों एवं विभिन्न डीलरों के बीच प्रतिस्पर्धा के कारण न्यूनतम दरों पर वाहन उपलब्ध होंगे, जिससे आमजन को व्यापक आर्थिक राहत मिलेगी।रायपुर के इस ऑटो एक्सपो में रायपुर जिले के 95 डीलर्स तथा अन्य जिलों के 171 डीलर्स, कुल 266 डीलर्स भाग ले रहे हैं, जिससे प्रदेशभर के नागरिकों को विविध विकल्प उपलब्ध होंगे। उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष 2025 के ऑटो एक्सपो में कुल 29,348 वाहनों की बिक्री हुई थी, जिसके माध्यम से आम जनता को लगभग 120 करोड़ रुपये की आरटीओ टैक्स में छूट प्रदान की गई थी।

जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर बना सहारा, समस्याओं का हो रहा निदान

रायपुर/नवप्रदेश। मार्च मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान किया जा रहा है। रायपुर कलेक्टोरेट स्थित जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर नागरिकों के लिए भरोसेमंद माध्यम बनकर उभरा है।बोरियाकला निवासी ममता यादव ने बताया कि सीने में दर्द की शिकायत के चलते उन्हें मेकाहारा अस्पताल में भर्ती होना पड़ा, जहां आयुष्मान भारत योजना के तहत उनका उपचार किया गया। डिस्चार्ज होने के बाद आयुष्मान कार्ड में डिस्चार्ज की जानकारी अपडेट नहीं होने के कारण वे अन्य अस्पताल में उपचार नहीं करा पा रही थीं।इस समस्या से परेशान होकर श्रीमती यादव ने जिला जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही संबंधित विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई और आयुष्मान कार्ड में आवश्यक अपडेट कर समस्या का समाधान किया गया। अन्य अस्पताल में सफलतापूर्वक उपचार करा सकीं और अब पूर्णतः स्वस्थ हैं।श्रीमती ममता याद ने समस्या के शीघ्र समाधान पर मुख्यमंत्रीविष्णुदेव साय एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। समस्याओं के समाधान हेतु जिला प्रशासन के जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर के मोबाइल नंबर 9977222564, 9977222574, 9977222584 शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

गणतंत्र दिवस पर गूंजेगी स्वदेशी धमक: 105 मिमी लाइट फील्ड गन से दी जाएगी 21 तोपों की सलामी

आत्मनिर्भर भारत की नई पहचान अब ब्रिटिश 25-पाउंडर नहीं

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज को 21 तोपों की सलामी देना एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक परंपरा है। इस परंपरा के तहत गणतंत्र दिवस पर 21 तोपों की सलामी के लिए 105 मिमी लाइट फील्ड गन का उपयोग किया जा रहा है। गौरतलब है कि यह भारत में ही बनी एक पूर्णत स्वदेशी तोप प्रणाली है। यह प्रणाली आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भारत की रक्षा निर्माण क्षमता को प्रदर्शित करती है। पहले 21 तोपों की सलामी के लिए ब्रिटिश काल की 25 पाउंडर तोपों का इस्तेमाल किया जाता था। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक 105 मिमी लाइट फील्ड गन के प्रयोग से न केवल पुरानी परंपरा को आधुनिक स्वरूप मिला है, बल्कि स्वदेशी रक्षा प्रणालियों के सशक्त होने का संदेश गया है। यह स्वदेशी रक्षा प्रणालियों पर भारतीय सेना के बढ़ते विश्वास का भी प्रतीक है। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिया जाने वाला 21 तोपों का सलामी समारोह भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को प्रदान किया जाने वाला सर्वोच्च सैन्य सम्मान है। यह सलामी कर्तव्य पथ के लॉन से दी जाती है। भारतीय सेना द्वारा संचालित इस समारोह का प्रत्येक क्षण अत्यंत अनुशासन, सटीकता और गरिमा का प्रतीक होता है। दरअसल 1721 फील्ड बैटरी (सेरेमोनियल) भारतीय सेना की एक प्रतिष्ठित आर्टिलरी बैटरी है। यह यूनिट राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तैनात है। यह बैटरी देश के सर्वोच्च एवं गरिमामय राष्ट्रीय अवसरों पर तोपों की सलामी देने की परंपरा का निर्वहन करती है। जिन विशेष अवसरों पर यह यूनिट तोपों की सलामी देती है उनमें गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ, शहीद दिवस पर राजघाट, स्वतंत्रता दिवस पर लाल किला तथा राष्ट्रपति भवन में विदेशी राष्ट्राध्यक्षों एवं सरकार प्रमुखों के औपचारिक स्वागत के समारोह शामिल हैं।

अटल पेंशन योजना को विस्तार, सिडबी को इक्विटी मदद से एमएसएमई को मिलेगी मजबूती

■ **रोजगार सृजन को मिलेगा बढ़ावा, मजबूत पूंजी आधार की जरूरत**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में सामाजिक सुरक्षा और एमएसएमई सेक्टर से जुड़े दो अहम फैसले लिए गए। कैबिनेट ने अटल पेंशन योजना को वित्त वर्ष 2030-31 तक जारी रखने की मंजूरी दी, वहीं स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया को 5,000 करोड़ रुपए की इक्विटी सहायता देने का भी निर्णय लिया।

2015 में हुई थी योजना की शुरुआत

अटल पेंशन योजना की शुरुआत 9 मई 2015 को असंगठित क्षेत्र के कामगारों को बुढ़ापे में आर्थिक सुरक्षा देने के उद्देश्य से की गई थी। इस योजना के तहत 60 वर्ष की आयु के बाद 1,000 से 5,000 रुपए तक की गारंटीड मासिक पेंशन मिलती है, जो व्यक्ति के योगदान पर निर्भर करती है।

सरकार का अनुमान है कि इस फैसले से करीब 25.74 लाख नए एमएसएमई को सीधा लाभ मिलेगा और इससे लगभग 1.12 करोड़ नए रोजगार पैदा हो सकते हैं, क्योंकि औसतन हर एमएसएमई करीब चार लोगों को रोजगार देता है।



अटल पेंशन योजना को 2030-31 तक विस्तार

कैबिनेट ने अटल पेंशन योजना को 2030-31 तक जारी रखने के साथ इसके प्रचार, जागरूकता और विकास से जुड़ी गतिविधियों के लिए फंडिंग सपोर्ट बढ़ाने को भी मंजूरी दी है। इसके अलावा योजना को दीर्घकाल तक टिकाऊ बनाए रखने के लिए जरूरी गैप फंडिंग जारी रखने का भी फैसला किया गया है। सरकार का मानना है कि इस फैसले से असंगठित क्षेत्र के मजदूरों और कम आय वाले वर्गों तक योजना की पहुंच और बढ़ेगी, जिससे सामाजिक सुरक्षा का दायरा मजबूत होगा।

सिडबी को 5,000 करोड़ रुपये की इक्विटी सहायता

कैबिनेट ने एमएसएमई सेक्टर को राहत देने के लिए सिडबी को 5,000 करोड़ रुपए की इक्विटी सहायता देने को भी मंजूरी दी है। यह राशि वित्तीय सेवा विभाग के माध्यम से तीन चरणों में दी जाएगी–वित्त वर्ष 2025-26 में 3,000 करोड़ रुपए, जबकि 2026-27 और 2027-28 में 1,000-1,000 करोड़ रुपए। इस इक्विटी निवेश से सिडबी की वित्तीय स्थिति मजबूत होगी और वह एमएसएमई सेक्टर को अधिक मात्रा में सस्ता कर्ज उपलब्ध करा सकेगा। सरकार के मुताबिक, इससे सिडबी की मदद से वित्तीय सहायता पाने वाले एमएसएमई की संख्या 76.26 लाख से बढ़कर 1.02 करोड़ तक पहुंच सकती है।

8.66 करोड़ से ज्यादा जुड़े

19 जनवरी 2026 तक इस योजना से 8.66 करोड़ से अधिक लोग जुड़ चुके हैं, जिससे यह देश की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था की एक मजबूत कड़ी बन चुकी है। सरकार के अनुसार, योजना का विस्तार 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को भी मजबूती देगा और पेंशन आधारित समाज की दिशा में मददगार होगा।

भारत और स्पेन दोनों आतंकवाद के शिकार

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को दिल्ली में स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस से मुलाकात की। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा भारत और स्पेन दोनों आतंकवाद के शिकार रहे हैं। इसलिए पूरी दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता (जीरो टॉलरेंस) की नीति अपनानी चाहिए। उन्होंने बदलती दुनिया में साझा चुनौतियों से मिलकर लड़ने पर जोर दिया।

कॉर्डोबा ट्रेन हादसे पर जताया दुख

जयशंकर ने 18 जनवरी को स्पेन के कॉर्डोबा में हुए भीषण ट्रेन हादसे पर गहरा दुख जताया। इस हादसे में 40 लोगों की जान गई थी। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की और घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना की। यह हादसा तब हुआ था जब एक ट्रेन पटरी से उतरकर दूसरी ट्रेन से टकरा गई थी।

रक्षा और एआई में बढ़ रहा सहयोग

रक्षा क्षेत्र में सहयोग पर बात करते हुए जयशंकर ने बताया कि 'मेड इन इंडिया' सी-295 विमान इस साल सितंबर से पहले बनकर तैयार हो जाएगा। वडोदरा में इसकी फैक्ट्री का उद्घाटन अक्टूबर 2024 में हुआ था। इसके अलावा, भारत अगले महीने एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी करेगा। भारत एआई के सही और नैतिक इस्तेमाल के पक्ष में है, जो यूरोप की सोच से मेल खाता है।

रिश्तों के 70 साल और नया लोगो

साल 2026 भारत और स्पेन के रिश्तों के लिए बेहद खास है। दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों के 70 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। इस मौके पर संस्कृति, पर्यटन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का दोहरा वर्ष भी मनाया जा रहा है। जयशंकर ने इस अवसर के लिए एक खास लोगो भी लॉन्च किया, जिसे एक प्रतियोगिता के जरिए चुना गया है।

डीएमके सरकार तमिलनाडु की संस्कृति, गौरव और लोगों पर हमले कर रही: पीयूष

चेन्नई। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि एनडीए तमिलनाडु से डीएमके की सरकार को हटाने के लिए समर्पित है। उन्होंने आरोप लगाया कि डीएमके सरकार तमिलनाडु की संस्कृति, तमिलनाडु के गर्व और तमिलनाडु लोगों पर हमले कर रही है। अम्मा मक्कल मुनेत्र कषगम के नेता टीटीवी दिनाकरन ने एनडीए के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का एलान किया है। इस दौरान पीयूष गोयल ने कहा कि एनडीए मिलकर काम करेगा और तमिलनाडु में डीएमके गठबंधन को हराएगा। टीटीवी दिनाकरन के फिर से एनडीए में शामिल होने के सवाल पर पीयूष गोयल ने कहा, 'मैं इस बात से खुश हूं कि मेरे अच्छे दोस्त और वरिष्ठ नेता दिनाकरन जी ने एनडीए परिवार में फिर से शामिल होने का फैसला किया है। वे मेरे पिता के साथ राज्यसभा में सेवाएं दे चुके हैं और तभी से मैं उनके अच्छे कामों और उनकी नेतृत्व क्षमता के बारे में जानता हूं। मेरे बड़े भाई और एआईएडीएमके के नेता ई पलानीस्वामी और मेरे भाई और अच्छे दोस्त अंबुमणि रामदास और एनडीए के सहयोगी जीके वासन, हम सभी डीएमके की भ्रष्ट सरकार को हटाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

एशियन वाटरबर्ड सेंसस के तहत गणना 126 प्रजातियों के 5806 प्रवासी पक्षी मिले

विकासनगर/हरबर्टपुर। उत्तराखंड में एशियन वाटरबर्ड सेंसस के तहत चल रहे प्रवासी पक्षियों की गिनती का अभियान आसन वेटलैंड में चलाया गया। इस दौरान 126 प्रजातियों की 5806 पक्षियों की गणना की गई। गणना के दौरान कुछ ऐसी प्रजातियों के पक्षी भी वेटलैंड में दिखाई दिए जो या तो दुर्लभ हैं या फिर संकटग्रस्त श्रेणी में आते हैं। गणना में भारी संख्या में पक्षी प्रेमी, स्वयंसेवक, छात्र-छात्राएं व वनकर्मी शामिल रहे। अंतरराष्ट्रीय जलपक्षी गणना के 40वें और भारतीय जलपक्षी गणना के 60वें अभियान के तहत आसन वेटलैंड में प्रवास कर रहे पक्षियों की गणना की गई। इस दौरान स्टेप ईगल, कॉमन पोचार्ड, फेरूगिनस डक, इजिप्शियन वल्चर, पालाश फिश ईगल, एशियन वूली नेक्ड स्टॉर्क, रिवर लैपविंग जैसी दुलर्भ व संकटग्रस्त प्रजातियों के पक्षी भी वेटलैंड में दिखाई दिए।

संभल हिंसा के मास्टरमाइंड शारिक साठा की संपत्ति कुर्क

संभल। संभल एएसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि संभल हिंसा का मास्टर माइंड शारिक साठा थाना नखासा क्षेत्र के मौहल्ला दीपा सराय के पजाया में घर है. धारा 84 के अंतर्गत न्यायालय से उद्घोषणा जारी की गई थी. समय सीमा के अंदर न्यायालय में पेश नहीं होने के कारण अब संबंधित न्यायालय से कुर्की के वारंट जारी कर दिए गए। सिंह ने बताया कि टीम बनाकर न्यायालय के आदेशों का पालन कराया जाएगा. उसके विरुद्ध अन्य जो भी वैधानिक कार्रवाई है. सभी चल रही हैं और न्यायालय से कुर्की वारंट लिए गए हैं। पुलिस के अनुसार, शारिक साठा लगातार फरार चल रहा है. उसकी गिरफ्तारी के लिए कई बार दबिशें दी गईं, लेकिन वह हाथ नहीं लगा. इससे पहले भी उसके खिलाफ वारंट और गैर-जमानती वारंट जारी किए जा चुके थे. अदालत ने उसकी संपत्ति कुर्की की उद्घोषणा भी की थी, लेकिन निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद भी वह हाजिर नहीं हुआ। एसआईटी की रिपोर्ट में बताया गया है कि शारिक की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, शारिक साठा वर्ष 2020 से भारत से बाहर फरार है। दिल्ली की जेल से छूटने के बाद वो फर्जी पासपोर्ट बनवा कर दुबई चला गया था।

जापानी पूर्व पीएम शिंजो आबे के हत्यारे को उम्रकैद

टोक्यो। जापान के नारा शहर की जिला अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के हत्यारे को आज बुधवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। आबे की तीन साल पहले नारा में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना ने सारी दुनिया को झकझोर दिया था। जज ने पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या को बेहद घिनौना और दुर्भावनापूर्ण अपराध बताया जापान टुडे अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, पीठासीन जज ने टिप्पणी की जहां बड़ी भीड़ मौजूद थी, वहां घर में बनी बंदूक का इस्तेमाल करना बेहद घिनौना और दुर्भावनापूर्ण अपराध था।

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

रुपया डॉलर के मुकाबले फिर धड़ाम, 31 पैसे गिरकर सर्वकालिक निचले स्तर पर

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में सतर्कता और डॉलर की मजबूत मांग के बीच बुधवार को शुरुआती कारोबार में भारतीय रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले तेज गिरावट के साथ रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। रुपया 31 पैसे टूटकर डॉलर के मुकाबले 91.28 के स्तर पर आ गया।फॉरेक्स कारोबारियों के अनुसार, बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता और अमेरिका से मिल रहे विस्तारवादी संकेतों के चलते निवेशकों में जोखिम से बचने का रुख बढ़ा है। इसका दबाव उभरती अर्थव्यवस्थाओं की मुद्राओं पर बना हुआ है, जिसमें भारतीय रुपया भी शामिल है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में, रुपया 91.05 पर खुला और डॉलर के मुकाबले 91.28 पर कारोबार करते हुए कमजोर हुआ, जो पिछले बंद भाव से 31 पैसे कम है। मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 7 पैसे गिरकर रिकॉर्ड निचले स्तर 90.97 पर बंद हुआ।

सीआर फॉरेक्स एडवाइजर्स के एमडी अमित पबारी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा व्यापार युद्ध की बयानबाजी को फिर से शुरू करने और ग्रीनलैंड पर अपना दबाव बढ़ाने से बाजार पहले से ही अस्थिर थे। अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड चार महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जबकि डॉलर लगातार दूसरे दिन कमजोर हुआ।

भारत ने वैश्विक निवेशकों के सामने अपनी मजबूती का लोहा मनवाया

नई दिल्ली। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) की सालाना बैठक 2026 के दौरान भारत के राज्यों ने वैश्विक निवेशकों के सामने अपनी मजबूती का लोहा मनवाया है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात और झारखंड के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडलों ने दावोस में दुनिया की दिग्गज कंपनियों के साथ चर्चा की हैं। इस बार का फोकस पारंपरिक उद्योगों से हटकर ग्रीन एनर्जी, डेटा सेंटर्स, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और सस्टेनेबिलिटी पर है। यहां पढ़ें दावोस 2026 में भारतीय राज्यों की प्रमुख उपलब्धियों और निवेश वार्ताओं का पूरा सार।

पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत की शानदार जीत

नई दिल्ली। भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत ने इंडोनेशिया मास्टर्स 2026 के पहले राउंड में जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में प्रवेश कर लिया है। सिंधु ने जापान की मनामी सुइजू को सीधे गेम में 22-20, 21-18 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई।

पहले गेम में सिंधु की शुरुआत निराशाजनक रही थी और मिड-गेम ब्रेक तक वह 2-11 से पीछे थीं, लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह पॉइंट बनाकर गेम 22-20 से अपने नाम किया। दूसरे गेम में उन्होंने शुरुआत से बढ़त बनाए रखी और अंततः 21-18 से जीत दर्ज की। दूसरे राउंड में सिंधु का मुकाबला डेनमार्क की लाइन केयर्सफेल्ड या चीन की हान कियान शी के साथ होगा। वहीं, किदांबी श्रीकांत ने पहले राउंड में जापान के कोकी वतनबे को 21-15, 21-23, 24-22 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। पहले गेम में श्रीकांत ने आक्रामक शॉट्स के दम पर आसानी से जीत हासिल की। दूसरे गेम में श्रीकांत से कुछ गलतियां हुईं और वतनबे ने इसे 23-21 से जीत लिया। तीसरे और निर्णायक गेम में 7-4 की बढ़त के बावजूद श्रीकांत को कई बार अपनी पकड़ बनाए रखने में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन आखिरी मौके पर उनके आक्रामक स्ट्रोक ने जीत दिलाई।

फिल्म 'ओ रोमियो' का धांसू ट्रेलर रिलीज

मुंबई। शाहिद कपूर की फिल्म 'ओ रोमियो' का ट्रेलर आज 21 जनवरी को रिलीज हो चुका है। ट्रेलर में रोमांस से लेकर एक्शन का तालमेल दिखाया गया है। इस फिल्म को देखकर फैंस को शाहिद की फिल्म 'कबीर सिंह' की याद जरूर आ जाएगी। शाहिद कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'ओ रोमियो' का ट्रेलर शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'उस्तरे से पंगा नहीं लेने का, शरीर से आत्मा काट के ले जाता है।' विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित फिल्म 'ओ रोमियो' 13 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शाहिद के इस पोस्ट पर कई फैंस ने फायर और लाल दिल वाले इमोजी शेयर किए हैं।

'ओ रोमियो' के ट्रेलर में आपको रोमांस के साथ भरपूर एक्शन देखने को मिलेगा। ट्रेलर में माधुरी के मशहूर गाने 'धक-धक' पर शाहिद गुंडों की जमकर पिटाई करते नजर आए। तो वहीं दिशा पाटनी के साथ शाहिद का एक धमाकेदार आइटम नंबर भी देखने को मिला। ट्रेलर में शाहिद और तृप्ति डिमरी के अलावा तमन्ना भाटिया, विक्रांत मैसी, नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी और फरीदा जलाल की झलक भी दिखाई गई।

'धुरंधर 2' के टीजर को सेंसर बोर्ड से मिली रेटिंग

मुंबई। 'धुरंधर 2' की घोषणा के बाद से ही रणवीर सिंह के फैंस इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर 2' का टीजर सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर 2' की प्रिंट्स के साथ अटैच किया गया है। सिनेमाघरों में रिलीज से पहले ही सेंट्रल बोर्ड ऑफफिल्म सर्टिफिक्रेशन ने टीजर को रेटिंग दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टीजर का पूरा नाम धुरंधर 2 - द रिवेंज है। यह टीजर 1 मिनट 48 सेकंड लंबा है और इसे सिनेमाघरों में सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर 2' के साथ दिखाया जाएगा। ',' रेटिंग मिलने की वजह से इसे सिर्फ 18+ उम्र के लोग ही देख सकते हैं। 'धुरंधर 2' का टीजर ऑनलाइन नहीं, बल्कि थिएटर में सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर 2' की रिलीज के दौरान दिखाया जाएगा। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग 'धुरंधर 2' के टीजर को देख सकें।

न्यूज गैलरी

पहाड़ी कोरवा परिवारों को तीन महीने से नहीं मिला राशन

कोरबा/नवप्रदेश। विकासखंड कोरबा के ग्राम पंचायत नकिया के पहाड़ी कोरवा परिवारों को 3 महीने से राशन नहीं मिल रहा है। सोमवार को जनदर्शन में कलेक्टर कुणाल दुदावत को अपनी समस्या बताई। उनका कहना था कि दुकान संचालक फिंगर प्रिंट लेने के बाद राशन नहीं दे रहा है। कलेक्टर ने दो दिनों के भीतर राशन वितरण कराने के निर्देश दिए हैं। पहाड़ी कोरवाओं ने बताया कि राशन नहीं मिलने के कारण बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। दुकान संचालक राशन नहीं होना बताकर वापस भेज देता था। इसकी वजह से ही उन्हें 70 किलोमीटर दूर कलेक्टर जनदर्शन में आना पड़ा। सूत्रों की मानें तो यहां दुकान का संचालन समूह करती है। संचालन करने वालों के खिलाफ एफआईआर कराई जाएगी। इसके बाद राशन का भी समायोजन कराएंगे। सभी परिवारों को समय पर राशन मिले इसका प्रयास किया जा रहा है।

टू-लेन सड़क बनाने 127 लोगों को कब्जा हटाने नोटिस जारी

कोरबा/नवप्रदेश। बरमपुर-दर्री बैराज तक 8.20 किलोमीटर टू लेन सड़क बनाने 127 लोगों को कब्जा हटाने नोटिस जारी किया गया है। यही नहीं मलबे मुआवजा देने के लिए 2.9 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इस सड़क की लागत 83 करोड़ है। सड़क के लिए 53 करोड़ और पुल के लिए 17 करोड़ का टेंडर जारी हुआ है। शहर से गुजरी दायीं और बायीं तट नहर के दोनों ओर 20 से 50 मीटर जमीन बेजा कब्जा की भेंट चढ़ गई। शहर के बीच से 12 किलोमीटर लंबी नहर गुजरी है। दूसरी ओर नहर की निगरानी के लिए पूरा अमला है, लेकिन किसी ने बेजा कब्जा रोकने का प्रयास नहीं किया। अब जमीन की जरूरत दृ पड़ने पर हटाने के लिए मुआवजा भी देखना पड़ रहा है। दर्री बराज से 40 साल पहले दायीं और बायीं तट नहर सिंचाई के लिए बनाई गई है। यहां से नहर जांजगीर-चांपा जिले के चंद्रपुर और शिवरीनारायण तक गई है। शहर में नहर किनारे दायीं तट नहर प्रगतिनगर होते हुए बरमपुर, सर्वमंगला होते हुए कनकी तक गई है। बाईं तट नहर कोहड़िया से होते हुए 15 ब्लॉक, पंप-हाउस, टीपीनगर, राताखार,-तुलसीनगर, इमलीडुग्गू, संजय नगर, सीतामढ़ी से आगे बरबसपुर- उरगा से होकर आगे निकलती है। इसके किनारे ही अब कई बस्तियां बस गई हैं। लोगों ने पक्के मकान भी बना लिए हैं। यहां तक कि नहर के ऊपर को भी लोग बेजा कब्जा कर रहे हैं। इसके बाद भी विभाग के अधिकारी कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। रास्ते को घेरकर रखा गया है। इसकी जानकारी लोगों ने अफसरों को दी थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। निगम ने यातायात के दबाव को कम करने के लिए सुनालिया नहर पुल से लेकर राताखार पुल तक सड़क बनाने सर्वे किया है। शुरुआत में ही दुकानें बन गई है।

सरगुजा ओलम्पिक 2026 : पंजीयन कार्य में तेजी लाने दिए निर्देश

जशपुर/नवप्रदेश। सरगुजा ओलम्पिक 2026 के आवश्यक तैयारियों पर सरगुज़ा संभागायुक्त नरेन्द्र दुग्गा ने मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से संभागस्तरीय बैठक ली। जिला कलेक्टरेट कार्यालय अम्बिकापुर के एनआईसी कक्ष में पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के डायरेक्टर तूलिका सलाम, कलेक्टर सरगुजा अजीत वसंत,संभागस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में वर्चुअल रूप से सरगुज़ा सम्भाग के समस्त जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, सम्बंधित अधिकारी जुड़े। जशपुर जिले से वर्चुअल के माध्यम से कलेक्टर रोहित व्यास, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, खेल अधिकारी और सभी जनपद पंचायत सीईओ वर्चुअल के माध्यम से सीधे जुड़े थे।

आगामी सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम में शत-प्रतिशत दवा खिलाने का लक्ष्य

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में फाइलेरिया रोग से मुक्ति के उद्देश्य से सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए) की शुरुआत आगामी 10 फरवरी 2026 से की जाएगी। इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु 20 जनवरी 2026 को स्वास्थ्य भवन, अटल नगर, रायपुर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें आज 07 जिलों के जिला मलेरिया अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी, व्ही.बी.डी. सलाहकार, व्ही.बी.डी. टेक्निकल सुपरवाईजर उपस्थित थे 7 इस अवसर पर संयुक्त निदेशक, एन.सी.व्ही.बी.डी.सी, भारत सरकार, डॉ रिंकू शर्मा ने भी वर्चुअल रूप से जुड़कर प्रतिभागियों से संवाद किया । प्रशिक्षण कार्यक्रम में संचालक महामारी नियंत्रण डॉ. सुरेन्द्र पामभोई, क्षेत्रीय संचालक डॉ. संदीप जगदंड, डॉ. सरीफ सी.एम.ओ, क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार,राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जीतेन्द्र कुमार, विश्व स्वास्थ्य संगठन से एन.पी.ओ, दिल्ली, एवं राज्य कोऑर्डिनेटर तथा जोनल समन्वयक, राज्य सलाहकार, प्रतिनिधि, पी.सी.आई. से राज्य कार्यक्रम प्रबंधक एवं टीम तथा ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटेजी से वरिष्ठ प्रबंधक एवं अन्य सहयोगी भी उपस्थित थे।

जीजा ने रिश्तेदारों संग मिलकर साली से किया गैंगरेप, तीन अरेस्ट

बलरामपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर रामानुजगंज जिले में शादीशुदा महिला से गैंगरेप हुआ है। काम दिलाने के बहाने जीजा

ने साली को अपने रिश्तेदार के घर बुलाया। जहां 2 लोग पहले से मौजूद थे। इस दौरान आरोपियों ने महिला को जबरदस्ती शराब पिलाई। फिर तीनों युवकों ने बारी-बारी से महिला से रेप किया। मामला वाड्रफनगर चौकी क्षेत्र का है। महिला को जब होश आया तो उसकी हालत गंभीर थी। आरोपियों ने महिला को 200 रुपए देकर बस में बिठाया और सब भाग गए। महिला अंबिकापुर पहुंची और पुलिस को अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, 40 वर्षीय महिला को उसके पति ने छोड़ दिया था, जिसके बाद से वह मायके में रहती थी। काम की तलाश में थी। इसी का फायदा उठाकर तीनों ने वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर में महिला का इलाज जारी है। पुलिस के मुताबिक, सभी तीनों आरोपी और महिला एक ही समाज के है। दूर दराज के रिश्ते में भी है। तेजमारी गौतम और दीपक विश्वनाथ दोनों वाड्रफनगर में रहकर पढ़ाई करते थे। इसमें से तेजमारी रवि चंद का रिश्ते में भांजा है। रवि चंद महिला को इन्हीं के रूम लाया था। महिला ने अपने जीजा रवि चंद से काम दिलाने की बात कही थी। जिसके बाद रवि चंद ने महिला से फोन पर कहा कि वह उसे मजदूरी का काम दिलाएगा।

रायपुर में हर्ष फायरिंग फेल, ट्रिगर ही नहीं खींच पाए कई जवान

गणतंत्र दिवस परेड की तैयारी में गजब हालात, फटकार लगाते हुए बोले एडीजी- आज तक कभी ऐसा नहीं देखा

अभ्यास से दूर करेंगे | नक्सल ऑपरेशन के एडीजी विवेकानंद सिन्हा ने कहा कि, गणतंत्र दिवस परेड अभ्यास में सशस्त्र बल के अलग-अलग प्लाटून भाग ले रहे हैं। ऐसे में बल के नए जवानों को हर्ष फायर परेड सिक्वेंस समझने में समय लग रहा है, जल्द अभ्यास से दूर करेंगे।

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस परेड ग्राउंड पर गणतंत्र दिवस परेड के अभ्यास के दौरान मंगलवार को अजीब हालात बन गए। हर्ष फायरिंग के अभ्यास के दौरान कई जवान रायफल का ट्रिगर ही नहीं खींच पाए। लोड करने से लेकर एक लय में फायर करने की प्रक्रिया तक, सब कुछ गड़बड़ था। इसे देखकर अभ्यास परेड की सलामी ले रहे विवेकानंद सिन्हा एडीजी नक्सल ऑपरेशन सशस्त्र बल बेहद नाराज हो गए। उन्होंने प्लाटून्स को फटकार लगाते हुए कहा कि वह 2021 से लगातार गणतंत्र दिवस परेड अभ्यास में शामिल हो रहे हैं, लेकिन आज तक कभी ऐसा नहीं देखा कि हमारी सेना के प्लाटून्स हर्ष फायर में फेल हुए हो। यह एक एंटी नक्सल मूवमेंट् वाले जवानों के लिए शर्मनाक है। उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए सभी प्लाटूनों से आगे के परेड अभ्यास में सुधार करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने को कहा। बता दें कि 10 जनवरी से पुलिस परेड ग्राउंड पर सेना व पुलिस बल के जवान परेड अभ्यास कर रहे हैं। गणतंत्र दिवस परेड समारोह में महज पांच दिन शेष रह गए हैं। पिछले 10 दिनों में अभ्यास के बाद भी उत्कृष्ट परेड प्लाटून समारोह के सलामी के लिए दक्ष नहीं हो सके हैं। यही वजह रही कि एडीजी खासे नाराज हुए और उन्होंने जवानों को चेतावनी दी।

अभ्यास में सेना के यह प्रमुख बल

गणतंत्र दिवस परेड प्लाटून में सेना के प्रमुख बलों में सीमा सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल, भारत-तिब्बत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, छत्तीसगढ सशस्त्र बल, केंद्रीय औद्योगिक बल के जवान शामिल हैं। इस अभ्यास सत्र के दौरान सेना के जवान खुद को गणतंत्र दिवस परेड पर सेना के शौर्य और साहस का उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार कर रहे हैं।

जवान रायफल की खामियां बताते रहे

हर्ष फायर फेल होने के बाद एडीजी की फटकार के साथ जवान सफाई देते नजर आए। कई ने रायफल के तकनीकी पहलुओं का जिक्र करते हुए फायरिंग फेल होने का दोष उस पर ही मढ़ दिया। सभी को समझाइश दी गई है। उनको 15 अगस्त से पहले फायर के लिए ट्रेंड होना है।

छत्तीसगढ़ भूमि गाइडलाइन: सीएम विष्णुदेव साय के सुशासन में पंजीयन व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जा रहा

गांव से शहर तक ऐतिहासिक सुधार, पारदर्शी मूल्यांकन से खत्म होगा कालाधन और विवाद

■ **गाइडलाइन दरों में जन हितैषी सुधार जनता के लिए संकल्पित**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में भूमि प्रशासन के क्षेत्र में सबसे बड़े और व्यापक सुधारों में से एक लागू किया गया है।

वर्ष 2025-26 के लिए नई जमीन गाइडलाइन दरें 20 नवंबर 2025 से पूरे राज्य में लागू कर दी गई हैं, जो सात वर्षों के अंतराल के बाद संशोधित की गई हैं। इन गाइडलाइनों का उद्देश्य भूमि के वास्तविक बाजार मूल्य और सरकारी मूल्य के बीच बन रहे अंतर को समाप्त करना, पंजीयन व्यवस्था को पारदर्शी बनाना और काले धन के लेनदेन पर रोक लगाना है। यह सुधार किसानों, आम नागरिकों, निवेशकों और उद्योगों के लिए नई संभावनाओं का द्वार खोल रहा है।

सात साल बाद लागू हुआ व्यापक दर संशोधन: छत्तीसगढ़ में जमीन गाइडलाइन दरें वर्ष 2019-20 के बाद पहली बार वर्ष 2025-26 में संशोधित की गई हैं। साय सरकार ने यह स्पष्ट किया कि, पहले बाजार मूल्य वास्तविकता से काफी अलग हो चुके थे, जिससे भूमि सौदों और पंजीयन में असमानता बढ़ रही थी। नई दरों में शहरी क्षेत्रों में औसतन 20त्न और ग्रामीण क्षेत्रों में 500त्न तक की बढ़ोतरी की गई है, जिससे पुरानी दरों के कारण बना बड़ा अंतर खत्म हुआ है। यह बदलाव बाजार में पारदर्शिता लाकर जमीन की खरीद-फरोख्त को सरल और यथार्थपरक बनाता है।

शहरी इलाकों में कंडिकाओं की संख्या घटाकर प्रक्रिया सरल की गई

शहरी क्षेत्रों में जमीन की गाइडलाइन कंडिकाओं की जटिलता लंबे समय से लोगों के लिए भ्रम का कारण थी। सरकार ने इसे सरल और समझ में आने योग्य बनाने के लिए कई नगरपालिकाओं में कंडिकाओं की संख्या 56 से घटाकर 26 तथा विभिन्न नगर पंचायतों में 253 से घटाकर 105 कर दी है। इससे रेट समझना आसान हुआ है, और अब एक ही क्षेत्र में अलग-अलग दरों की समस्या खत्म हो गई। यह कदम शहरों में रियल एस्टेट निवेश को सुगम बनाता है और पारदर्शिता बढ़ाता है।

मूल्यांकन और पंजीयन के नए नियम

8 दिसंबर 2025 के बाद लागू नए नियम जमीन और आवासीय संपत्तियों के मूल्यांकन को और वैज्ञानिक बनाते हैं। नगरीय क्षेत्रों में 1400 वर्ग मीटर तक के प्लाटों के लिए इंक्रीमेंटल प्रणाली खत्म कर पूर्व स्लैब-आधारित मॉडल लागू किया गया है, जिससे मूल्यांकन सरल हो गया है। फ्लैट्स और ऑफिस संपत्तियों के लिए बाजार मूल्य सुपर बिल्ट-अप एरिया के आधार पर नहीं, बल्कि पुराने तरीके से फर्श आधारित दरों पर किया जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्रों की दरों में वैज्ञानिक और न्यायसंगत वृद्धि

वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन के वास्तविक मूल्य तेजी से बढ़ रहे थे, जबकि सरकारी दरें उस अनुपात में संशोधित नहीं हो पा रही थीं। नई गाइडलाइन में मुख्य मार्ग से सटी भूमि की दरें औसतन 109त्न तथा अंदरूनी भूमि की दरें 105त्न-120त्न तक बढ़ाई गई हैं। इससे गाँव-दर-गाँव बनी दरों की असमानता खत्म हुई है। अब समान भूगोल, समान मार्ग और समान आर्थिक स्थिति वाले गांवों के लिए एक जैसी दरें तय हुई हैं। यह ग्रामीण विकास, निवेश और भूमि अधिग्रहण के लिए बेहद सकारात्मक वातावरण तैयार करता है, जिससे किसानों को अधिक न्यायसंगत मुआवजा मिलेगा।

कलेक्टर ने उड़नदस्ता टीम को सभी चेक पोस्ट पर विशेष निगरानी रखने के दिए निर्देश

जशपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली और आगामी 24 और 25 जनवरी को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के आगमन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोतबा, मयाली में विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री कोतबा में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन और आम सभा को भी सम्बोधित करेंगे इसी प्रकार कुनकुरी विकास खंड के मयाली में भी विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए लोकार्पण भूमिपूजन की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। और कार्यक्रम की तैयारी सुनिश्चित करने के लिए कहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार सहायक कलेक्टर श्री अनिकेत अशोक, अपर कलेक्टर श्री प्रदीप कुमार साहू सभी एसडीएम जनपद सीईओ और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारियों को छुटे हुए सभी व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं।

बीपीएल कार्डधारकों का सत्यापन, 60 हजार से ज्यादा निकले अमीर, इनकम टैक्स भरने वाले किए गए आउट

रायपुर/नवप्रदेश। वन नेशन वन कार्ड योजना के तहत प्रत्येक राशन कार्ड सदस्य को ई-केवायसी कराना अनिवार्य करने के बाद अब बीपीएल कार्ड धारकों का भी भौतिक सत्यापन किया जा रहा है कि कार्ड धारक बीपीएल की श्रेणी के लिए पात्र है भी या नहीं। इसके लिए प्रत्येक कार्ड धारक के बैंक खाता में लेनदेन चेक किया जा रहा है कि कहीं वह इनकम टैक्स दे रहा है या फिर इसके दायरे में तो नहीं आता।

इस जांच के दौरान छत्तीसगढ़ में अब तक 60 हजार से अधिक ऐसे बीपीएल कार्ड धारकों का पता चला है, जो इंकम टेक्स दे रहे हैं या उसके दायरे में आते हैं। इन सभी कार्डों को विभाग ने निरस्त कर दिया है। निरस्त किए गए कार्ड धारक अब एपीएल कार्ड ही बनवा पाएंगे। इसके लिए उन्हें अब नए सिरे से कार्ड बनवाने के लिए आवेदन करना होगा।

बीपीएल श्रेणी का कार्ड बनाने के लिए कार्ड धारक एवं उसके परिवार के सदस्यों को गरीबी रेखा से नीचे होना अनिवार्य है। इसके तहत कार्ड धारक की सालाना आय दो लाख से कम हो, असिंचित भूमि 7.5 एकड़ से ज्यादा न हो, कृषि भूमि 5 एकड़ से ज्यादा न हो, सरकारी नौकरी न हो जैसे कई नियम बने हुए हैं। इन नियमों के तहत पात्र लोगों के ही बीपीएल कार्ड बनाए जा सकते हैं। प्रदेश में ऐसे भी कई बीपीएल कार्ड धारक है जिनके पास 5 एकड़ से अधिक कृषि भूमि एवं 7.5 एकड़ से अधिक असिंचित भूमि है।

खाद्य विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार रायपुर जिले में ही 10 हजार से अधिक बीपीएल कार्ड निरस्त किए गए हैं। ये सभी कार्ड धारक बीपीएल श्रेणी में अपात्र पाए हैं। इनमें ज्यादातर कार्ड धारक इंकम टैक्स के दायरे में मिले हैं, जिनका बैंक खाता में सालाना 6 लाख रुपए से अधिक का ट्रांजेक्शन है। यानी इन खाता कार्ड धारकों की सालाना आय 6 लाख से अधिक मान ली गई है। इसके अलावा ऐसे भी कार्ड धारक हैं, जो इंकम टैक्स देते हैं। इस तरह इन लोगों के काडों को निरस्त कर दिया गया है।

परीक्षा पे चर्चा 2026: प्रथम चरण में महासमुंद की बेटी सृष्टि साहू का हुआ चयन, दिल्ली आने का निमंत्रण

रायपुर/नवप्रदेश। परीक्षा पे चर्चा के नवें संस्करण में इस वर्ष भी विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षकों में व्यापक उत्साह देखने को मिला। पंजीयन की अंतिम तिथि 11 जनवरी 2026 तक छत्तीसगढ़ राज्य से कुल 29.29 लाख प्रतिभागियों ने पोर्टल पर अपना पंजीयन कराया। यह आंकड़ा गत वर्ष की तुलना में 7.16 लाख अधिक है, जो कार्यक्रम के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाता है।

गत वर्ष पंजीयन के मामले में छत्तीसगढ़ देश में प्रथम स्थान पर रहा था, जबकि इस वर्ष अंडमान एवं निकोबार, चंडीगढ़ एवं लक्षद्वीप के बाद राज्य को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। विशेष रूप से

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष राज्य से 1.41 लाख पालकों द्वारा पंजीयन किया गया, जो पालकों की शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता का स्पष्ट संकेत है। प्रथम चरण में विद्यार्थियों के चयन हेतु जिलों से विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों से संबंधित वीडियो आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित तिथि तक कुल 171 विद्यार्थियों के वीडियो प्राप्त हुए। गठित समिति द्वारा इन वीडियो का गहन परीक्षण किया गया, जिसके उपरांत 18 विद्यार्थियों का चयन कर उनका विवरण केंद्र को भेजा गया। चयनित विद्यार्थियों में पीएमश्री विद्यालय से 04, सेजस से 06, निजी विद्यालयों से 04, शासकीय विद्यालयों से 03 तथा केजीबीव्ही से 01 विद्यार्थी शामिल हैं। केंद्र की समिति द्वारा महासमुंद जिले के स्वामी आत्मानंद विद्यालय, नयापारा की गणित संकाय की कक्षा 12वीं की छात्रा कु. सृष्टि साहू का चयन किया गया है। कु. सृष्टि साहू, पिता नरेन्द्र कुमार साहू एवं माता दिनेश्वरी साहू को 21 जनवरी 2026 को दिल्ली में आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया गया है।

छत्तीसगढ़ की धरती जनजातीय शौर्य और बलिदान की साक्षी : साय

मुख्यमंत्री शहीद शिरोमणि गैंदसिंह के 201वें शहादत दिवस एवं श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में हुए शामिल

रायपुर /नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज के तत्वावधान में साइंस कॉलेज ग्राउंड रायपुर में आयोजित शहीद शिरोमणि गैंदसिंह के 201वें शहादत दिवस एवं श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने महान जनजातीय नायक एवं स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत शहीद गैंदसिंह का पुण्य स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री साय ने शहीद गैंदसिंह के सम्मान में नया रायपुर में चौक के नामकरण एवं मूर्ति स्थापना, चंगोराभाटा स्थित समाज के सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार, तथा बालोद जिले के देवरी, कांकेर जिले के मरकाटोला, दानीटोला, नगरी, डोंगरगांव एवं बस्तर जिले के भानपुरी तथा करूटोला में हल्बा समाज के सामाजिक केंद्रों के निर्माण हेतु प्रत्येक स्थान के लिए 10-10 लाख रुपये प्रदान किए जाने की घोषणा की। इसके साथ ही ग्राम कितूर में रंगमंच निर्माण तथा चपका बस्तर में श्रीराम मंदिर के जीर्णोद्धार की भी घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि जनजातीय समाज का

इतिहास अत्यंत गौरवशाली और समृद्ध रहा है। उन्होंने कहा कि देश में स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत भले ही वर्ष 1857 से मानी जाती है, किंतु उससे बहुत पहले ही छत्तीसगढ़ की धरती पर जनजातीय क्रांतियों की गूंज सुनाई देने लगी थी। महान क्रांतिकारी शहीद गैंदसिंह अंग्रेजी हुकूमत से संघर्ष करते हुए वर्ष 1825 में शहीद हुए, और उस कालखंड में भी आदिवासी समाज ने आजादी की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाई।

ट्राइबल म्यूजियम नया रायपुर में निर्मित किया गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हुई 14 जनजातीय क्रांतियों पर आधारित ट्राइबल म्यूजियम नया रायपुर में निर्मित किया गया है, जिसका लोकार्पण स्वयं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। इस संग्रहालय में इन सभी क्रांतियों का सचित्र विवरण एवं गहन जानकारी प्रस्तुत की गई है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि सभी लोग इस म्यूजियम का अवश्य अवलोकन करें, ताकि छत्तीसगढ़ की बलिदानी धरती में जनजातीय नायकों के योगदान को भली-भांति समझा जा सके।

देश के सर्वोच्च पद पर जनजातीय समाज की बेटी

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज देश के सर्वोच्च पद पर जनजातीय समाज की बेटी राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू आसीन हैं और छत्तीसगढ़ प्रदेश का नेतृत्व भी जनजातीय समाज के बेटे के हाथों में है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए। उनके नेतृत्व में जनजातीय कार्य मंत्रालय का गठन किया गया, जो आज हजारों करोड़ रुपये के बजट के साथ जनजातीय समाज के विकास को नई दिशा दे रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com